भारतीय आधुनिक शिक्षा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसधान और प्रशिक्षण परिषद् की एक त्रैमासिक पत्रिका है। इस पत्रिका का मुख्य उद्देश्य है शिक्षको, शिक्षक-प्रशिक्षको, शैक्षिक प्रशासको तथा शोधकर्ताओ को एक मंच प्रदान करना, शिक्षा के विभिन्न आयामो जैसे शिक्षादर्शन, शिक्षा मनोविज्ञान, शिक्षा की समकालीन समस्याएं, पाठ्यक्रम एव प्रविधि सबंधी नवीन विकास, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा का स्वरूप, विभिन्न राज्यों मे शिक्षा की स्थिति आदि पर मौलिक तथा आलोचनात्मक चिंतन को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के सुधार और विकास को बढ़ावा देना। लेखको द्वारा व्यक्त किए गए विचार उनके अपने हैं। अतः ये किसी भी प्रकार परिषद् की नीतियो को प्रस्तुत नहीं करते इसलिए इस सबध में परिषद् का कोई उत्तरदायित्व नहीं है।

पूरन चन्द — *प्रधान अकादमिक संपादक*
राजकुमार गुप्त — *संपादक*
डी. साई प्रसाद — *उत्पादन अधिकारी*

आवरण कर्ण चड्ढा

मूल्य एक प्रति : 8.50 रुपए   वार्षिक : 34.00 रुपए

भारतीय आधुनिक शिक्षा

वर्ष . 21 | अक . 2 | अक्तूबर 2002

इस अंक में

भारत के अध्यापक
सशक्त एवं गतिशील परम्परा के उत्तराधिकारी

❑ जगमोहन सिंह राजपूत

अध्यापकों के कार्य निष्पादन में जो परिवर्तन महत्वपूर्ण है उसमें मानव जीवन के सभी पक्ष, सांस्कृतिक, आर्थिक, वैचारिक और तकनीकी शामिल हैं। आज शिक्षा प्रणाली तथा अध्ययन-अध्यापन में नई तकनीकी का प्रयोग करने की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। हमारे अध्यापकों को इसका प्रशिक्षण लेना है और व्यवस्थापकों को इसकी व्यवस्था करनी है। विद्यार्थियों में सृजनात्मकता के विकास के नए आयाम खुल रहे हैं। विद्यार्थियों को इस बात के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि वे प्रश्नों और परिप्रश्नों के द्वारा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान अध्यापकों के साथ मिलकर करें और बिना किसी हिचक के अपने चिंतन को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने की क्षमताओं का विकास करें। प्रत्येक अध्यापक को विद्यार्थी को ऐसे अवसर देने चाहिए जिससे एक साथ मिलकर सिखाने और सीखने की प्रक्रिया को बढ़ावा मिल सके।

किसी भी समाज में परिवर्तन को समझने के लिए और सामाजिक सामंजस्य तथा समरसता को बढ़ाने मे अध्यापको ने सदा ही योगदान किया है। सदियों से अध्यापक भावी समाज के निर्माण में अपना योगदान करते आए है। मानव विकास के इतिहास, उसकी प्रगति के विभिन्न सोपान अध्यापको के द्वारा ही विकसित और निर्मित होते रहे हैं। हमारे देश मे अध्यापकों का स्थान बहुत ही ऊंचा रहा है या यों कहे कि सामाजिक और राजनैतिक व्यवस्था मे सर्वोपरि रहा है। हमारे प्राचीन ग्रन्थ और उनमे निहित चिंतन तथा ज्ञान के भडार अध्यापको के योगदान, उनके त्याग, ज्ञानार्जन के लिए की गई तपस्या और मानव हित के लिए किए गए उनके प्रयत्नो के ही परिणाम हैं। अपने विद्यार्थियों को उन्नति की ओर अग्रसर करना, उनकी प्रगति से संवेदनात्मक स्तर पर जुड़ना और अधिक ज्ञान प्राप्ति के लिए सतत् प्रयत्न करते रहना भारतीय शिक्षा परंपरा का एक अत्यत सुदृढ़ पक्ष रहा है। भारत में गुरुकुलो और आश्रमों की परपरा अत्यंत उच्च स्तर तक पहुंची और यही सर्वोत्कृष्ट ज्ञानार्जन के केंद्र बने। बहुधा लोग इन स्थानों पर अध्ययन के लिए एकत्र होते थे। मानव सभ्यता के विकास मे भारत का योगदान अनेक क्षेत्रों में अत्यत उच्च स्तर तक हजारों वर्षो पहले ही पहुच गया था। विज्ञान, गणित, रसायनशास्त्र, आयुर्वेद, जहाजरानी, योगा इत्यादि क्षेत्रों में हमारी महान उपलब्धियों के जनक इस देश के कर्मठ अध्यापक ही रहे है।

बीसवी शताब्दी मे उपनिवेशवाद का अंत हुआ और मानव चिंतन में जो नए आयाम निकले उनमें सबसे महत्वपूर्ण प्रारंभिक शिक्षा का हर व्यक्ति तक पहुंचना विश्व स्तर पर स्वीकृत हुआ। आज के समय मे यह चुनौती भारत के सामने भी खड़ी है। हमारे साधन सीमित है और उन सीमित साधनों के रहते हुए भी शिक्षा को सर्व सुलभ बनाना है, उसकी गुणवत्ता को बढ़ाना

है और उसकी उपयोगिता के द्वारा हर स्तर पर उसकी स्वीकार्यता को भी आगे ले जाना है। इस कार्य को करने का बीड़ा भी इस देश के अध्यापकों के समक्ष रखा गया है। अपने कर्तव्य का वह उसी कर्मठता से आज भी पालन कर रहे है जिसकी विरासत उन्हे हजारों सालों से मिली हुई है।

विश्व के धनाढ्य देशों के लोग जो भारत की स्थितियों से परिचित हैं, आश्चर्यचकित होकर यह प्रश्न पूछ रहे हैं कि भारतीय विद्यार्थी आज विश्व स्तर पर सुविधा सपन्न देशों और स्कूलो के विद्यार्थियों के साथ कैसे बराबरी का कार्य करने की क्षमता रखते है, और किस प्रकार वे सभी से आगे निकल जाते है। उदाहरण के लिए संचार तकनीकी और डाक्टरी अध्ययन के क्षेत्र ऐसे है जहां भारतीय विद्यार्थियों का लोहा सारा विश्व मानता है। अध्यापकों के सामने जो नई चुनौतिया आती रहती हैं उनके परिमाण आज अत्यंत अधिक बढ़ गए है। आज कहा जाता है कि सारा विश्व कक्षा के अंदर सिमट गया है। संचार तकनीकी ने इसे संभव बनाया है। आज सूचना अत्यत अधिक मात्रा और सख्या में उपलब्ध है और आवश्यकता यह है कि जो नए परिवर्तन द्रुत गति के साथ हो रहे है उन्हे समझा जाए। सूचनाओं के क्षेत्रों में जो बढ़ोतरी हो रही है, उसमें से उपयोगी को निकालने का कौशल सीखा जाए और शिक्षा एक ज्ञान-समाज की ओर ले जाने के लिए हर विद्यार्थी को प्रेरित कर सके। अपने आप मे यह एक बहुत बड़ी चुनौती है। इसका सामना करने के लिए हमारे अध्यापकों को स्वाध्याय और स्व-निर्देषित अध्ययन को जीवन का अग बनाना होगा। यहां पर मैं भी यह कहना चाहूंगा कि भारतीय परंपरा में आचार्य और अध्यापक वही होता है जो सतत् अध्ययन करता रहता है और अपने आचरण से नई पीढ़ी के सामने ही नहीं बल्कि समाज के सामने स्वीकार्य आचरण प्रस्तुत करता है।

आचार्य केवल स्वयं अनुकरणीय आचरण करे और शिष्य उसका अनुसारण करे, इतना ही पूर्ण रूप से आचार्य शब्द की व्याख्या नही करता है। आचार्य स्वयं जैसा आचरण करता है वैसा ही दूसरों से भी कराता है। स्वयं लगातार पढ़ता रहता है और दूसरो को भी पढ़ने को प्रेरित करता है और उनसे अपनी ही भांति पढ़वाता है। आज के संदर्भ में शिक्षाशास्त्री बहुधा कहते हैं कि पढ़ने-पढ़ाने की प्रक्रिया 'पार्टनरशिप बेस्ड' यानी शिक्षक-विद्यार्थी की भागीदारी की होनी चाहिए। समानता स्पष्ट है। अध्यापक भी तैयारी करे, विद्यार्थी भी करें फिर दोनों साथ-साथ मिलकर सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं। प्रश्न-परिप्रश्न इस प्रक्रिया को गहन बनाते हैं और सीखने वाले के क्षितिज को विस्तार देते है। अब यदि शिक्षक का अपना अध्ययन और अनुशीलन का क्षेत्र ही सीमित होगा तो वह विद्यार्थी का क्षितिज कैसे बढ़ा पाएगा? ज्ञान के अथाह सागर में से लगातार कुछ प्राप्त करते रहने का एक ही उपाय है– स्वाध्याय, चिंतन, मनन, उपयोग जो कुछ मिले उसे और परिष्कृत करते रहने की इच्छा। यह इच्छा धीरे-धीरे अपने आप ही बढ़ती जाती है और खोजने वाला असीम आनद और उपलब्धि का सुख पाने लगता है। फिर जब वह इसे अपने शिष्यों के साथ बांटता है तो यह अत्यंत आनद बोध की स्थिति होती है जिसकी उपयोगिता असीम होती है।

इसी प्रकार की सुदृढ़ परंपराओं से अत्यंत ओजस्वी, गहन तथा शास्वत सत्य को मुखरित करने वाला ज्ञान भंडार भारत के प्राचीन ग्रंथों मे समाहित है और इसे समझने वाले इसकी गहनता को और अधिक पहचानने और जानने का प्रयास करते हैं। **'न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते'** इसी प्रक्रिया की वैज्ञानिकता को परख कर कहा गया है– शुद्ध ज्ञान सत्य का प्रतिरूप है। वह आशंकाओ का निवारण करता है। इसे पाने में ज्ञानवान तथा लगनशील अध्यापक की सहायता की आवश्यकता होती है। शुद्ध ज्ञान को और शुद्ध तथा समृद्ध बनाने में अध्यापक ही प्रेरणा का स्रोत होता है और साथी-शोधक भी होता है। सदियों से अध्यापन की योग्यता के लिए तीन गुण आवश्यक माने जाते रहे हैं। सबसे प्रथम है ज्ञान मे अभिरुचि। सीखता रहे और उसमें उपलब्धि तथा आनंद का अनुभव करे अन्यथा शृंखला स्वय ही टूट जाएगी, जितना सीखा है उससे

संतुष्ट न होकर और सीखने की आवश्यकता उसके सामने लगातार उभरती रहती है। दूसरा महत्वपूर्ण आयाम है चरित्र निर्माण के प्रति समर्पित भाव से प्रयत्नशील होना। ऐसा वही कर सकेगा जो स्वयं संयत जीवन जी रहा होगा, जिसे अपने चरित्र पर विश्वास होगा और जिसने ऐसा ही विश्वास औरो से भी अर्जित कर लिया होगा। ऐसा अध्यापक ही नई पीढ़ी के चरित्र निर्माण मे अपना सार्थक और सफल योगदान कर सकेगा। इसी से उसके व्यक्तित्व का तीसरा महत्वपूर्ण आयाम उभरता है— अध्यापक का विनीत होना। अपने ज्ञान पर उसे कभी घमंड नही होता है। आज भी अध्यापन के कार्य में लगे लगभग 50 लाख अध्यापक स्कूल शिक्षा में इन्हीं भावनाओं, विचारो तथा परम्पराओं से प्रेरणा लेकर विषम परिस्थितियो में भी अपना कार्य निष्पादन कर रहे हैं।

अध्यापकों के कार्य निष्पादन में जो परिवर्तन महत्वपूर्ण है उसमे मानव जीवन के सभी पक्ष, सांस्कृतिक, आर्थिक, वैचारिक और तकनीकी शामिल है। आज शिक्षा प्रणाली तथा अध्ययन-अध्यापन मे नई तकनीकी का प्रयोग करने की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। हमारे अध्यापकों को इसका प्रशिक्षण लेना है और व्यवस्थापको को इसकी व्यवस्था करनी है। विद्यार्थियो मे सृजनात्मकता के विकास के नए आयाम खुल रहे है। विद्यार्थियों को इस बात के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि वे प्रश्नों और परिप्रश्नो के द्वारा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान अध्यापको के साथ मिल कर करें और बिना किसी हिचक के अपने चिंतन को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने की क्षमताओं का विकास करे। प्रत्येक अध्यापक को विद्यार्थी को ऐसे अवसर देने चाहिए जिससे एक साथ मिलकर सिखाने और सीखने की प्रक्रिया को बढ़ावा मिल सके।

आज स्कूल शिक्षा के पाठ्यक्रम में त्वरित परिवर्तन की आवश्यकता पहले से अत्यंत अधिक मानी जाती है। सभी आवश्यक परिवर्तनों से जुड़े विभिन्न पहलू पाठ्यक्रम में आवश्यकतानुसार लाए जाने चाहिए। अध्यापको को पाठ्यक्रम निर्माता के रूप में अपना उत्तरदायित्व निभाना होगा। हमारे बहुत से बच्चे कक्षा एक और दो मे स्कूल छोड़ देते हैं। इसके लिए यह आवश्यक है कि कक्षा एक और दो के पाठ्यक्रम ऐसे हों जो बच्चे के सपूर्ण पर्यावरण से जुडे हो। उसके आसपास जो हो रहा है उसी की चर्चा उसमे हो, ऐसी संस्तुति एन.सी.ई.आर.टी. ने अपने नए पाठ्यक्रम की रूपरेखा मे की है और यह एक अत्यंत उत्साहजनक सस्तुति है। इसे अध्यापकों का पूर्ण समर्थन मिल रहा है। यदि यह सफलतापूर्वक क्रियान्वित की जा सकी तो निश्चित ही स्कूल छोडने वाले बच्चों का प्रतिशत आगे आने वाले वर्षो में काफी कम हो जाएगा। इस प्रकार के कई सुझाव परीक्षा प्रणाली के सवध में भी दिए गए हैं। अध्यापको को नई जिम्मेदारियो को निभाने के लिए सतत् रूप से सेवाकालीन प्रशिक्षण देने की कई नई योजनाए भारत सरकार, राज्य सरकारों तथा एन सी.ई आर.टी ने देश के सामने प्रस्तुत की हैं।

समाज में मूल्यो का निर्धारण और उन्हे जीवन में उतारने की प्रेरणा अध्यापको से ही मिलती है। इस समय मानव मूल्यो का जो ह्रास हो रहा है और विश्व के हर देश में इन मूल्यो को लेकर जो समस्याएं उठ रही हैं उन्होंने इस बात की आवश्यकता को दोहराया है कि मूल्यों के विकास के लिए शिक्षा को एक महत्वपूर्ण योगदान करना है। सारे पाठ्यक्रम में प्रत्येक अध्यापक को इस बात का ध्यान रखना होगा कि वह विद्यार्थियों द्वारा मूल्यो को आत्मसात् करने और उन्हे व्यवहार मे लाने का प्रयत्न प्रत्यक्ष रूप से लगातार करता रहे। हमारा देश अनेक विभिन्नताओं का देश है। यही हमारी एकता का महत्वपूर्ण सूत्र है— विविधता मे एकता। भारत जैसा उदाहरण और कहीं उपलब्ध नही है। इस देश को जो प्राकृतिक सपदाए, सास्कृतिक धरोहरे तथा भाषाओं की विभिन्नताएं और धार्मिक अंतराल मिले है वे सब अपने आप में अद्वितीय हैं। यही सब मिलकर भारत को एक अग्रणी राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में सहायता करते है। हमारे अध्यापक इन तथ्यो को बच्चो के सामने अपनी योग्यता, समझ, अनुभव के आधार पर अच्छे ढंग से रख सकते हैं।

भारतवर्ष का अध्यापक अनेक कठिनाइयो और कमियों में भी अपने कार्य का निर्वाह प्रतिबद्धता से

करता है। उनके कार्य करने की स्थिति में सुधार लाने का हर सभव प्रयत्न किया जाना चाहिए। यह राष्ट्र का और सरकार का उत्तरदायित्व है कि उन्हें प्रशिक्षण के अवसर, पढ़ने-लिखने की सामग्री और नई तकनीकी से परिचित कराने का हर संभव प्रयास होना चाहिए। बहुत-सी नई योजनाए इन दिशाओं में बन रही है। अध्यापको की सेवकालीन स्थिति को सुधारने के प्रयत्न भी पिछले कुछ वर्षो मे हुए हैं। सबसे महत्वपूर्ण सुधार यह होगा कि अध्यापकों और समाज के बीच परस्पर विश्वास और सम्मान बढ़े और एक-दूसरे की आवश्यकताओं और अपेक्षाओ को सही ढंग से समझा जा सके। यही इस देश में एक सुदृढ़ समाज की स्थापना के लिए भारत तथा भारतीय संस्कृति और भारतीयता में विश्व के लिए आवश्यक कड़ी होगी। इसमे सबसे बड़ा योग(अध्यापकों का ही होगा। हमारा देश 5 सितंबर को (वर्ष अध्यापको का सम्मान करता है। यह एक प्रतीकात्(प्रक्रिया होते हुए भी अध्यापको के प्रति राष्ट्र के सम(को दर्शाती है। हमें इसको पूरी तरह व्यावहारिक (पर ले जाना चाहिए और डा. राधाकृष्णन जैसे म(अध्यापकों के विचारों के अनुसार शिक्षा को बाहरी ज(के लिए ही नही बल्कि मानव के अंतर्मन को भी स(करने के लिए गतिमान बनाना चाहिए। अध्यापकों अतिरिक्त और कोई इस कार्य को नहीं कर सक(देश उन्हीं की ओर आशा की दृष्टि से देख रहा

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण प(
श्री अरविन्द मार्ग, नई दि(

शैक्षिक समस्याएं एवं सुधार : एक विश्लेषण

❑ स्मिता भवालकर

देश को अंग्रेजी शासन से मुक्त हुए पचास से अधिक वर्ष बीत गए हैं। स्वतन्त्र देश में जन्मी मेरी पीढ़ी भी आज इस दौर में है कि अपने-अपने कार्यक्षेत्र में अपनी-अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए हमने लगभग बीस-पच्चीस वर्षो से भी अधिक बिता दिए हैं। अर्थात् हमने अपनी आयु के कई कीमती वर्ष इस देश की भूमि और वातावरण में व्यतीत किए हैं। न केवल सांस ली है अपितु एक स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मस्तिष्क प्राप्त किया और जीवन के लिए आवश्यक अनेक सुख-सुविधाओं का उपभोग भी किया है। पर आज देश के सामने चुनौतियों को देखें तो लगता है कि स्वर्णिम सम्पदा वाला मेरा देश आज भी कहीं मुक्ति के लिए छटपटा रहा है। चुनौतियों की सूची लम्बी है– सीमाओं की सुरक्षा, प्राकृतिक आपदाएं, अर्थव्यवस्था, भ्रष्टाचार आदि से होते हुए हम गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा तक आ पहुंचते हैं। इन चुनौतियों पर विचार करें तो विश्लेषण अत्यन्त व्यापक रूप से करना होगा।

समस्याओं का विस्तार इस लेख का विषय नही है। इस लम्बी काल-यात्रा मे जहां हमने चिकित्सा, यान्त्रिकी, आण्विक शोध, सगणक जैसे जटिल क्षेत्रो में उच्च मानदण्ड स्थापित किए हैं वही यह भी प्रश्न उठता है कि क्या हमने सभ्य, सुसस्कृत जिम्मेदार, जागरूक व सयमित व्यवहार वाले नागरिक तैयार किए हैं? क्या हमारे देश के नागरिक अपने देश व समाज के प्रति अपने कर्तव्यो का निर्वहन भली प्रकार करते हैं?

अपने आसपास की स्थितियों में लोगों के सामान्य दैनिक व्यवहारो को देखें तो हमे उपरोक्त प्रश्नो के सकारात्मक उत्तर नहीं मिलते।

नागरिको का निर्माण करने का दायित्व किसका है, इस प्रश्न का उत्तर भी हम जानते है। प्रत्येक युग में यह कार्य 'शिक्षा व्यवस्था' का होता है। 'शिक्षा' ही वह साधन है जिससे किसी देश व समाज के नागरिक 'सुयोग्य एवं सुसंस्कृत' नागरिक बनाए जा सकते है। शिक्षा को यदि 'प्रणाली उपागम' की दृष्टि से देखें और इस प्रणाली या 'तन्त्र' का विश्लेषण करे तो ज्ञात होता है कि जितना 'अदा' (input) हमने इसमे लगाया उसके अनुपात में 'प्रदा' (output) हमको नही मिल रहा है। इस 'अदा' में समस्त भौतिक ससाधन व शिक्षक, विद्यार्थी सहित अन्य मानवीय ससाधन सम्मिलित है। 'प्रदा' के रूप मे हमें विद्यार्थियो में, जो कि भविष्य के नागरिक हैं, 'अपेक्षित परिवर्तन' नही दिखाई दे रहा है। ऐसी स्थिति मे हमें यह विचार करने पर बाध्य होना पड़ेगा कि दोष कहा है? इसके लिए अग्रलिखित विश्लेषण पर विचार करें–

स्वतन्त्रता-पूर्व से लेकर अब तक की दीर्घ कालावधि में विविध स्तरो पर 'शिक्षा' के सन्दर्भ मे अनेक आयोग, समितिया गठित हुए। उनके प्रतिवेदनो के आधार पर अनेक संशोधन भी हुए, परन्तु 'शिक्षा' को लेकर आम आदमी, राजनेता, अभिभावक, स्वयं शिक्षक व विद्यार्थी,

शिक्षा व्यवस्था

- **उद्देश्य**
  - व्यक्ति–
    - स्वयं का जीवन-यापन सुव्यवस्थित रूप से कर सके
    - अपना व परिवार का भरण पोषण व्यवस्थित कर सके
    - स्वयं के हित-अहित को पहचान कर उचित निर्णय ले सके
    - स्वय के हित-अहित का चिन्तन करते हुए समाज व राष्ट्र के विकास मे अपनी भागीदारी का दायित्व निभा सके
- **अदा**
  - विद्यार्थी
  - पाठ्यक्रम
  - शिक्षक
  - अभिभावक
  - अन्य मानवीय व भौतिक ससाधन
- **प्रक्रिया**
  - शिक्षण
  - अधिगम
  - शिक्षक व विद्यार्थी के मध्य अन्त क्रिया
  - भौतिक ससाधनों का उचित प्रबन्धन
- **प्रदा**
  - विद्यार्थी में उद्देश्यो के अनुरूप परिवर्तन

शिक्षाशास्त्री व अन्य विचारक सभी असन्तुष्ट है। अर्थात् यदि हम वाणिज्य की भाषा में देखे तो लगाई गई 'पूंजी' की तुलना में 'प्राप्ति' नहीं है। अत यह आवश्यक लगता है कि हम वास्तविक शैक्षिक समस्याओ व शैक्षिक सुधारों का विश्लेषण करे।

उद्देश्य व पाठ्यक्रम– शिक्षा के उद्देश्य व पाठ्यक्रम परस्पर निर्भर तत्व हैं। किसी देश व समाज के जीवन-दर्शन व तात्कालिक आवश्यकताओं के अनुरूप उद्देश्य निर्धारित होते है। उन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए एक विशिष्ट पाठ्य-वस्तु निर्धारित होती है जिसे पढ़ाना हमारा तात्कालिक उद्देश्य होता है। अत. कुछ तात्कालिक उद्देश्य होते है जो अन्तिम उद्देश्यों की पूर्ति में सहायक होते हैं। उदाहरण के लिए आज के समय के अनुरूप 'सगणक' की शिक्षा देना हमे आवश्यक लगा तो हमने उसे पाठ्यक्रम का अंग बना लिया। परन्तु 'सगणक-संचालन' मे आयु के अनुरूप निपुणता प्राप्त करना तात्कालिक उद्देश्य रहेगा व अन्तिम उद्देश्य उस निपुणता के माध्यम से स्वय का व राष्ट्र का विकास करना ही होगा। आज की स्थिति को देखें तो–

- हमने तात्कालिक उद्देश्य को अन्तिम उद्देश्य मान लिया है फलस्वरूप उद्देश्यो की अपूर्ण प्राप्ति होती है जैसे–'संगणक-संचालन' में निपुण सभी विद्यार्थी अपने राष्ट्र की प्रगति में सतत् व वास्तविक योगदान दे रहे हैं ऐसा हमे नही दिखता। उल्टे अधिकतम लोग विदेश जाकर अर्थार्जन करने को अन्तिम उद्देश्य मान लेते हैं। उसमें सफल हुए तो भी वे असन्तुष्ट रहते हैं क्योकि भौतिक सुखों की एक सीमा है यह भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण सीख उन्होंने भुला दी।
- दूसरी त्रुटि जो हम आज देख रहे हैं वह मनोविज्ञान के "वैयक्तिक विभेद" के सिद्धान्त को नजरअन्दाज करने की है। जैसे सगणक संचालन को देखें तो 'संगणक' की सामान्य समझ सभी विद्यार्थियों को हो यह तो ठीक है परन्तु सभी माता-पिता विचार करे कि उनके बच्चे संगणक विशेषज्ञ बनकर 'बिल गेट्स' की तरह अथाह धन अर्जित करने लग जाएंगे तो यह उन बच्चो के साथ अन्याय ही होगा क्योंकि सभी बच्चों की रुचि व क्षमताए भिन्न-भिन्न होती है। इस प्रकार तात्कालिक या गौण उद्देश्यों में कालानुसार सशोधन किए जाए तो भी हमारे अन्तिम

उद्देश्यों को हमें भुलाना नहीं है।

व्यक्तित्व का सर्वागीण विकास— शिक्षा का सामान्य अर्थ 'व्यक्तित्व का सर्वागीण विकास' माना जाता है परन्तु आज देखा जा रहा है कि शालेय व महाविद्यालयीय शिक्षा के लगभग बीस-बाईस वर्ष बिताने के बाद भी परीक्षा में पर्याप्त अक लाने वाले विद्यार्थी को भी अपने को श्रेष्ठ साबित करने के लिए अपने व्यक्तित्व के विकास हेतु 'पर्सनालिटी डवलपमेन्ट' के संस्थानों की शरण में जाना पड़ रहा है। उस पर विडम्बना यह कि जो कार्य शैक्षणिक संस्थाओ व अभिभावको ने दीर्घ अवधि में नहीं किया उसे यह विशुद्ध व्यावसायिक संस्थान मात्र चार से छह माह की सक्षिप्त अवधि मे करने का दावा कर रहे हैं। ये संस्थान क्या कर रहे है कि लोग उनकी ओर आकर्षित होते है। जो यह केन्द्र सिखा रहे हैं वह होता है—

- आत्मविश्वासपूर्वक बातचीत करना,
- निर्णय लेना इत्यादि।

इससे स्पष्ट होता है कि पिछले बीस-बाईस वर्षो में हम कोई विशिष्ट पाठ्य-वस्तु तो विद्यार्थियों को सिखाते रहे परन्तु यह पाठ्य-वस्तु हमारे कुछ महत्वपूर्ण उद्देश्यों को पूर्ण करने का साधन मात्र होती है, यह तथ्य हमने भुला दिया। परिणामस्वरूप विशद व समृद्ध पाठ्यक्रम होने के उपरान्त भी हमें वांछित परिवर्तन या उद्देश्य प्राप्त नही होते। अत· हमे पाठ्यक्रम में सुधार करने के साथ ही यह सदैव स्मरण रखना होगा कि शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य क्या है।

प्रक्रिया— शिक्षाशास्त्र मे शिक्षण विधियों, पद्धतियो के सन्दर्भ मे अनेक अनुसंधान हो रहे है व अनेक प्रभावी शिक्षण पद्धतियां विकसित की गई है। अनेक नवाचार अपनाए जा रहे है। परन्तु इन नवाचारों के बावजूद शिक्षण के ऐसे कुछ सामान्य परन्तु आधारभूत व महत्वपूर्ण आयाम है जिनका विचार आज के सन्दर्भ में अप्रासंगिक व कालबाह्य नहीं है। इस आधार पर प्रक्रिया के विश्लेषण से स्पष्ट होने वाले तथ्य इस प्रकार है।

व्यावहारिक परिवर्तनों का विचार— हम देखते है कि नागरिकशास्त्र विषय कई वर्ष पढकर भी पढ़े-लिखे लोग यातायात के नियमो का पालन नहीं करते। पर्यावरण सरक्षण सम्बन्धी पर्याप्त विषय-वस्तु पाठ्यक्रम में सम्मिलित होने के बावजूद वास्तविक जीवन मे लोग पर्यावरण सरक्षण के प्रति पर्याप्त रूप से सचेत नही हैं। देशभक्ति की कविताएं पढ़कर भी देश के प्रति निष्ठा की जिम्मेदारी मात्र सीमा पर तैनात सिपाही की है, ऐसा लगता है! अर्थात् शिक्षण संस्थाओं में पढ़ाई गई विषय-वस्तु में अनुभूति के स्तर या भावात्मक स्तर पर परिवर्तन के प्रयास गम्भीरता से किए ही नही गए। प्रत्येक विषय के शिक्षण के द्वारा व्यावहारिक स्तर पर अनेक भावात्मक परिवर्तन सम्भव होते हैं, इतना ही नहीं वे भावात्मक परिवर्तन उस विषय के शिक्षण के 'प्राप्य उद्देश्य' होते है। अतः दोष अधिगमकर्ता का नहीं बल्कि शिक्षण प्रक्रिया का है। निर्धारित उद्देश्यो को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक विषय के शिक्षण को व्यावहारिक परिवर्तनों के स्तर तक ले जाना होगा। अध्यापक को मात्र तथ्य-सम्प्रेषण से आगे बढकर 'ब्लूम' की भाषा मे व्यक्तित्व के ज्ञानात्मक (cognitive), भावात्मक (effective), क्रियात्मक (psychomotor) तीनो पक्षों तक अनिवार्यत· ले जाना होगा। भारतीय संस्कृति में सर्वागीण विकास की इस अवधारणा को पंचकोषो के रूप में कहा गया है— ● अन्नमय कोष अर्थात् अन्न से शरीर का पोषण, ● प्राणमय कोष अर्थात् श्वास-प्रश्वास से शरीर का पोषण, ● मनोमय कोष अर्थात् मन और भावों का विकास, ● विज्ञानमय कोष अर्थात् बुद्धि का विकास, ● आनन्दमय कोष अर्थात् आन्तरिक आनन्द जो 'स्व' की वास्तविक उच्च्य पहचान से आता है। आनन्दमय कोष के विकास के लिए नैतिक व आध्यात्मिक प्रशिक्षण की आवश्यकता है। उसे हम टाल नही सकते। 'सर्वागीण विकास' की अवधारणा पूर्ण करने के लिए हमे इस ओर ध्यान देना ही होगा।

शिक्षक व विद्यार्थी के मध्य अन्तर्क्रिया— शिक्षक व विद्यार्थी के मध्य विषय-वस्तु के तथ्य सम्प्रेषित करने के अतिरिक्त अन्य स्थितियों में भी अन्तर्क्रिया होती है। यह अन्तर्क्रिया भी विद्यार्थी पर विशिष्ट प्रभाव उत्पन्न करती है। यह प्रभाव विद्यार्थी व शिक्षक के समायोजन

आवश्यक भौतिक ससाधन हमारे पास उपलब्ध हैं। देश के अनेक विद्यालय व महाविद्यालय अच्छे भवन व आवश्यक शैक्षणिक उपकरणों से सुसज्जित हैं, उच्च उपाधिधारी मानवीय संसाधन भी आज उपलब्ध हैं फिर भी शिक्षा के वास्तविक उद्देश्यो की प्राप्ति में अपूर्णता दिखाई दे रही है। अतः मात्र संसाधनों के अभाव को हम शिक्षा के गिरते स्तर का कारण मानकर दोषमुक्त नही हो सकते। जहा 'प्रबन्धन' चौकस है वहां भी 'परीक्षा-परिणाम' तो अच्छे आते हैं परन्तु विद्यार्थी में अपेक्षित वास्तविक परिवर्तन के स्तर पर वहा भी स्थिति सन्तोषजनक नहीं है। अतः हमें अदा के व प्रक्रिया के उन तत्वो पर विचार करना ही होगा जिनका उल्लेख यहा पूर्व में किया गया है।

आधी शताब्दी से भी अधिक की अवधि बीत जाए और हम अब भी अंग्रेजों को दोष देते रहें तो आने वाली पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी। हम निरन्तर शिक्षा पद्धति मे परिवर्तन तो करते चले जा रहे हैं, सुधार की स्वाभाविक प्रक्रिया में उनकी आवश्यकता भी है परन्तु एक दृष्टि हमे वास्तविक समस्याओ पर डालनी ही होगी। इस दृष्टि से अन्य अनेक शैक्षिक सुधारों के सार्थक परिणाम प्राप्त करने के लिए हमें यहा प्रस्तुत विश्लेषण का विचार करना ही होगा तभी शिक्षा के द्वारा व्यक्ति मे वास्तविक उद्देश्यो के अनुरूप अपेक्षित परिवर्तनो की हम आशा कर सकते हैं। ☐☐

सी-4/24-25 ऋषिनगर
उज्जैन, मध्य प्रदेश

वर्तमान में जनसंख्या शिक्षा का महत्व

❒ ज्योति बहल

वर्तमान में समस्त विश्व में विशेषकर विकासशील देशों की विशिष्ट परिस्थितियों के सन्दर्भ में इस विषय के अन्तर्गत जनजीवन को समृद्ध बनाने के लिए जनसंख्या शिक्षण को अत्यधिक महत्व दिया गया है। अतएव इसी से संबंधित अनेक पहलुओं का अध्ययन इसकी विषय-सामग्री बन जाता है जैसे– जनसंख्या का इतिहास, स्थिति, जनसंख्या विस्फोट, जनसंख्या वृद्धि का सामाजिक, आर्थिक, प्राकृतिक सम्पत्ति व राजनैतिक, सांस्कृतिक जीवन पर प्रभाव, जनसंख्या वृद्धि का प्राकृतिक सम्पत्ति व पर्यावरण पर कुप्रभाव, प्रजनन क्रिया को नियन्त्रण में लाने के लिए जातीय ज्ञान, जनसंख्या नीति आदि। जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न अनेक समस्याओं जैसे– आवास, जल, भोजन, वस्त्र, शिक्षा, चिकित्सा, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व असामाजिक तत्वों की समस्या आदि का अध्ययन किया जाता है।

जन से जन परस्पर मिलकर निर्मित जन समुदाय का आकार जब निरन्तर बढता ही गया तो उसे जनसंख्या के नाम से गिनने की आवश्यकता हुई। सामुदायिक जीवन के प्रारम्भ से ही मानव इस बात का अनुभव करता आ रहा है कि समाज में जनसंख्या की वृद्धि और कमी से तत्कालीन समाज की संरचना, स्वरूप, आकार और प्रकार में परिवर्तन हो जाता है। समूह की सदस्य संख्या अधिक हो जाने पर जीवन की मूलभूत आवश्यकताओ– भोजन, वस्त्र, आवास तथा यौन सन्तुष्टि की मांग बढ़ जाती है और जब उस मांग की पूर्ति उचित मात्रा में समय पर नही हो पाती तो हर सदस्य का जीवन अभाव ग्रस्त और सघर्षमय बन जाता है। परिणामस्वरूप सामाजिक ढाचे मे अनेक परिवर्तन होते चले जाते हैं। अतः जनसख्या वृद्धि से जनसंख्या की लघुतम इकाई व्यक्ति से लेकर परिवार, समाज, देश एवं सम्पूर्ण विश्व की प्रत्येक क्रिया-प्रतिक्रिया प्रभावित होती है। जिसकी उपेक्षा स्वयं जनसंख्या के लिए घातक तथा विनाशक रूप धारण कर विकराल, विस्फोटक स्थिति का निर्माण कर लेती है। वह स्थिति जब जन ही जन का जनक नही बल्कि स्वय भक्षक बन जाएगा। प्रकृति के संतुलन नियम के अनुसार कई जीव-जन्तु स्वयं की तीव्र गति से बढ़ती हुई संख्या को नियत्रित करने के लिए, ताकि स्वय के जीवन की रक्षा हो सके, स्वय के अश से उत्पादित सतति का भक्षण कर लेते हैं और अपनी सुख-सुविधा के अनुसार अपनी सख्या के संतुलन को बनाए रखते हैं। परन्तु यह 'संतुलन नियम' मानव जाति और उसकी सतति पर लागू नही हो सकता। कारण– मानव कभी भी अपनी सतति का भक्षण नहीं कर सकता। अतएव आवश्यकता है कि मानव अपनी सख्या के संतुलन को बनाए रखने के लिए अपने स्वयं के प्रजनन को नियंत्रित कर ले इसके लिए 'जनसंख्या शिक्षण' का अध्ययन अनिवार्य होना चाहिए।

एक अनुमान के अनुसार 2005 तक सबसे अधिक जनसख्या वाले 50 शहरो में से जो 40 शहर विकासशील देशो में होंगे। उन महानगरों मे से अधिकतम नगर भारत मे होगे, जिनमे कुछ की आबादी डेढ़ से ढाई करोड

तक होने की सम्भावना है। एशियाई-पेसिफिक देशो की एस्केप कांफ्रेंस, कोलम्बो 1982 के विचारकों तथा सेक्रेटरी एस.एस. किबिया ने इस बढ़ती हुई विकट जनसंख्या समस्या को सीधे तथा तुरन्त प्रभावित कर अंकुश में लाने वाले कुछ कठोरतम एवं अनिवार्य उपायों को कार्यान्वित करने का सुझाव दिया जिस पर हमे विशेष रूप से न केवल ध्यान देना चाहिए बल्कि तुरन्त ही जनसख्या वृद्धि को नियत्रित करने के लिए कदम उठाने चाहिए। कारण– हमे यह नही भूलना चाहिए कि विश्व की मात्र 1/2 प्रतिशत भूमि पर बसे हमारे देश भारत मे विश्व की कुल जनसख्या का छठा भाग सांसें ले रहा होगा। अत' जनसख्या शिक्षण का अध्ययन नई पीढ़ी के लोगों के लिए आवश्यक होना चाहिए। देश की अप्रत्याशित बढती हुई जनसंख्या की समस्याओं का सामना करने के लिए जनसंख्या शिक्षण विषय एक महत्वपूर्ण गहन-गम्भीर दीर्घकालीन भूमिका अदा कर सकेगा।

जनसंख्या शिक्षा का अर्थ एवं परिभाषा

जनसंख्या शिक्षा वह शिक्षा है जो विश्व, देश तथा राज्य की जनसंख्या के सभी पक्षों का ज्ञान दे। जनसख्या और उसकी समस्याओ के प्रति ऐसी धारणाओं तथा व्यवहार का विकास करने मे सहायक हो जो व्यक्ति और राष्ट्र के लिए हितकारी हो। परन्तु इसका अर्थ यौन शिक्षा से एकदम भिन्न है। इस संबंध मे जनसंख्या शिक्षा के प्रथम परिचायक कोलम्बिया यूनिवर्सिटी के टीचर्स कालेज के प्रोफेसर स्लान आर. वेलेड ने स्पष्ट रूप मे कहा भी है कि "There should be no confusion in understanding the meaning of population education as it is quite different from sex education or "Education for family living"

शिक्षण के कार्यक्रम के रूप में जनसंख्या शिक्षा न तो परिवार नियोजन संबधी कार्यक्रम है, न यौन शिक्षा है और न ही प्रचार या विशिष्ट दीक्षा संबंधी कार्यक्रम। यह एक शैक्षिक प्रयास है जिसके द्वारा विभिन्न वर्गों विशेषकर छात्र-छात्राओं को विश्व के परिप्रेक्ष्य मे देश, प्रदेश तथा क्षेत्र की जनसख्या की स्थिति, ज के प्रमुख तत्वो, जनसंख्या का बोध कराया जा साथ ही जनसंख्या वृद्धि से जागरूक समस्या जनसाधारण के जीवन-स्तर पर पड़ने वाले प्र विषय में भी जागरूक कराया जा सकेगा।

जनसंख्या शिक्षा एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा जनसंख्या प्रक्रिया की प्रवृत्ति एव अर्थ, जनस विशेषताओं, जनसंख्या परिवर्तन के कारण एव तथा इन परिवर्तनों का अपने परिवार, अपने सम विश्व पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे मे ज्ञ करता है।

अतः जनसंख्या शिक्षा वह शिक्षा है जो से अथवा मानव शक्ति से, संसाधन से संब इस शिक्षा मे जनसख्या के आकार, जनसख्या ह्रास, जनसंख्या संरचना, जनसंख्या मे लैंगिक विवाह की आयु आदि विषयो का ज्ञान करा है। यह वह शिक्षा है जिससे न केवल आकड पता चलता है बल्कि जनसख्या वृद्धि या ह्रास द तथा उसके सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं पर पडने वाले प्रभावों की जानकारी भी प्राप्त सकती है। इसी अनुक्रम मे यदि जनसंख्या गति तीव्र है और उसके फलस्वरूप मानव त विभिन्न पहलुओं पर कुप्रभाव पड़ रहा है तो भी जानकारी कर सकते हैं कि जनसंख्या वृद्धि को कैसे कम किया जाए।

सक्षेप मे जनसख्या शिक्षण अत्यधिक जनस से उत्पन्न समस्याओ के विषय में गहन ज्ञा एवं जागरूकता प्रदान करता है, जिसे प्राप्त कर स्वयं अपने परिवार, समाज, समुदाय, देश उ के जीवन-स्तर को उच्च एव समृद्ध बना स

"राज्य शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश" ने शिक्षा की परिभाषा को इस प्रकार समझाया है– शिक्षा एक शैक्षिक प्रयास है जिसके द्वारा विभि विशेषकर छात्र-छात्राओ की विश्व के पर देश-प्रदेश तथा क्षेत्र की जनसख्या स्थिति, के प्रमुख तत्वो, जनसंख्या और पर्यावरण के

सबध, जनसख्या वृद्धि का आर्थिक एवं सामाजिक विकास पर प्रभाव आदि का बोध कराया जा सकेगा। साथ ही जनसख्या वृद्धि से उत्पन्न समस्याओ और जनसाधारण के जीवन स्तर पर पड़ने वाले प्रभावों के विषय मे भी जागरूक कराया जा सकेगा।

1970 में बैकॉक मे यूनेस्को द्वारा आयोजित एक गोष्ठी "जनसख्या तथा पारिवारिक जीवन शिक्षण" में व्याख्या इस प्रकार की गई कि "जनसख्या शिक्षण एक ऐसा शैक्षणिक कार्य है जो शिक्षार्थियों को परिवार, समाज, राष्ट्र एवं समग्र विश्व की आबादी की परिस्थिति के विषय में स्पष्ट विचार प्रस्तुत करता है तथा इस सन्दर्भ मे स्वयं के और देश के प्रति अपने कर्तव्य, व्यवहार और उत्तरदायित्व की समझ व अनुभूति विकसित करता है।

"अगस्त 1969 मे बम्बई मे राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन हुआ, जिससे जनसंख्या शिक्षण के विषय मे इस प्रकार स्पष्टता की गई कि जनसख्या शिक्षण का प्रमुख उद्देश्य यह होना चाहिए कि जिससे विद्यार्थी भली प्रकार समझ जाए कि परिवार के आकार को नियन्त्रण में रखा जा सकता है। जनसख्या नियन्त्रण से देश के जीवन-स्तर को ऊचा उठाने और समृद्ध बनाने में सहयोग मिलता है। जनसख्या शिक्षण से यह जागरूकता भी उत्पन्न की जा सकती है कि परिवार के सदस्यो के सर्वाग सुखो, स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिरता, युवा पीढी के आशामय भविष्य के लिए आज भारतीय परिवार को दो या तीन बच्चों के जन्म से ही समझौता करना चाहिए।"

व्यक्ति, देश, समाज का कल्याण इसी मे निहित है कि कुटुम्ब का स्वरूप छोटा हो। उपरोक्त सभी व्याख्याओ के गहन, गम्भीर अध्ययन के पश्चात् निम्न बाते स्पष्ट होती हैं–

- ☐ जनसख्या एक शैक्षणिक प्रक्रिया है।
- ☐ जनसख्या शिक्षण विद्यार्थियो को जनसख्या व उसकी गतिविधियो के विषय मे जागरूक बनाता है।
- ☐ जनसंख्या शिक्षण जनवृद्धि के कारणों एव उससे उद्‌भुत होने वाले भयंकर परिणामों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान करता है।
- ☐ विद्यार्थियो को गृहस्थ आश्रम मे प्रवेश करने के बाद परिवार के सन्दर्भ में विवेकपूर्ण समझदारीपूर्वक निर्णय लेने मे उचित मार्गदर्शन करता है।
- ☐ जनसंख्या वृद्धि के कारण जीवन-स्तर पर पडने वाले कुप्रभाव को दर्शाता है।
- ☐ जनसख्या शिक्षण द्वारा विद्यार्थियों मे यह आत्मसात् कराना है कि वर्तमान काल में कम सतति देश भक्ति ही नही वरन् आने वाली पीढ़ी के प्रति नैतिक कर्तव्य भी है।

जनसंख्या शिक्षण के द्वारा हम समझ सकते हैं कि जनवृद्धि से हमारे देश के लिए क्या-क्या नवीन समस्याए उत्पन्न होंगी तथा व्यक्तिगत जीवन स्तर पर क्या कुप्रभाव पड़ेगा। इसका मुख्य उद्देश्य आज की युवा पीढ़ी तथा कल की आने वाली पीढी को इस बात के लिए पहले से ही तैयार करना है कि वे अपने परिवार व संतान के विषय में उचित ढग से विचार कर सकें, विवेकपूर्ण निर्णय ले सकें।

जनसंख्या शिक्षण का क्षेत्र एवं विषय-सामग्री

'हौसर (Houser) के पॉपुलेशन गैप इन दि कुरीकुलम मे एक लेख मे जनसख्या शिक्षण के अध्ययन क्षेत्र के लिए निम्न विषयो को व्यक्त किया–

- ☐ जनसंख्या वृद्धि इतिहास– भूतकाल से लेकर आधुनिक समय तक।
- ☐ जनसंख्या वृद्धि– प्रवृत्ति, भविष्य के लिए दृष्टिकोण, जन्म दर, मृत्यु दर, जनसंख्या का सक्रमण सिद्धान्त।
- ☐ जनसंख्या वितरण।
- ☐ जनसंख्या संयोजन– प्रवृत्ति, भविष्य के लिए दृष्टिकोण, लिंग, आयु, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक विशिष्टताए।
- ☐ जैविक और जातीय ज्ञान।
- ☐ जनसंख्या का आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक तथ्यों के सन्दर्भ मे ज्ञान।
- ☐ जनसख्या अनुसंधान की पद्धतियां।

एन.सी.ई.आर.टी. ने 1970 में दिल्ली मे एक कार्यशाला का आयोजन किया, उसमें जनसख्या शिक्षण

के विषयों की स्पष्टता इस प्रकार की गई–

- ☐ जनसंख्या वृद्धि
- ☐ जनसंख्या और आर्थिक विकास, सामाजिक विकास
- ☐ स्वास्थ्य पोषण और जनसख्या
- ☐ जैविक तथ्य– पारिवारिक जीवन और जनसख्या

इन विषयों का समावेश स्कूल स्तरीय शिक्षण के लिए बताया गया था।

उपरोक्त बातो को लक्ष्य मे रखते हुए यही स्पष्ट होता है कि जनसख्या शिक्षण का मुख्य विषय जीवन को उन्नति की ओर ले जाना है। आज जनसख्या शिक्षण की विषय-सामग्री मे निम्न तथ्यों का समावेश किया जाता है–

- ☐ जनसख्या वृद्धि का इतिहास– विश्व के सन्दर्भ मे सामान्य ज्ञान और भारत के सन्दर्भ मे विशिष्ट ज्ञान, जनसंख्या वृद्धि के कारण, प्रवृत्ति और समस्या।
- ☐ भारतीय जनांकिकी का परिचय– जनसख्या वृद्धि– जन्म दर, मृत्यु दर और प्रवास।
- ☐ जनसंख्या वृद्धि की तीव्र गति का आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक पहलुओ और राष्ट्रीय विकास पर प्रभाव।
- ☐ जनसंख्या वृद्धि गति का पर्यावरण, खाद्यान्न, प्राकृतिक स्रोतो व जीवन स्तर पर प्रभाव।
- ☐ जनसंख्या वृद्धि की तीव्र गति का व्यक्ति, उसके पारिवारिक जीवन व जीवन स्तर पर प्रभाव।
- ☐ प्रजनन क्रिया का पूर्व-प्राथमिक ज्ञान।
- ☐ जनसख्या नीति– विश्व के सदर्भ मे सामान्य ज्ञान एव भारत के सन्दर्भ में विशिष्ट ज्ञान।

वर्तमान में समस्त विश्व में विशेषकर विकासशील देशों की विशिष्ट परिस्थितियो के सन्दर्भ में इस विषय के अन्तर्गत जनजीवन को समृद्ध बनाने के लिए जनसख्या शिक्षण को अत्यधिक महत्व दिया गया है, अतएव इसी से सबंधित अनेक पहलुओं का अध्ययन इसकी विषय-सामग्री बन जाता है जैसे– जनसंख्या का इतिहास, स्थिति, जनसख्या विस्फोट, जनसख्या वृद्धि का सामाजिक, आर्थिक, प्राकृतिक सम्पत्ति व राजनैतिक, सांस्कृतिक जीवन पर प्रभाव, जनसंख्या वृद्धि का प्राकृतिक सम्पत्ति व पर्यावरण पर कुप्रभाव, प्रजनन क्रिया को नियन्त्रण में लाने के लिए जातीय ज्ञान, जनसख्या नीति आदि। जनसख्या वृद्धि से उत्पन्न अनेक समस्याओ जैसे– आवास, जल, भोजन, वस्त्र, शिक्षा, चिकित्सा, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व असामाजिक तत्वो की समस्या आदि का अध्ययन किया जाता है।

व्यक्ति का आचरण सामाजिक, जैविक वातावरणीय परिस्थितियो से उद्भूत एक संकलन है अर्थात् व्यक्तित्व है जो तैयार होने पर स्वयं व्यक्ति, उसके परिवार, समाज व साथ ही समग्र जगत को प्रभावित करता है। व्यक्ति स्वय को समाज का अभिन्न अंग मानते हुए स्वय अपने परिवार एव अपने देश के भविष्य के सन्दर्भ में तर्क-सगत और उत्तरदायित्व पूर्ण निर्णय ले सके, इसके लिए उसमें समझ शक्ति, विवेक, चतुरता, सवेदनशीलता होना परमावश्यक है। जनसख्या शिक्षण मात्र छोटे या बड़े प्रकार के परिवार का स्वरूप निश्चित करने का आयोजन नही है। वास्तव मे यह व्यक्ति को इस बात के लिए जागरूक एव शिक्षित बनाने की प्रक्रिया है जिसके द्वारा वह यह ज्ञान प्राप्त कर सके कि जनसख्या की वृद्धि जीवन स्तर एवं वातावरण– इन तीनो का निकट सम्बन्ध है। अर्थात् जनसख्या वृद्धि वातावरण व जीवन स्तर दोनों को ही बुरी तरह प्रभावित करती है। जीवन स्तर का अवलम्बन विशेष रूप से खाद्य सामग्री, पर्याप्त वस्त्र, शुद्ध पेय जल, शुद्ध वायु शक्ति के साधन एवं भूमि आदि जीवन के अनेक स्रोतों पर आधारित है। इसी प्रकार शिक्षण की सुविधाए, रोजगार, चिकित्सा सम्बन्धी सुविधाए एवं आर्थिक विकास आदि जीवन स्तर को बनाने मे आधार स्तम्भ बनते हैं, जब जनवृद्धि अति तीव्र गति से बढ़ती है तो उपरोक्त जीवन स्रोतो की कमी होती जाती है क्योंकि सभी स्रोतों में अधिक से अधिक भागीदारी के अधिकारी बढ़ते जाते है, परिणामस्वरूप जीवन स्तर निम्न से निम्नतर बनता चला जाता है।

जनसंख्या वृद्धि के कारण देश मे अपेक्षाकृत अधिक खाद्य सामग्री, वस्त्र, आवास, विद्यालय, स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाए, यातायात के साधन, अधिकाधिक रोजगार के अवसरों की आवश्यकता खड़ी होती जाती है अर्थात्

जनसंख्या वृद्धि का जीवन स्तर पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। यह समझ, ज्ञान उन किशोर बच्चों को देना है जो भविष्य में इस दुर्घटना का शिकार होने जा रहे है।

जनसंख्या शिक्षा का उद्देश्य

जनसंख्या शिक्षा मनुष्य को उसी प्रकार शक्ति प्रदान करती है जिससे वह चिन्तन मनन कर अपने स्वास्थ्य, समाज एव देश के हित को समझ सके। आज हमारा देश जनसंख्या वृद्धि की विकराल समस्या से जूझ रहा है। जनसंख्या शिक्षा ही एक ऐसा साधन है जिसके द्वारा इस चुनौती का सामना किया जा सकता है। जनसंख्या शिक्षा के विषय की उपयोगिता सिद्ध करने की ऐसी आवश्यकता नही है। भारत में प्राचीन समय से ही जनसख्या शिक्षा प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से न केवल सम्पूर्ण शिक्षा पद्धति मे सम्मिलित रही है बल्कि विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक ग्रन्थों, पुस्तको में भी इसके उदाहरण मिलते है। जनसंख्या शिक्षा के निम्नलिखित उद्देश्य माने जा सकते हैं–

- ☐ जनसख्या शिक्षण सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एव सांस्कृतिक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर जनसख्या का जो प्रभाव पड़ता है उसका अध्ययन एवं स्पष्टीकरण करती है। जनसख्या शिक्षण जनसंख्या की प्रक्रिया और उसकी वृद्धि के परिणामो का अभ्यास कराता है।
- ☐ व्यक्ति व कुटुम्ब पर बढ़ती हुई जनसख्या के प्रभाव को समझना एव पारस्परिक सहकार और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है।
- ☐ जनसंख्या शिक्षा में जनांकिकी के सिद्धान्त, परिवर्तन एवं कार्यकलापों का संज्ञान जैसे जन्म दर, मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, जनसंख्या वृद्धि दर आदि की विस्तृत जानकारी, इन दरों की कैसे गणना की जाती है और क्या आवश्यकता है आदि विषयो का ज्ञान करना।
- ☐ युवा-वर्ग में जनसंख्या की वर्तमान वृद्धि, उसकी स्थिति एवं कारणों की जानकारी देना।
- ☐ मानव जीवन के सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक एव सांस्कृतिक पहलुओ पर बढती जनसंख्या के कुप्रभाव की जानकारी कराना तथा विकास के कार्यक्रमों की महत्ता बताना।
- ☐ बढती हुई जनसंख्या की विषम परिस्थिति का पर्यावरण पर प्रभाव स्पष्ट करना।
- ☐ जन-शक्ति एवं अन्य ससाधन मे असामंजस्यपूर्ण स्थिति से उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों का विस्तारपूर्वक ज्ञान कराना तथा समाधान के बिन्दु स्पष्ट करना।
- ☐ जिम्मेदार दम्पत्ति के कर्तव्यो को बताते हुए परिवार में उच्च स्तर के मातृत्व एवं पितृत्व की भावना का विकास करना।
- ☐ स्वास्थ्य, मातृ शिशु कल्याण, परिवार नियोजित करने के कार्यक्रम, पुष्टाहार एव विवाह के महत्वपूर्ण उद्देश्यों की पूर्ति हेतु परिवार के बच्चे पर्याप्त हो सकें आदि के विषयों पर विस्तृत जानकारी देना ताकि समाज मे रहते हुए प्रत्येक व्यक्ति ऊंचे स्तर का जीवन व्यतीत कर सके।
- ☐ विभिन्न परिस्थितियो में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य एव जनसंख्या सम्बन्धी नीति का ज्ञान कराना।
- ☐ मनुष्य के आपसी सम्बन्धों, पति-पत्नी के नाजुक रिश्ते एव समाज मे इन सम्बन्धो की मान्यता को ऊंचे स्तर पर रखने की आवश्यकता की ओर ध्यान देना।
- ☐ विवाह के पवित्र बन्धन को स्वीकार करते हुए महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सामाजिक स्तर पर बनाए रखना क्यो आवश्यक है, और इससे अच्छे राष्ट्र का कैसे निर्माण हो सकता है, इसकी जानकारी देना।

1969 में जनसंख्या शिक्षण का एक परिसंवाद मुम्बई में आयोजित किया गया था, जिसमे जनसंख्या शिक्षण के हितों को स्पष्ट करते हुए बताया गया कि–

- ☐ परिवार के कद को इच्छानुसार नियन्त्रित किया जा सकता है, इस बात की जानकारी विद्यार्थियों को देनी चाहिए।

- ☐ उनमें ऐसे दृष्टिकोण का विकास करना कि जनसख्या शिक्षण जीवन को समृद्ध बनाने मे सहायक, मार्गदर्शक बनता है।
- ☐ छोटे क़द के परिवार एव व्यक्तिगत जीवन इन दोनो के बीच सीधा सम्बन्ध है, इसका स्पष्टीकरण करना है।
- ☐ परिवार के सदस्यो के अच्छे स्वास्थ्य के लिए, परिवार की आर्थिक समृद्धि के लिए छोटे कुटुम्ब का महत्व बताना है।
- ☐ भावी पीढ़ी का भविष्य उज्वल बनाने के लिए जो अवसर प्रदान करना है, उस अवसर के सन्दर्भ में छोटा कुटुम्ब कितना उपयोगी है इसके विषय मे ज्ञान देना है।

संक्षेप के जनसंख्या शिक्षण का उद्देश्य बढ़ती हुई जनसंख्या से उत्पन्न खतरों का ज्ञान नई पीढ़ी को कराना है जिससे वे अपने भविष्य को उन्नत बना सकें। यह तभी सम्भव है जब उन्हें जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं व प्रजनन नियन्त्रण सम्बन्धी ज्ञान हो। यह समस्त ज्ञान आज के युवा-वर्ग को कराना ही इसका मुख्य उद्देश्य है। जनसंख्या शिक्षा का उद्देश्य मानव विकास के उन समस्त आंकडों एवं घटकों का ज्ञान देना है, जो मानव जीवन के बहुमुखी विकास मे सहायक हो सकें।

जनसंख्या शिक्षा की आवश्यकता

जनसंख्या शिक्षा की परिभाषा, उद्देश्य, अंग एव विभिन्न अंगों के अध्ययन के उपरान्त हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि जनसख्या शिक्षा का भारतवर्ष के सन्दर्भ मे अत्यधिक महत्व है। हमारे देश में अनुमानत· लगभग एक अरब व्यक्ति निवास करते हैं और दुनिया के नक्शे में इसका स्थान चीन के पश्चात् द्वितीय है। हमारे देश मे जनसख्या वृद्धि विस्फोटजनक स्थिति मे है। अतः यह आवश्यक है कि देश का प्रत्येक व्यक्ति, बच्चा अथवा बूढ़ा, जनसंख्या शिक्षा अवश्य प्राप्त करे। इस प्रकार के ज्ञान से दोहरा लाभ होगा— आत्मोत्थान एवं भावी पीढ़ी का कल्याण। यदि हम वास्तव में देश की उन्नति चाहते हैं और देश का स्थान विकसित देशो में पहुंचाना चाहते हैं तो हमें यह नारा अपनाना होगा—

"हर एक, सीख एक, सिखाए एक"

भारत में जनसख्या शिक्षा का इतिहास काफी पुराना है। प्राचीन काल में भारतवर्ष की जनसंख्या बहुत कम थी और क्षेत्रीय विस्तार की सम्भावनाए अत्यधिक थीं, इसलिए इस युग की आवश्यकताओं के अनुरूप जनसख्या बढ़ाने के लिए भारतीय पूर्वज विवाह के समय बहु विवाह के साथ-साथ बच्चो की कामना करते थे।

जैसे-जैसे समाज का विस्तार हुआ, जनसंख्या बढ़ती गई तथा उत्पादन और जनसंख्या के अनुपात में असंतुलन की स्थिति पैदा होने लगी, वैसे-वैसे धार्मिक विचारों में भी परिवर्तन आए, तत्काल परिस्थितियो के अनुकूल वैदिक ऋषियो ने भी विवाह संस्था तथा सतानोत्पत्ति की अवधारणा को जन्म दिया और यह व्रत लिया कि पुरुष आजीवन पत्नी का साथ दे। परिस्थितियों के अनुसार जनसंख्या वृद्धि या ह्रास की नीति मे वैदिक काल से ही परिवर्तन होते रहे हैं और जनसंख्या शिक्षा किसी न किसी रूप में दी जाती रही है। भारतीय संस्कृति और परम्परा में जहां एक ओर जनमानस में अपने शाश्वत मानवीय मूल्यों से विचलित न होने का गुण है वहीं दूसरी ओर निरन्तर बदलते हुए समाज में परिस्थितियों के अनुकूल अपने को ढालने और सामंजस्य स्थापित करने का गुण सन्निहित दिखाई देता है। यह लचीलेपन का ही परिणाम है कि सहस्र वर्षो के उतार-चढ़ाव के बावजूद हमारी परम्पराए एवं संस्कृति अभी तक अक्षुण्ण बनी हुई है और मानवता के विकास मार्ग को सदैव प्रशस्त करती आई है।

परिस्थितियों के अनुरूप भारत में ऋषियों, मनीषियों, विचारको आदि ने आदर्श जीवन के लिए अपना सन्देश समय-समय पर दिया है। अत· जनसख्या शिक्षा कोई नई शिक्षा नही है, यह विभिन्न कालो मे विभिन्न प्रकार से विभिन्न उद्देश्यो को लेकर दी जाती रही है। वर्तमान परिस्थिति और माग के अनुसार यह नितान्त आवश्यक है कि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न कुप्रभावों को रोकने, जनता के बहुमुखी विकास एव देश को विकसित देशो की श्रेणी में लाने के उद्देश्य से जनसंख्या शिक्षा को

देश के जन-जन और कोने-कोने तक पहुंचाया जाए।

किसी भी राष्ट्र के सम्पूर्ण सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, शैक्षणिक एव सास्कृतिक विकास में जनसख्या की अति वृद्धि बाधक बनती है। किसी भी व्यक्ति, समाज व राष्ट्र का विकास जनसंख्या शिक्षण की आवश्यकता को स्वीकृत किए बिना नहीं हो सकता। जनसंख्या शिक्षण की आवश्यकता के अनेक कारण है—

जनसंख्या विस्फोट—सम्पूर्ण विश्व मे, विशेष रूप से विकासशील देशों मे जनसख्या वृद्धि की गति अति तीव्र है। मृत्यु दर में कमी एवं जन्म दर में वृद्धि के कारण जनसंख्या को नियन्त्रित नही किया जा पा रहा है। विकासशील देश जनसंख्या को नियन्त्रित करने के उद्देश्य से जन्म दर नियन्त्रित करने के लिए परिवार नियोजन अपना रहे है। इसका सीधा संबंध उन दम्पत्तियो से होता है जो अभी एक सन्तान के जनक हैं और अपनी उत्पादन आयु के अन्दर हैं, उन्हे अपने परिवार का नियोजन करना होगा अन्यथा बहुत विलम्ब हो जाएगा। दूसरी ओर इसका सबंध उन किशोरों से है जो विवाह की आयु की ओर बढ़ रहे हैं, उन्हें इस बात का ज्ञान प्रदान करना है कि—

- प्रजनन एक अनिच्छित व अनियन्त्रित प्रक्रिया नहीं है, पहले ऐसा माना जाता था कि संतान का जन्म एक सयोग है, एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे अकुश मे नहीं लाया जा सकता इस पुरानी मान्यता से युवको को मुक्त करना है।
- जनसंख्या समस्या का सम्बन्ध मात्र प्रौढ़ पीढ़ी से नही है। पहले यह भी मान्यता थी कि युवको के पास करने के लिए अन्य बहुत से कार्य हैं जो रुचिकर एवं महत्वपूर्ण हैं। अत. जनसंख्या समस्या का ज्ञान उनके योग्य नही है। आज यह मान्यता उचित नहीं है। किशोर मन में ही यह सस्कार डालना है कि जनसंख्या वृद्धि की समस्या में उनकी भी महत्वपूर्ण भूमिका भविष्य में आने वाली है।

जनसंख्या और विश्व के प्राकृतिक साधनों में बढ़ता हुआ असन्तुलन—प्राकृतिक सम्पदा प्रकृति की अमूल्य देन है जो सीमित है, उसमें वृद्धि नही की जा सकती। लेकिन आज जनसंख्या असीमित रूप से बढ़ती जा रही है इस कारण प्रकृति एवं मानव के बीच एक असन्तुलन पैदा हो गया है। लोगों को इस सन्दर्भ में ज्ञान कराना है कि जनसंख्या वृद्धि से भयंकर सर्वनाश हो सकता है। अतः जनसंख्या को नियन्त्रित करना होगा। आज यह बात भी सर्वविदित है कि जनसख्या अनिच्छित रूप से नही बढ़ती।

परिवार नियोजन का आम प्रचार-प्रसार—बहुत से विकासशील देशो ने जनसंख्या नियन्त्रण के लिए राष्ट्रीय नीति, जन्म दर नियन्त्रण, परिवार नियोजन आदि कार्यक्रम अपनाए हैं। इन आयोजनों को जन-जन तक पहुचाने के लिए पोस्टर, पेंटिंग्स, पम्फलेट, पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएं, रेडियो, टी.वी. एव सिनेमा आदि की मदद ली जाती है। इन सामूहिक माध्यमों से प्रेक्षकों व श्रोताओ को प्रभावशील ढंग से नियन्त्रित नही किया जा सकता, विशेष तौर पर युवक इस ओर ध्यान नही देते और ध्यान भी दें तो उसे उचित रूप में ग्रहण नही कर पाते जिससे लाभ के स्थान पर हानि की सम्भावना अधिक है। अतएव इस बात की जरूरत है कि जनसख्या समस्या के विषय में सूचना बहुत ही व्यवस्थित ढंग से एवं व्यवस्थित परिवार नियोजन शिक्षण के द्वारा दी जानी चाहिए।

वर्तमान परिवार नियोजन कार्यक्रम को तीव्र बनाने की आवश्यकता—शिक्षण संस्थाओ में जनसख्या शिक्षण देने की आवश्यकता इसलिए अनुभव की गई है कि जनसंख्या समस्या गम्भीर रूप धारण न करे, साथ ही वर्तमान में जन्म दर कम करने का उद्देश्य पूरा किया जा सके। परन्तु जनसंख्या वृद्धि की समस्या इतनी जटिल और विविध रूपी है कि परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने मे अथवा जनसंख्या को नियन्त्रित करने मे बहुत समय लगेगा। भारत मे परिवार कल्याण का उद्देश्य जन्म दर जो 1969-70 मे 38 प्रति हजार थी, जिसे कम करके 20 प्रति हजार तक लाने का प्रयास है, अथवा अनेक नवीन समस्याएं जन्म लेगी। यह बड़ी तीव्रता, गम्भीरता से अनुभव किया गया है कि इसके लिए दीर्घकालीन व विविधलक्षी आयोजन की आवश्यकता होगी। इसी कार्य की पूर्ति हेतु जनसख्या शिक्षण की

आवश्यकता अनुभव की गई है।

जनसंख्या आयु संरचना—आयु आधार पर जनसख्या वितरण की समस्या का अध्ययन महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे श्रम शक्ति के अनुपात का ज्ञान प्राप्त होता है। साधारण रूप से 15-45 वर्ष की आयु संतानोत्पत्ति की अवस्था मानी जाती है। आज वर्तमान में विकासशील देशो मे लगभग चालीस से पैतालिस प्रतिशत जनसख्या का भाग सोलह वर्ष की आयु-सीमा के अन्दर है। भावी दो दशको मे वह प्रौढ़ जनसंख्या का रूप धारण कर लेगी। अतएव प्रजनन के प्रति इस आयु समूह का जैसा भी दृष्टिकोण होगा, वही महत्वपूर्ण बन जाएगा। इसलिए स्कूलों में जनसंख्या शिक्षण अनिवार्य बनाने की आवश्यकता है।

भावी जनपीढ़ी की सफलता हेतु जनसंख्या शिक्षण की आवश्यकता—परिवार नियोजन का सम्बन्ध मात्र वर्तमान की पुनरुत्पादन वाली जनसंख्या से नहीं है, इसका सबंध तो प्रत्येक उस समूह के हर सदस्य से है जो पुनरुत्पादन आयु समूह में प्रवेश कर रहा है। इसलिए परिवार नियोजन के प्रयत्न निरन्तर चलते रहने चाहिए। जनसंख्या समस्या एक दीर्घकालीन समस्या है और इसलिए यह आवश्यक बन जाता है कि आने वाली प्रत्येक पीढ़ी को इसका ज्ञान कराया जाए। इस प्रकार जनसख्या शिक्षण प्रत्येक नई आने वाली पीढी को अपने परिवार मे परिवार नियोजन अपनाने के लिए प्रेरणा देगा।

जनसंख्या शिक्षण उत्तरदायित्वपूर्ण नागरिक एवं प्रभावशाली जीवन शैली तैयार करने का एक माध्यम—विद्यालयों में जनसख्या शिक्षण देने का महत्वपूर्ण कारण है— अति जन वृद्धि से उत्पन्न होने वाली समस्याओ से युवको को परिचित कराना। नि.सन्देह वर्तमान समय में जनसंख्या वृद्धि की तेज रफ्तार से अनेक अनिष्टों के संकेत प्राप्त हो रहे है। अतएव आज कोई भी इस शिक्षण की उपेक्षा नहीं कर सकता। कुछ शिक्षाविद् इस पर जोर दे रहे हैं कि कुछ समय के लिए जनसख्या शिक्षण को शिक्षण प्रवृत्तियों का एक अग बना दिया जाए। परन्तु वास्तव में जनसख्या शिक्षण का अध्ययन समाज विधाओं के अन्तर्गत किया जा सकता है।

आर्थिक विकास तथा व्यवस्थित जनसंख्या वृद्धि का शिक्षा के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध तथा एक-दूसरे पर आधारित होने के कारण हमारी "राष्ट्रीय शिक्षण प्रणाली" के निर्धारकों एव निर्माताओं ने, जनसंख्या की समस्याओं को समझने एवं सुलझाने के लिए, सामान्य शिक्षा मे, जनसंख्या शिक्षण के महत्व को समझा और 1969 में हुए पॉपुलेशन एजुकेशन के नेशनल सेमिनार, मुम्बई में एक विशेष पॉपुलेशन एजुकेशन सेल अर्थात् "जनसंख्या शिक्षण कक्ष" की स्थापना की नीव— एन.सी.ई.आर.टी. के अन्तर्गत रखी गई। नवम्बर 1973 में "पॉपुलेशन ग्रोथ एण्ड ह्यूमन डवलपमेन्ट" विषय पर भारतीय सामाजिक संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित कान्फ्रेंस में जनसंख्या शिक्षण कक्षा के प्रमुख प्रो. टी. एस. मेहता ने "जनसख्या शिक्षण" का महत्व समझाते हुए जनसख्या शिक्षण को प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च स्तरीय शिक्षण में आवश्यक विषय के रूप में पढ़ाने की जोरदार सिफारिश की, जिससे कि अधिक से अधिक युवा-वर्ग जो कि आने वाली भविष्य की पीढ़ी का निर्माता है, जनसंख्या वृद्धि से पैदा होने वाली समस्याओ के प्रति जागरूक रह कर अपने परिवार के नियन्त्रण के बारे मे उचित निर्णय ले सके। केन्द्र सरकार द्वारा परिवार कल्याण कार्यक्रम को तीव्र गति देने के लिए एक विशेष कार्यनीति निर्धारित की गई है जिसके अनुसार स्कूलो व कालेजों के छात्रो के साथ न पढ़ने वाले युवकों को भी जनसंख्या सम्बन्धी शिक्षा दी जाएगी। इस कार्य को सरकारी विभागो, एजेन्सियों व सगठित क्षेत्रो द्वारा सभी कार्यकर्ताओं के लिए चलाए जाने वाले शिक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमो में लागू किया जाएगा। साथ ही महिलाओं को शीघ्र साक्षर बनाने की दिशा में प्रयास तेज किए जाएगे, अधिक सुविधाएं सुलभ कराई जाएंगी ताकि महिला वर्ग जनसंख्या नियन्त्रण में पूरा योग दे सके।

सन् 1962 मे शिक्षाशास्त्री 'श्री वारेन थॉम्पसन' ने अपनी रिपोर्ट (टीचर्स-कालेज रिपोटे) मे, सामान्य शिक्षा के बारे में मत व्यक्त करते हुए जनसख्या शिक्षण के बारे में भी उल्लेख किया जिसका सारांश यह है कि 'शिक्षा का उद्देश्य प्रजातांत्रिक सरकार में अपने नागरिको

को आधुनिक जीवन की जटिल समस्याओं, परिस्थितियो से अवगत कराना है और उन समस्याओं को हल करने के लिए एक पूर्ण ज्ञान प्रदान करना है। आज अनेकानेक समस्याओ का मूल कारण जनसंख्या वृद्धि है जो व्यक्ति, समाज व देश को बाह्य एवं आन्तरिक रूप से प्रभावित करती है। इस समस्या को दूर करने के लिए युवकों को सामाजिक, आर्थिक नीतियो से अवश्य अवगत कराना होगा, नही तो ऊपर से थोपी गई कोई भी नीति सफल नहीं हो सकेगी।

फिलिप एस होसर ने इस बात पर जोर दिया है कि आज भी विश्व के विभिन्न जनसमूहों में जनसंख्या शिक्षण, शिक्षण का अंग नहीं बन पाया है जबकि वर्तमान जनसख्या के सन्दर्भ मे इसे शाला में अध्ययन का एक आवश्यक अग बनाना चाहिए। उन्हीं के शब्दों में—

"Information about population should be regarded as an essential part of general education."

राष्ट्रीय शिक्षा आयोग 1964-66 ने जनसख्या की समस्या को महत्वपूर्ण समस्या समझकर यह सिफारिश की— 'शिक्षा को, राष्ट्रीय योजनाओ को सफल बनाने हेतु, एक प्रभावशाली माध्यम के रूप में प्रयोग किया जाए, जिससे कि व्यक्ति, समाज व देश का कल्याण हो। गुजरात मे सरदार पटेल विश्वविद्यालय को इस बात का श्रेय जाता है कि सर्वप्रथम इसने 'जनसंख्या शिक्षण' को 'को-ऑपरेशन कोर्स' के रूप मे अपनाया। यह कोर्स कालेज के तीनो वर्षो में जनसंख्या सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्रदान करेगा और इसे अनुस्नातक कक्षा तक ले जाने की सम्भावना पर आशा व्यक्त की गई है।

विकासशील देशो मे जनवृद्धि के अनेक कारण हैं जैसे— बाल-विवाह, अशिक्षा, भाग्यवादी दृष्टिकोण, धार्मिक अंधविश्वास, परम्परागत निरर्थक मान्यताए आदि जिनकी जड़ें बहुत गहराई तक समाज मे पहुंच गई हैं, जिनके अनेक सामाजिक, धार्मिक व मनोवैज्ञानिक आधार है। उन्हें जड़मूल से उखाड़ फेंकने का एक ही सही सशक्त उपाय है, और वह है— 'जनसंख्या शिक्षा'।

इस प्रकार स्पष्ट हो जाता है कि 'जनसंख्या शिक्षा' आने वाली पीढ़ी को इस बात के लिए तैयार करती है कि वे जीवन व समाज की वास्तविकताओं, सघर्षो का सामना करने मे समर्थ बन सके। साथ ही वे 20वी सदी की जनवृद्धि से उत्पन्न होने वाली भयंकर स्थिति से अवगत हो सके और जनसंख्या मर्यादा के विषय मे जागरूक बन सके। इसके द्वारा आज की शिक्षण संस्थाएं इस समय की जनवृद्धि की चुनौती का सामना करने के लिए युवको को तैयार करेंगी। उन्हें ऐसी पीढ़ी तैयार करनी होगी जिसका अपना स्वतन्त्र अस्तित्व हो, अपना निजी व्यक्तित्व हो, अपनी दृष्टि हो, अपना बनाया हुआ उन्नत रास्ता हो एवं उनका जीवन सभी सुख-सुविधाओ से सम्पन्न उच्च स्तर का हो। 'जनसख्या शिक्षा' द्वारा आज का युवा वर्ग स्वय का तथा आने वाली पीढ़ियो का जीवन सुखी, समृद्ध, सुव्यवस्थित, उच्चस्तरीय एवं संवरा हुआ बना सकता है।

जनसंख्या शिक्षा– आवश्यक आधार एवं नीति

हमारे देश में पिछले चार दशकों की लगातार योजना के बावजूद हम अपनी सर्वाधिक गम्भीर समस्या— जनसंख्या को नियन्त्रित करना— को हल नहीं कर सके; पर वास्तव में इस दिशा में किए गए हमारे समस्त प्रयास खोखले साबित हुए हैं। यद्यपि जनसख्या वृद्धि नियन्त्रित होने के विभिन्न स्तरो पर विभिन्न विद्वानों द्वारा कई कारण बताए जाते रहे हैं। किन्तु इन सब में सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारण यह रहा है कि हम अपने देश मे आम जनता को उचित रूप से जनसंख्या शिक्षा प्रदान नही कर सके।

इस तथ्य से इन्कार नहीं किया जा सकता कि जनसंख्या शिक्षा आम मनुष्य को एक ऐसी शक्ति प्रदान करेगी जिससे वह चिन्तन एव मनन कर अपने स्वास्थ्य, समाज एवं देश के हित को समझ सकेगा। जनसंख्या शिक्षा के उद्देश्यों एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए ही हमारे देश में प्राचीन समय से ही यह प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न केवल सम्पूर्ण शिक्षा पद्धति मे सम्मिलित रही है, बल्कि विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक ग्रन्थो एव पुस्तको में भी इसके उदाहरण मिलते हैं।

आधुनिक समय मे भी विभिन्न शिक्षाविद् एवं जनसख्या विशेषज्ञ इस बात को स्वीकार करते है, कि जनसंख्या समस्या को हल करने के लिए आम जनता को जनसंख्या शिक्षा देना अति आवश्यक हो गया है। परन्तु यह शिक्षण किस प्रकार प्रदान किया जाए? शिक्षा के किस स्तर से यह शिक्षण आरम्भ किया जाए? शिक्षा के किस स्तर पर जनसंख्या शिक्षा के किस अंग का शिक्षण किया जाए? जनसंख्या शिक्षण का माध्यम कैसा हो? इत्यादि के सम्बन्ध में इन विद्वानों में मतभेद रहे हैं। वास्तव मे जिस प्रकार बिना किसी ठोस आधार एव सोची-समझी रणनीति के अभाव में हमारे जनसंख्या नियन्त्रित करने के अब तक के प्रयास असफल रहे हैं उसी प्रकार यदि जनसख्या शिक्षण के लिए भी यदि पहले कोई आधार नही बनाया गया एवं सोच-समझ कर नीति तैयार नही की गई तो सम्भवतया यह उपाय भी कारगर सिद्ध नहीं हो सके।

वास्तव में जनसख्या शिक्षा किसी एक विषय़ अथवा जीवन के किसी एक पहलू को ध्यान मे रखकर नहीं दी जाती बल्कि मानव के बहुमुखी विकास को दृष्टि मे रखते हुए दी जाती है। अत. जनसख्या शिक्षण का उचित आधार तभी तैयार हो सकेगा जब पहले से यह निश्चित हो सके कि इस शिक्षण के अन्तर्गत किन-किन बातों का समावेश होना चाहिए।

जनसख्या शिक्षण के पाठ्यक्रम में निम्नलिखित बिन्दुओ को आवश्यक रूप से सम्मिलित किया जाना चाहिए—

जनसंख्या सम्बन्धी आकड़े— देश, प्रदेश, जिला, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे कुल कितनी जनसंख्या है, किस गति से वह बढ़ रही है, कब से बढ रही है, ऐसी बातें जनसंख्या के आंकड़ों से जानी जानी चाहिए। जनसंख्या आंकड़ों सम्बन्धी विषय को 'डेमोग्राफी', 'पापुलेशन स्टडी' आदि की भी संज्ञा दी जाती है। इस विज्ञान द्वारा हम यह जानकारी कर सकते हैं कि किसी विशेष समय देश की जन्मदर क्या है, मृत्युदर क्या है, शिशु-दर क्या है, शुद्ध पुनरुत्पादन की क्या महत्ता है, यह कैसे निकाला जाता है, आदि की जानकारी इसी ज्ञान से प्राप्त होती है। उदाहरण के तौर पर भारत वर्ष की जनसख्या 1901 मे 24 करोड़ थी, जो 1981 में 68 करोड़ हो गयी यह जानकारी हमें इसी विज्ञान से प्राप्त हो सकती है। जनसख्या के आंकड़े 10 वर्षीय जनगणना द्वारा जन्म-मृत्यु पंजीकरण एवं विभिन्न प्रकार के शोध अध्ययनो से प्राप्त कर सकते है।

स्वास्थ्य एवं हाइजीन—जनसख्या के स्वास्थ्य का क्या स्तर है, हाइजीन का कितना ज्ञान है इसकी जानकारी भी जनसंख्या शिक्षा का अंग मानी जाती है। स्वास्थ्य का स्तर जानने के लिए देश, प्रदेश के विभिन्न भागों में कितने अस्पताल है, कितने चिकित्सक सरकारी अस्पतालों में कार्यरत है, कितने चिकित्सक प्राइवेट तौर पर सुविधाए दे रहे है, आदि का ज्ञान लाभकारी होता है। युवा पीढ़ी के सदस्यो को व्यक्तिगत 'हाइजीन' जैसे—शरीर की सफाई, दांतो की सफाई, शरीर की विभिन्न जरूरतो का ज्ञान आदि भी इसमें सम्मिलित रहता है। अस्पतालों मे कितनी शैय्याएं उपलब्ध हैं। एक शैय्या पर कितने रोगी सेवा प्राप्त कर रहे हैं। एक चिकित्सक कितने रोगियों को देखने के लिए उपलब्ध है आदि की जानकारी भी इसी विज्ञान से प्राप्त होती है।

सफाई, स्वच्छता एवं पर्यावरण—वातावरण की स्वच्छता, पानी की स्वच्छता सम्बन्धी ज्ञान भी जनसंख्या शिक्षा के अंग हैं। पर्यावरण कैसे स्वच्छ बनाया जाना चाहिए, इसकी क्यों आवश्यकता है? दूषित पर्यावरण से मानव के जीवन और स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है, यह जानकारी भी जनसख्या शिक्षा द्वारा दी जानी चाहिए। पेड़-पौधों से किस प्रकार आक्सीजन प्राप्त होती है, जो कि व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। जनसख्या के बढ़ने से पर्यावरण पर भी प्रभाव पड़ता है। जनसख्या की अत्यधिक वृद्धि से पेड़-पौधों का ह्रास होता है इसीलिए वन सम्पदा मानव के सुख सौभाग्य के लिए आवश्यक है।

प्रजनन एवं पारिवारिक जीवन—स्त्री एवं पुरुष के शरीर में प्रजनन के कौन-कौन से अंग है इसकी जानकारी जनसख्या शिक्षा द्वारा प्रदान की जानी चाहिए। विवाह की आयु क्या होनी चाहिए, इसका परिवार मे बच्चो

की संख्या से क्या सम्बन्ध होता है आदि विषय भी जनसख्या शिक्षा में सम्मिलित किए जाते है, शिशु के गर्भकाल एवं प्रसव के बाद माताओ को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इत्यादि बाते भी जनसख्या शिक्षा द्वारा सिखाई जानी चाहिए।

खाद्य एव पौष्टिक आहार—मनुष्य की मूलभूत तीन आवश्यकताओ में भोजन एक है। किस आयु-वर्ग के लिए किस प्रकार के और कितनी मात्रा मे भोजन की आवश्यकता है, प्रतिदिन मनुष्य को कितनी मात्रा मे और कौन-कौन-सा भोजन खाना चाहिए यह जानकारी इसी शिक्षा के अन्तर्गत प्राप्त होती है। पौष्टिक आहार किन-किन साधनों से प्राप्त किया जा सकता है और क्या पौष्टिक आहार प्राप्त करने के लिए अधिक मात्रा में धन की आवश्यकता है, इस विषय को लेकर भी जनसंख्या शिक्षा में चर्चा की जाती है। उदाहरणस्वरूप अमरूद के तत्व किसी भी अर्थ में सेब के तत्वों से न्यून नहीं होते। किन्तु सेब की अपेक्षा अमरूद बहुत सस्ता उपलब्ध है, जिसे सीमित साधन वाला व्यक्ति भी खा सकता है। अतः धन की कमी की हालत में अमरूद का सेवन करके भी व्यक्ति सेब के बराबर पौष्टिक आहार प्राप्त कर सकता है।

परिवार परिसीमन—परिवार मे यदि बच्चों की संख्या बढ़ जाती है और ससाधनो की कमी है तो उसमें सामंजस्य कैसे स्थापित किया जाए इसकी जानकारी भी जनसंख्या शिक्षा ही देती है। परिवार सीमित करने के क्या-क्या स्थाई, अस्थाई साधन हैं, किस साधन मे क्या अच्छाई, बुराई है, कहा से चिकित्सको एवं साधनों की सेवा सुविधाएं प्राप्त की जा सकती है, यदि परिवार में दम्पत्ति को बच्चा नहीं प्राप्त हो रहा है तो चिकित्सक द्वारा पूर्ण परीक्षण, दवाई अथवा शल्यक्रिया से दम्पत्ति की सहायता करना। मौटे तौर पर परिवार परिसीमन का कार्यक्रम कम बच्चो का ही नहीं है, बल्कि बच्चे न होने की दशा में सहायता करना भी है।

मातृ एवं शिशु कल्याण कार्यक्रम—समाज में गर्भवती माताओं एवं शिशुओं का विशेष स्थान है। क्योंकि माता ही परिवार में सब प्रकार की शिक्षा देती है और परिवार के सदस्यों का ध्यान रखती है। यदि माता का ही स्वास्थ्य ठीक नहीं है, उसे वांछित पौष्टिक भोजन उपलब्ध नही हो पाता, रोगों से बचने के लिए जिन टीकों और दवाइयों की आवश्यकता है वे नहीं प्राप्त होतीं, तो परिवार का स्तर कभी भी ऊंचा नहीं उठ सकता है। इसी प्रकार नवजात शिशुओं के लिए प्रथम एक वर्ष तक विशेष तौर पर और उसके बाद भी लगभग 4 वर्ष की अवस्था तक विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि शिशुओं को रोगों से बचाया जा सके, और ऊची मृत्युदर मे कमी लाई जा सके। साथ ही माताओ की प्रसव से पूर्व, प्रसव के समय एव प्रसवोपरान्त किस प्रकार से देखभाल होनी चाहिए आदि बातों की जानकारी मातृ एवं शिशु कल्याण कार्यक्रम से दी जा सकती है। इस कार्यक्रम को भली-भांति क्रियान्वित करके माताओं की प्रसव के समय सभावित मृत्यु से काफी हद तक छुटकारा पाया जा सकता है।

जनसंख्या शिक्षण के लिए ठोस आधार की तैयारी में जनसंख्या शिक्षण के अंगों के निश्चितीकरण के बाद एक अन्य महत्वपूर्ण समस्या यह निश्चित करना भी रहती है कि शिक्षण के इन विभिन्न अंगो में से किस-किस अंग को शिक्षा के किस स्तर पर पढ़ाया जाए। यद्यपि इस संबंध मे भी विद्वानों में बड़े विवाद है। कुछ के विचार मे जनसंख्या शिक्षा प्राथमिक स्तर से ही शुरू कर देनी चाहिए क्योंकि इस स्तर पर ही छात्रों की संख्या सर्वाधिक होती है और इस समय वे किसी भी तथ्य को ग्रहण करने के लिए संवेदनशील भी होते है। इसके अतिरिक्त इस समय जो सस्कार पड़ जाएंगे वे ही भविष्य के व्यवहार की आधारशिला बनेंगे। परन्तु कुछ लोग इसका विरोध करते है और कहते हैं कि इससे एक ओर तो बच्चों पर पाठ्यक्रम का बोझ जरूरत से ज्यादा हो जाएगा दूसरी ओर उम्र के इस दौर मे ही जनसख्या वृद्धि और उसके परिणामों को बताकर अन्धकार मे भविष्य की कल्पना कराकर उनके मन में निराशा और डर की भावना पैदा नहीं करनी चाहिए। इन विद्वानों के विचार में जनसंख्या शिक्षा निम्न माध्यमिक और माध्यमिक स्तर पर आरम्भ की जानी चाहिए चूंकि

विश्वविद्यालय के स्तर तक भारत मे बहुत ही कम लोग पहुंचते है। अतः इसे उस स्तर के पाठ्यक्रम मे स्थान देने की आवश्यकता नही है। परन्तु वास्तविकता यह है कि यह दोनों ही विचार एकदम ठीक प्रतीत होते हैं। आवश्यकता यहा पर पुनः नियोजन करने की है। वास्तव में जनसख्या शिक्षण के कई अंग हैं जिनमे से कुछ जैसे स्वास्थ्य एव हाइजीन, सफाई, स्वच्छता एवं पर्यावरण, खाद्य एव पौष्टिक आहार इत्यादि का शिक्षण बच्चों को प्राथमिक स्तर पर ही प्रारम्भ कराया जा सकता है, क्योकि इससे न तो बच्चो पर अतिरिक्त पाठयक्रम का कोई बोझ पडेगा और न ही उन्हे प्रत्यक्ष रूप से प्रजनन एवं पारिवारिक जीवन तथा जनसंख्या वृद्धि के भयकर परिणामो की जानकारी अभी न देकर भविष्य के प्रति आशावान बनाया जा सकेगा। इसमे सन्देह नही है कि प्राथमिक स्तर मे बच्चा जिस उम्र में होता है वह बहुत अधिक सवेदनशील होता है। अत' इस समय उसे जनसंख्या शिक्षण के समस्त अगों से परिचित कराना उचित भी नहीं होगा। परन्तु जहां प्राथमिक स्तर पर पढ़ाई प्रौढ़ शिक्षा के अन्तर्गत हो रही है वहां इसी स्तर पर प्रौढ़ विद्यार्थियो को जनसख्या शिक्षण के समस्त अगो एव उद्देश्यों से अवश्य ही परिचित कराया जाना चाहिए। सक्षेप में जनसख्या शिक्षण का प्रारम्भ बच्चों के लिए प्राथमिक स्तर पर सीमित एवं चयनित रूप में तथा प्रौढ़ो के लिए विस्तृत एव सम्पूर्ण रूप में किया जाना चाहिए। जब बच्चे निम्न माध्यमिक एवं माध्यमिक स्तर पर आते जाए वैसे-वैसे उन्हें जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों से अधिकाधिक परिचित कराया जाना चाहिए। यह सोचना आज गलत है कि विश्वविद्यालय स्तर पर बहुत कम छात्र पहुचते है। वास्तव मे, आज विभिन्न विश्वविद्यालयों के पजीकरण की स्थिति देखी जाए, वहा पर भी स्थिति गम्भीर होती जा रही है।

इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय स्तर पर छात्र वयस्क होने के कारण बात को अधिक समझने लगता है। अत' इस स्तर पर भी जनसंख्या शिक्षण का विशिष्ट अध्ययन ठीक उसी प्रकार कराया जाना चाहिए जैसा कि अन्य विषयों का कराया जाता है।

जनसख्या शिक्षण को व्यापक स्तर पर आरम्भ करने से पहले उसके लिए किए जाने वाली आवश्यक तैयारी में यह बात भी आवश्यक है कि यह निश्चित किया जाए कि जनसंख्या शिक्षा को विभिन्न स्तरों पर अन्य विषयों में इसे जोड कर न पढ़ाया जाए बल्कि इसे एक अलग विषय के रूप में स्थान दिया जाए। इसका कारण यह है कि यदि प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर जनसंख्या शिक्षा से सम्बन्धित प्रकरणों को इतिहास, भूगोल, नागरिकशास्त्र, अर्थशास्त्र, सामान्य विज्ञान, गृह विज्ञान अथवा जीवविज्ञान इत्यादि विषयों के साथ जोड़ कर पढाया जाता है तो मुख्य विषय के महत्व के आगे इन प्रकरणों का महत्व गौण हो जाता है और इसीलिए न तो उन्हें ठीक से पढ़ाया जाता है और न ही विद्यार्थी एवं अभिभावक इन्हे अधिक महत्व देते है। इसके विपरीत यदि जनसंख्या शिक्षा को, भले ही बहुत छोटे पाठ्यक्रम के साथ, एक पृथक विषय के रूप में पढाया जाए, हर स्तर पर उसकी पृथक परीक्षा भी हो, जैसी कि अन्य विषयो की होती है तो न केवल विद्यार्थी की दृष्टि में बल्कि शिक्षक एव अभिभावक की दृष्टि में भी जनसख्या शिक्षा अन्य विषयो की भांति महत्वपूर्ण हो जाएगी और तब इसका पठन एवं पाठन दोनों ही गम्भीरता के साथ किए जाएगे और तब विद्यार्थी अपने जीवन मे कुछ न कुछ तो अवश्य ही ग्रहण करेगा। इस सम्बन्ध मे यह भी आवश्यक है कि शिक्षण प्रशिक्षण स्तर पर जनसंख्या शिक्षा को अवश्य ही रखा जाए क्योंकि जब तक शिक्षकों को ही जनसंख्या शिक्षा सबंधी विषय सामग्री और उसके पढ़ाने के तौर-तरीके मालूम नही होगे तब तक वह ठीक से विद्यार्थियों को नहीं पढ़ा सकेगे। जनसंख्या शिक्षण के लिए आवश्यक आधार तैयार करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी आवश्यक है कि जनसख्या शिक्षण के लिए एक उचित नीति बनाकर क्रियान्वित भी की जाए। इसके अन्तर्गत समाज में शिक्षको, विभिन्न ऐच्छिक सामाजिक संगठनों एव सरकार आदि सभी की बडी गम्भीर भूमिका की आवश्यकता होगी।

वास्तव में जनसंख्या शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम में स्थान देने पर ही उद्देश्य की प्राप्ति नही हो सकती

इसके लिए पहले तो शिक्षक को हृदय से इस उत्तरदायित्व को स्वीकारना होगा। तत्पश्चात् दोहरी भूमिका का निर्वाह करना होगा। पहली भूमिका तो उनकी यह है कि अपने विद्यालय के बच्चों को जनसख्या शिक्षा दें। उनके शैक्षिक स्तर के अनुकूल ही उनको समस्या से अवगत कराया जाए। विषय की रोचकता बनाए रखने के लिए विभिन्न भाषा, वाद-विवाद और नाटक, प्रदर्शन आदि जैसे पाठ्यक्रम भी आयोजित किए जाएं। विद्यालय में जब कभी भी कोई प्रदर्शनी लगे तो उसमें एक भाग जनसंख्या शिक्षा से सम्बन्धित हो। इस सबध मे निरतर शिक्षा सर्वाधिक प्रभावी होगी। शिक्षकों की दूसरी भूमिका यह होनी चाहिए कि वे विद्यालय के बाहर के युवकों को भी जनसख्या शिक्षा दें। इसके लिए शिक्षक विद्यालयों में इन युवको को अपने तत्संबधी कार्यो मे भाग लेने का अवसर दे। जब कभी भी वियालयो मे जनसंख्या शिक्षा संबंधी भाषा, वाद-विवाद, प्रदर्शनी अथवा चलचित्र आदि का आयोजन हो तो इन युवकों को आमन्त्रित किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त शिक्षकों को जनसेवा कार्यो के अन्तर्गत नगर और ग्रामीण जनता के पास पहुंचकर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिए।

शिक्षकों के आतिरिक्त समाज में विद्यमान विभिन्न समाजसेवी एवं ऐच्छिक संगठनों को भी जनसख्या शिक्षण के कार्य के लिए आगे आना चाहिए। ये संगठन अपने कार्यकर्ताओ द्वारा अपने-अपने क्षेत्र विशेष में इस शिक्षण से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रमों को विभिन्न प्रदर्शनियो, मेले, भाषणों आदि के माध्यम से विभिन्न उपायों से आम जनता की रुचि बनाए रखने के लिए शिक्षण प्रदान करना चाहिए।

जन-शिक्षा के सबसे अधिक प्रभावशाली साधन है—पोस्टर, पत्र, पत्रिका, रेडियो, टेलीविजन, नाटक और चलचित्र। जनसंख्या शिक्षा सबधी केन्द्रीय और प्रान्तीय विभागों को इस कार्यक्रम को प्रौढ़ शिक्षा के साथ जोड देना चाहिए और प्रौढ़ों को लिखने, पढ़ने, सामान्य जीवन की जानकारी, अपने अधिकार एव कर्तव्यो की जानकारी के साथ-साथ उन्हे जनसंख्या वृद्धि के प्रति जागरूक करना चाहिए। इसके लिए 'छोटा परिवार सुखी परिवार' के पोस्टर लगवाने चाहिए, पत्र, पत्रिकाओं में जनसंख्या शिक्षा संबंधी सामग्री प्रकाशित की जानी चाहिए, रेडियो पर वार्ताएं एव नाटक प्रसारित करने चाहिए, टेलीविजन पर नाटक और चलचित्रो द्वारा विचारो को जीवित रूप दिया जाना चाहिए। इससे स्कूल के बच्चे और स्कूल के बाहर के व्यक्ति सभी लाभान्वित होंगे व हमारा पूरा समाज, देश व विश्व भी लाभान्वित होगा। ▢▢

3 एम.आई.जी., अशोक विहार
डब्ल्यू-1 साकेत नगर, कानपुर
उत्तर प्रदेश

शैक्षिक सुधार – दायित्व या व्यापार

❐ सत्यनारायण त्रिपाठी

शिक्षा राष्ट्र के सभी नागरिकों के लिए आवश्यक है क्योंकि राष्ट्र का व्यक्तित्व उसके नागरिकों के व्यक्तित्व में परिलक्षित होता है। कोठारी आयोग (1964-66) ने शायद इसीलिए कहा है कि भारत का भाग्य उसके कक्षा-कक्ष में संवर रहा है। हमारे संविधान निर्माताओं ने इस बात को बहुत पहले ही भांप लिया था इसीलिए संविधान की धारा-45 में संविधान लागू होने के 10 वर्ष के अन्दर 14 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था सरकार द्वारा किए जाने के लिए कहा गया है। उच्चतम न्यायालय ने तो संविधान को स्पष्ट करते हुए कहा है कि शिक्षा का अधिकार मौलिक अधिकार है जो उसके जीने के अधिकार से व्युत्पन्न है। अतः शिक्षा प्राप्त करना सभी का अधिकार है लेकिन क्या राष्ट्र शिक्षा के प्रत्येक स्तर को सभी नागरिकों के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य कर सकता है?

प्रत्येक राष्ट्र सभावनाओं की सर्वोच्चता की तरफ अग्रसर एव भावनात्मक दृष्टि से आबद्ध व्यक्तियो का अद्‌भुत संगठन है। राष्ट्र की समुन्नतता एवं प्रगतिशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसके नागरिक अपनी सभावनाओं की सर्वोच्चता के कितने निकट है। नागरिकों को अपनी संभावनाओ की सर्वोच्चता पर प्रतिष्ठित करना समुचित शैक्षिक परिवेश का कार्य है। समुचित शैक्षिक परिवेश व्यष्टिगत न होकर समष्टिगत है जिसे राष्ट्र जैसी समष्टिगत संस्था ही उपलब्ध करा सकती है। यही कारण है कि प्रत्येक राष्ट्र अपने राष्ट्रीय दर्शन के अनुरूप राष्ट्रीय लक्ष्यो की प्राप्ति हेतु एक राष्ट्रीय शैक्षिक तत्र सृजित करता है। राष्ट्रीय शैक्षिक तत्र जितना ही सुदृढ एवं आधुनिकतम प्रणाली उपागमों पर आधारित होगा उतना ही वह राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होगा। इसलिए राष्ट्रीय शैक्षिक तत्र मे सतत् परिमार्जन एव सशोधन की आवश्यकता होती है। जब राष्ट्र अपने शैक्षिक तंत्र को सुदृढ एव पुनर्गठन का प्रयास करता है तो उसे शैक्षिक सुधार की संज्ञा दी जाती है। हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) एवं उसका सशोधित स्वरूप (1992) इसका नवीनतम उदाहरण है। हमारी वर्तमान शिक्षा नीति ने राष्ट्रीय जनतत्रात्मक मूल्यों की कसौटी पर शिक्षा मे जो संशोधन की दिशा सुनिश्चित की है क्या वह राष्ट्रीय दायित्व है अथवा राष्ट्रीय आय बढ़ाने हेतु व्यापार का साधन है? यह अत्यन्त विचारणीय विषय है जिस पर शिक्षाशास्त्रियों व मनीषियों का गंभीर चिंतन आवश्यक है।

शिक्षा ही मनुष्य को सृष्टि का अप्रतिम प्राणी बनाए हुए है। शिक्षा द्वारा ही व्यक्ति विभिन्न सस्कारों के माध्यम से अपने शरीर, मन और आत्मा के तीनो पक्षो का समन्वित विकास कर समाज एव राष्ट्र का उपयोगी नागरिक बनता है। व्यक्ति ही राष्ट्रीय विकास के विभिन्न पक्षों में प्रशासक, विशेषज्ञ एव कार्मिक बनाता है। इसलिए राष्ट्र का उत्तरदायित्व है कि व्यक्ति को शिक्षा द्वारा उसके वैयक्तिक विकास के साथ-साथ सामाजिक विकास को ऐसी दिशा

प्रदान करना जिससे वह राष्ट्र का महत्वपूर्ण प्राणी बन सके। भारत एक जनतंत्रात्मक देश है जिसका वैयक्तिकता का पूर्ण सम्मान करना मूलभूत सिद्धान्त है। समानता, स्वतत्रता एव भ्रातृत्व भाव हमारे शासन का आधार हैं। वैज्ञानिक एव तकनीकी क्षेत्रों में प्रगति ने लोगों के आत्म विश्वास को बढ़ाया है। जिससे हमारे जनतत्रात्मक मूल्य और अधिक प्रगाढ हुए हैं। इसलिए आज हमारी मान्यता है कि व्यक्ति अपने पर शासन कर सकता है और वह स्वतंत्रता, शक्ति एव जिम्मेदारी पूर्ण कार्यो का अधिकारी है। हमारे जीवन का तरीका एवं गुण ऐसे महत्वपूर्ण सिद्धान्तो पर आधारित हैं जो व्यक्ति एवं समूह के व्यवहार को निर्देशित एवं नियत्रित करते है। अतः हमारी शिक्षा का लक्ष्य व्यक्ति को उसकी अस्मिता को प्रभावित किए बिना सामाजिक मूल्यो एवं आदर्शो के प्रति आकर्षित करना है। यही कारण है कि हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) मे अब तक के संचित साधनो को इस्तेमाल करते हुए समाज के हर वर्ग को फायदा पहुचने की बात कही गई है। इस दृष्टि से शैक्षिक सुधार राष्ट्रीय दायित्व है जिससे समाज एव राष्ट्र निरन्तर प्रभावी एवं दक्ष ढंग से अपने लक्ष्यो की प्राप्ति कर सके। चूंकि शिक्षा भौतिक एवं आध्यात्मिक (सा विद्या या विमुक्तये) विकास की बुनियाद है इसलिए राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में सबके लिए शिक्षा की सकल्पना को सत्य करने की आवश्यकता है। आज सर्वत्र व्यक्ति के उन्नयन हेतु जीने की कला, कुछ करने की कला तथा कुछ बनने की कला निरन्तर सीखते रहने पर बल दिया जा रहा है। सीखते समाज का निर्माण राष्ट्र की परमावश्यकता हो गई है। इसलिए वर्तमान समय मे किसी भी राष्ट्र की शैक्षिक प्रणाली स्थिर नहीं रह सकती। राष्ट्र को अपनी शैक्षिक प्रणाली को गतिशील बनाए रखना अत्यावश्यक ही नहीं उसके अस्तित्व की आधारशिला है।

शैक्षिक सुधार दायित्व या व्यापार है पर निर्णय करने के पूर्व हमे अपनी वर्तमान नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 1986 की मशा को पूरा करना होगा। इस नीति मे शिक्षा का सार एव भूमिका निम्नलिखित बताई गई है–

- ☐ हमारे राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में 'सबके लिए शिक्षा' हमारे भौतिक एवं आध्यात्मिक विकास की बुनियादी आवश्यकता है।
- ☐ शिक्षा सुसस्कृत बनाने का माध्यम है। यह हमारी संवेदनशीलता और दृष्टि को प्रखर करती है जिससे राष्ट्रीय एकता पनपती है, वैज्ञानिक तरीको के अमल की सभावना बढ़ती है और समझ एव चिंतन की स्वतत्रता आती है। साथ ही हमारे सविधान में प्रतिष्ठित समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के लक्ष्यों की प्राप्ति मे अग्रसर होने में हमारी सहायता करती है।
- ☐ शिक्षा के द्वारा ही आर्थिक व्यवस्था के विभिन्न स्तरों के लिए जरूरत के अनुसार जनशक्ति का विकास होता है। शिक्षा के आधार पर ही अनुसंधान एवं विकास को सम्बल मिलता है जो राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता की आधारशिला है।
- ☐ कुल मिलाकर यह कहना सही होगा कि शिक्षा वर्तमान तथा भविष्य के निर्माण का अनुपम साधन है। इसी सिद्धान्त को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्माण की धुरी माना गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उल्लिखित उपर्युक्त शिक्षा के सार एवं भूमिका को देखने से स्पष्ट है कि व्यक्ति, समाज व राष्ट्र के भविष्य एव वर्तमान के निर्माण हेतु, राष्ट्रीय मूल्यो के प्रचार-प्रसार हेतु, राष्ट्रीय जनशक्ति के विकास हेतु शिक्षा में वाछित सुधार हमारा परम् दायित्व है। यदि हम इस दायित्व को पूरा नही करते तो राष्ट्र का सूक्ष्म स्तर से लेकर व्यापक स्तर पर क्षरण अवश्यम्भावी है। शैक्षिक सुधार व्यापार न होकर दायित्व है यह बात राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) (6 20) से भी स्पष्ट है जिसमें कहा गया है कि तकनीकी एव व्यावसायिक शिक्षा के अन्तर्गत यह नीति रखी गई है कि शिक्षा के प्रमाणों को बनाए रखने तथा अन्य अनेक माकूल कारणों को ध्यान में रखकर तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा का व्यापारीकरण रोका जाएगा। इसके विकल्प के रूप में स्वीकृत मानदण्डों और सामाजिक लक्ष्यों के अनुरूप इन क्षेत्रो में निजी एवं स्वैच्छिक प्रयासों को शामिल करने की एक नई पद्धति तैयार की जाएगी। शैक्षिक सुधार की मंशा निश्चित रूप से राष्ट्रीय दायित्व बोध है। इसके

लिए निजी प्रयासो का उपयोग साधन है न कि साध्य। इसका अद्यतन उदाहरण 1995 में अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र से व्यापारीकरण को रोकने हेतु हमारी संसद ने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के गठन हेतु विधान पारित किया।

शिक्षा राष्ट्र के सभी नागरिकों के लिए आवश्यक है क्योकि राष्ट्र का व्यक्तित्व उसके नागरिको के व्यक्तित्व मे परिलक्षित होता है। कोठारी आयोग (1964-66) ने शायद इसीलिए कहा है कि भारत का भाग्य उसके कक्षा-कक्ष में सवर रहा है। हमारे सविधान निर्माताओं ने इस बात को बहुत पहले ही भाप लिया था इसीलिए सविधान की धारा-45 में सविधान लागू होने के 10 वर्ष के अन्दर 14 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों को नि.शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था सरकार द्वारा किए जाने के लिए कहा गया है। उच्चतम न्यायालय ने तो सविधान को स्पष्ट करते हुए कहा है कि शिक्षा का अधिकार मौलिक अधिकार है जो उसके जीने के अधिकार से व्युत्पन्न है। अतः शिक्षा प्राप्त करना सभी का अधिकार है लेकिन क्या राष्ट्र शिक्षा के प्रत्येक स्तर को सभी नागरिको के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य कर सकता है? सरकार की क्षमता इसी से आकी जा सकती है कि उसने संविधान के लागू होने के 10 वर्ष के अन्दर की बात तो दूर रही वह तो उसके लागू होने के 50 वर्ष के अन्दर भी अपनी सवैधानिक जिम्मेदारी कि– 14 वर्ष तक की आयु के बच्चो को निःशुल्क एव अनिवार्य शिक्षा दे सके– नही निभा सकी। अत. प्रत्येक स्तर की शिक्षा को नि शुल्क एवं अनिवार्य बनाने की हम कल्पना नहीं कर सकते। परन्तु प्रारम्भिक शिक्षा मानवीय दृष्टिकोण से मानवीय निवेश है। इसलिए राष्ट्र को प्रारम्भिक शिक्षा को निवेश मानकर सभी नागरिकों को देना नैतिक जिम्मेदारी है। सरकार की निरन्तर नीतियां इस तरफ उसे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं। प्रारम्भिक शिक्षा मे भी निजी प्रयास हो रहे है जिससे शिक्षा का तो प्रसार हो रहा है परन्तु सरकारी प्रयास उत्तम न होने के कारण प्रारम्भिक स्तर पर भी शिक्षा में व्यापारीकरण की प्रवृत्ति बढ़ी है जिससे नागरिकों को वांछित लाभ नहीं मिल पा रहा है।

उच्च शिक्षा का लक्ष्य व्यापक है। इस स्तर पर छात्र अपने व्यक्तिगत हितों को ध्यान में रखते हुए समाज, राष्ट्र एव विश्व के हितों का भी ध्यान रख सकता है। इस सदर्भ में पी.आर. दुभाषी (उ. शि. प. 212, 1994 पृष्ठ 214) कहते हैं–

"उच्च शिक्षा का उद्देश्य युवकों को तैयार करना है ताकि वे अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं को संतुष्ट करने के उपरान्त समाज की प्रगति में योगदान करें।"

उन्होने स्नातक शिक्षा का लक्ष्य छात्रों को ज्ञान के सीमान्त तथा अनुसंधान जगत की देहली पर पहुचाना बताया है। आज भूमण्डलीकरण के युग में ज्ञान का और भी अधिक महत्व बढ़ गया है। हमारे यहा ज्ञान का महत्व बहुत ही पहले समझा गया था इसीलिए कहा गया है– ज्ञानं मनुजस्य तृतीयं नेत्रं अर्थात् ज्ञान मनुष्य का तृतीय नेत्र है। यही नहीं सर्वस्य लोचनं शास्त्रं अर्थात् ज्ञान सभी का नेत्र है, ज्ञानी मनुष्य की सर्वत्र पूजा होती है– विद्वान सर्वत्र पूज्यते। पीटर एफ. ड्रकर ने अपनी पुस्तक "पोस्ट कैपिटलिस्ट सोसाइटी" में आज की समाज की चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा है सबसे बड़ी चुनौती "ज्ञान सम्बन्धी काम और ज्ञान सबंधी कार्यकर्ता की उत्पादकता" है। आज ज्ञान की सब जगह पूजा होगी यह बात स्पष्ट हो चुकी है। अतः आज आवश्यकता है कि अधिसंख्य छात्रों में ज्ञान की समृद्धि हो, पर्याप्त सम्प्रेषण की क्षमता हो, दृष्टि की व्यापकता हो तथा वे सामाजिक एवं राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत हों। अतः राष्ट्र का परम दायित्व है कि अपने नागरिकों को ज्ञान पिपासु बनाने वाली शैक्षिक प्रणाली का सृजन करे।

परन्तु आज उच्च शिक्षा में छात्रो द्वारा ज्ञान प्राप्त करने की स्थिति क्या है? हमारे यहा प्रचलित परीक्षा प्रणाली 35 प्रतिशत अंक पाने पर छात्रो को उत्तीर्ण घोषित करती है जबकि वे 65 प्रतिशत ज्ञान से अछूते रहते हैं। इसलिए हम आज की परीक्षा प्रणाली को अनुग्रह प्रणाली कह सकते हैं जिसे किसी प्रवीणता पर आधारित परीक्षा प्रणाली से स्थानापन्न करने की आवश्यकता है। शिक्षा की चुनौतियां–1985 नामक दस्तावेज में शिक्षा

के विभिन्न स्तरों पर समस्याओ का विषद् विवेचन किया गया है। उसमें कहा गया है कि छात्रो से अपेक्षा की जाती है कि वे विषय को समझें अथवा न समझें, बस पाठ्यपुस्तक में दी गई सामग्री को रट डाले। कदाचित वे इतना भी नहीं करते। वे कक्षाओ मे लिखवाए गए नोटो, कुंजियों मे दी गई खिचड़ी सामग्री अथवा प्राइवेट कोचिंग क्लासो, जो उच्च शिक्षातंत्र के समानान्तर चल रही हैं, पर निर्भर करते हैं। अपने आप अध्ययन करने की कोई गुंजाइश नहीं है। इसलिए इसमे आश्चर्य की कोई बात नहीं कि अधिसंख्य छात्रो में ज्ञान सीमित होता है, इनमें सम्प्रेषण की कमी, दृष्टि सकुचित तथा सामाजिक अथवा राष्ट्रीय दायित्व की भावना शून्य होती है। अत· हम कह सकते है कि आज उच्च शिक्षा उच्च नहीं रह गई है। यह दीर्घकालिक होने के कारण बेरोजगार युवकों की शरण स्थली बन कर रह गई है। उच्च शिक्षा प्रायः नि·शुल्क (रुपए के अवमूल्यन के कारण) होने के कारण छात्रों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। उच्च शिक्षा प्राप्त व्यक्ति को रोजगार प्राप्तकर्ता के स्थान पर रोजगार प्रदाता होना चाहिए परन्तु आज का शिक्षित बेरोजगार तो रोजगार के योग्य ही नही है क्योकि वह सस्ती एवं मुफ्त डिग्री पाने का आदी हो गया है।

जनसंख्या बढ़ने से उच्च शिक्षा पर व्यय निरन्तर बढ़ता जा रहा है। इस व्यय को कहां से जुटाया जाए तथा शिक्षा की गुणवत्ता कैसे बनाई जाए? यह ज्वलत समस्या है। इस समस्या को प्रसिद्ध अर्थशास्त्री शुल्ट्ज के शिक्षण एव अधिगम प्रक्रिया के सम्प्रत्यय से अधिक स्पष्ट किया जा सकता है। उन्होंने शिक्षण एवं अधिगम को उत्पादन की सरल प्रक्रिया माना है। उनकी परिकल्पना के अनुसार अध्यापन एवं अधिगम की प्रक्रियाओं से नई उत्पादक परिसम्पत्ति का निर्माण होता है जिसे मानव पूंजी की संज्ञा दी जा सकती है। मानव पूंजी मानवीय एवं भौतिक संसाधनो की उपलब्ध निधि मे सवृद्धि करती है। इसीलिए शिक्षा को पूंजी या उत्पादक विनियोग माना जा सकता है। अत· शिक्षा में सुधार हेतु प्रतिछात्र लागत व्यय के आधार पर शैक्षिक तंत्र को समझने का प्रयास किया जा रहा है। केन्द्रीय विश्वविद्यालय में प्रतिछात्र लागत व्यय कला एवं विज्ञान विषयों मे क्रमशः 22,250 रुपए एव 32,210 रुपए हैं। राज्य विश्वविद्यालय में यह व्यय अत्यन्त कम है। इसलिए पुनैया समिति ने सिफारिश की कि उच्च शिक्षा को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग या राज्य सरकार पर बहुत अधिक निर्भर न रहकर अपने स्वयं के संसाधनों को सृजित करना चाहिए। इसी स्वय के संसाधनों के सृजित करने के प्रयास को शिक्षा का वाणिज्यीकरण या व्यापारीकरण की सज्ञा दी गई।

अब उच्च शिक्षा में शिक्षा के व्यय का 15 प्रतिशत से अधिक व्यय किया जा रहा है जबकि उच्च शिक्षा के लाभार्थी (उच्च आय-वर्ग के 30 प्रतिशत) बहुत कम हैं और थोड़े लोगो के लाभार्थ सामान्य वर्ग के लोगों की कमाई का हिस्सा नही लगाया जा सकता। अत उच्च शिक्षा की व्यवस्था कुछ इस प्रकार करनी होगी कि जो इसके लाभार्थी हैं वे अपने लाभ के लिए शिक्षा पर व्यय करें। इन्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, इन्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेण्ट और इनफोर्मेशन टैक्नोलॉजी के लोग शिक्षा प्राप्त कर बहुत ऊंची कमाइया करते हैं। इन संस्थाओं में पढ़ने हेतु छात्रों को बहुत सारी कम्पनियां ऋण एवं वित्तीय सहायता स्वत· प्रदान करती है। इन सस्थाओं के विशेषज्ञ अपनी शर्त पर शिक्षण कार्य करते हैं। इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षण संस्थाओं में पूंजी सरकार या निजी क्षेत्र के लोग लगाएं तथा उसमें अध्यापक अपनी शर्तो पर अध्यापन कार्य करे तथा उनके अध्यापन के जो लाभार्थी हैं वे उनके खर्च को वहन करे। छात्रो को अपने द्वारा चुने गए अध्यापकों एवं संस्थाओ मे पढ़ने का अधिकार हो। संस्थाओं पर किसी का वर्चस्व न हो। वे केवल छात्रों एवं अध्यापकों को क्रमश· अध्ययन एवं अध्यापन की सुविधा प्रदान करने का अभिकरण हों। इसमें छात्रों और अध्यापकों में आत्म-विश्वास की प्रवृत्ति बढ़ेगी तथा उनमें स्वतंत्र चितन का विकास होगा। उच्च शिक्षा कीमतशुदा होगी और उच्च शिक्षा हेतु वांछित व्यक्ति को उसके लिए व्यय करना होगा। यद्यपि शिक्षा में यह प्रवृत्ति व्यापारीकरण जैसी दिख रही है परन्तु यदि इस तरह की प्रणाली विकसित हो गई तो शिक्षण संस्थाओ, शिक्षको व छात्रों मे प्रतिस्पर्धा

की भावना का उदय होगा जो कि उनके विकास का परिचायक होगा। इस प्रणाली से कुछ विषय जिनका व्यावसायिक मूल्य होगा उनका महत्व निश्चित रूप से बढेगा परन्तु कुछ विषय जिनका बौद्धिक मूल्य है उनका महत्व पहले जैसा नहीं रह सकेगा। ऐसे विषयों को सरकार व अन्य संस्थाओ को संरक्षण प्रदान करना पडेगा। ऐसे विषयों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सीमित संस्थाएं बनानी होंगी जिससे उन पर व्यय को कम किया जा सके। इसी प्रकार कमजोर तबको के लोगो को नेशनल बैंक ऑफ एजुकेशन की स्थापना करके योग्य लोगों को ऋण देना होगा तथा कुछ जरूरतमंद लोगों के लिए ऋण सहायता के रूप में देना होगा। इस व्यवस्था से उच्च शिक्षा का स्तर निश्चित रूप से उठेगा तथा उस पर अनावश्यक रूप से उच्च शिक्षा लेने वाले लोगों की संख्या में भी ह्रास होगा।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि प्रारम्भिक स्तर पर शिक्षा निवेश के रूप में राष्ट्र का दायित्व है परन्तु उच्च शिक्षा लाभार्थियों की मदद से बिना लाभ लिए संरक्षित एव संवंर्धित करना भी सरकार का दायित्व है। इस स्तर पर सरकार शिक्षा में व्यापारिक दृष्टिकोण रख सकती है परन्तु इसे व्यापार नही बना सकती। व्यापारिक दृष्टिकोण शिक्षा में जिम्मेदारी की प्रवृत्ति को बढावा देगा तभी तात्रिक उपागम के फलस्वरूप शिक्षा अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होगी। ▢▢

शिक्षा विभाग
दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर, उत्तर प्रदेश

शिक्षा में सम्प्रेषण

❑ आशा भन्साली

"शिक्षा जीवन में तैयार करती है, युवकों को सामाजिक, सांस्कृतिक तथा अन्य दायित्वों के लिए, उनके मस्तिष्क को प्रशिक्षित करती है अच्छे तथा बुरे में अन्तर समझने के लिए, उनमें विकसित करती है, निष्ठा तथा आत्मविश्वास, उनके मस्तिष्क को स्वतन्त्र करती है– भय से, घृणा से, ईर्ष्या से तथा उनके व्यक्तित्व के श्रेष्ठतम अंश को सम्मुख लाती है।"

शिक्षा के इन प्रयोजनों की प्राप्ति सम्प्रेषण से होती है। अतः शिक्षा तथा उससे सम्बन्धित शिक्षण तथा अधिगम के कार्यो में सम्प्रेषण का अत्यधिक महत्व है। सम्प्रेषण शिक्षा के उद्देश्य की पूर्ति के माध्यम के रूप में कार्य करता है। इस प्रक्रिया में सम्प्रेषक विचारों, मतों, तथ्यों एवं भावनाओं को दूसरों तक सम्प्रेषित करने के लिए विभिन्न प्रकार के संचार माध्यमों जैसे लिखित, मौखिक, दृश्य, श्रव्य, का प्रयोग करता है और संग्राहक तक पहुंचता है। सम्प्रेषण हमारा विकास करने, सिखाने, जागरूक रखने और समायोजन योग्य बनाता है। विचारों के सम्प्रेषण से ही आपसी समझ व आपसी सम्बन्ध स्थापित हो सकते हैं।

शिक्षा तथा उससे सम्बन्धित शिक्षण तथा अधिगम के कार्यो मे सम्प्रेषण एव गुरु-शिष्य के मध्य अन्योंयाश्रय अन्त.क्रिया समावेशित होती है। यह अन्तःक्रिया शिक्षा के उद्देश्यो की पूर्ति के माध्यमों के रूप में होती है। इस प्रकार सम्प्रेषण अन्य लोगों के साथ सामान्य अनुभव प्राप्त करना है।

सम्प्रेषण मानवीय अन्त क्रिया का एक सही अर्थ मे चुनौतीपूर्ण एव उत्तेजक क्षेत्र है। वर्तमान समय में सम्प्रेषण कौशल अध्ययन आकर्षित कर देने वाला है।

सम्प्रेषण कौशल के पाच प्रमुख अंग होते हैं– ● बोलना, ● सुनना, ● लिखना, ● पठनीयता या पठनीय लेखन, ● अशाब्दिक सकेत।

आज की औपचारिक शिक्षा मे प्रत्यक्षत. उन सभी अंगों की पूर्णत. उपेक्षा की गई है। आज सर्वप्रथम यह आवश्यकता है कि बालक को किसी भी एक भाषा में इतना निष्णात कर दिया जाए कि वह उस भाषा में बोलकर अपने विचार व्यक्त कर सके, उस भाषा को सुनकर समझ सके, अपने विचार उस भाषा में लिख सके तथा स्वय उस भाषा सम्बन्धी साहित्य का अध्ययन कर सके तथा उस भाषा में रचना कर सके। ये सभी सम्प्रेषण के अग प्राथमिक स्तर पर ही पूर्णत सिखा दिए जाने चाहिए किन्तु इनका सर्वत्र अभाव ही परिलक्षित होता है।

वास्तव मे सम्प्रेषण का प्रयोग रोचकतापूर्वक तथ्यों, भावनाओं, आकड़ों, सवेगों, विचारों और दृष्टिकोणों के आदान-प्रदान द्वारा अन्त.क्रिया द्वारा किया जाना चाहिए इसे बोझिल अथवा कठिन नहीं बनाना चाहिए।

अध्यापक पाठ्य-वस्तु को इतने रोचक ढग से छात्रों के समक्ष प्रस्तुत करे कि छात्र सहजता से ही उस ज्ञान का अधिगम कर ले।

आज बदलते हुए सामाजिक परिवेश की आवश्यक आवश्यकता है कि आज का प्रत्येक व्यक्ति सम्प्रेषण के इन पांचो तत्वो में निष्णात हो। जिस प्रकार छात्र में किसी भी विषय या क्षेत्र से सम्बन्धित कुशलता का विकास करना आवश्यक माना जा रहा है उसी प्रकार व्यक्तित्व के विकास के लिए सम्प्रेषण कला का ज्ञान भी आवश्यक हो गया है।

सम्प्रेषण एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा किसी भी सूचना को समुचित रीति से प्रदान किया जा सकता है तथा एक साझे प्रतीकात्मक संकेत मे अनुदित कर प्राप्तकर्ता तक प्रेषित किया जा सकता है। सम्प्रेषण इस प्रकार किया जाए कि किसी भी जानकारी को प्राप्तकर्ता अच्छी तरह समझ ले।

सम्प्रेषण के आधार – सम्प्रेषण तथ्यों, विचारों, दृष्टिकोणों, भावनाओ तथा अभिवृत्तियों का अन्त क्रियात्मक प्रेषण है। सम्प्रेषण एक अन्तःवैषर्यिक अवधारणा है क्योकि सैद्धान्तिक रूप से यह विभिन्न विषयो जैसे गणित, मनोविज्ञान, लेखाशास्त्र, भौतिक विज्ञान, जीवविज्ञान, पर्यावरणीय ज्ञान आदि तक पहुंचने का एक तरीका है।

सचार एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें प्रतीकों को छांटना, चयन तथा सम्प्रेषण इस प्रकार समावेशित होते हैं जिससे सुनने वाला भेजने वाले के मस्तिष्क मे निहित अर्थो को पुनर्रचित कर विषय का बोध करता है। सूचना तथा सहस्रों सम्भावित उद्दीपनों का हस्तान्तरण सम्प्रेषण मे समावेशित है अर्थात् सूचना भेजने वाला यदि यह कहता है कि– "नौ बज गए है" तब सूचना प्राप्त करने वाले को "नौ बजना" यह कहना उसके लिए उद्दीपन का कार्य करता है और यह उद्दीपन सुनने वाले को निर्दिष्ट समय का बोध कराते हुए वाच्छित क्रिया करने को बाध्य करता है। सम्प्रेषण ऐसे दो या दो से अधिक व्यक्तियों या समूह के बीच ही सम्भव है जो समान भाषा या समान बोली जानता हो।

केवल मनुष्य ही शब्दो द्वारा दृश्य, ध्वनि, स्पर्श, गन्ध तथा स्वाद को अभिव्यक्त करने में सक्षम है। ये गन्ध रसादि साधन सदेशों के आदान-प्रदान के विभिन्न प्रकार है। सम्प्रेषण ही एक ऐसा माध्यम है जिसने मानव के विकास की सीढियों का ज्ञान कराया और उसे आदिम मानव से सभ्य मानव में बदल दिया।

सम्प्रेषण की परिभाषा – अमरीकन सोसाइटी ऑफ ट्रेनिग डायरेक्टर्स के अनुसार – "सम्प्रेषण वह तत्व है जो विचारों और सूचनाओ के हस्तांतरण से मानव मे आपसी समझ, भ्रातृत्व की भावना, सहयोग और आत्मविश्वास उत्पन्न करता है।"

न्यूमेन एवं समर के अनुसार – "सम्प्रेषण एक अथवा अनेक लोगों के मध्य तथ्यों का, विचारों का, दृष्टिकोणों का और सवेगों का आदान-प्रदान करता है। सम्प्रेषण को शब्दों, पत्रों, सकेतों और सदेशों के द्वारा किए जाने वाले समागम के रूप मे भी परिभाषित किया जा सकता है, और यह एक शैली है जिसके द्वारा एक संगठन के सदस्य परस्पर अर्थ और अभिप्राय को आपस मे एक साथ समझते है।

लेलेंड ब्राउन के अनुसार– "सम्प्रेषण तथ्यों, विचारों *अथवा कार्य की दिशा का अन्तःपरिवर्तन और प्रसारण है।"*

एम.टी.मेयर्स एवं जी.ई.मेयर्स के अनुसार – "सम्प्रेषण से अभिप्राय एक विशेष प्रकार का प्रारूप बनाने से है। ऐसा प्रारूप जिसे प्रतीकात्मक रूप में व्यक्त किया जाता है। जनसमूह के मध्य सम्प्रेषण के लिए दो आवश्यक शर्ते हैं– ● *सम्बद्ध व्यक्तियों द्वारा प्रतीकात्मक प्रणाली* को समान रूप से ग्रहण किया जाए। ● सम्बद्ध व्यक्तियों द्वारा समान भाषा व बोली का प्रयोग आवश्यक है। प्रतीको और संदर्भों के मध्य साहचर्य को भी समान रूप से ग्रहण किया जाना चाहिए।

सम्प्रेषण का क्षेत्र – सम्प्रेषण का क्षेत्र बहुत ही व्यापक एवं विस्तृत है। यह एक ऐसा अन्तर्शास्त्रीय विषय है जिसका क्षेत्र असीमित है। सम्प्रेषण प्रेषक और सग्राहक इन दो के मध्य निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है। जिससे प्रेषक और संग्राहक अपने विचारों, तथ्यों, भावनाओं, अभिवृत्तियों, दृष्टिकोणों की अन्तःक्रिया कर सके। अन्तःक्रिया की इस प्रक्रिया मे कई प्रकार के सकेतो का उपयोग होता है। ये सकेत शब्द, क्रिया, चित्र, संख्या आदि हो सकते हैं।

सम्प्रेषण का अभिप्राय निर्देशों, आदेशो, अनुदेशो

को निचले स्तरों तक भेजना कदापि नहीं है क्योंकि ऐसा करना तो केवल एक दिशा में ही सम्प्रेषण होगा। द्विपक्षीय सम्प्रेषण उच्च स्तरीय होता है–

सम्प्रेषण दो प्रकार का होता है–

● आन्तरिक सम्प्रेषण, ● बाह्य सम्प्रेषण

आन्तरिक सम्प्रेषण भावो के मध्य होता है जैसे किसी नेता का जनता के मध्य प्रतिष्ठा बनाना। आन्तरिक सम्प्रेषण प्रबन्धन के कार्यो जैसे निर्देशन, समन्वयन, नियोजन, व्यवस्थापन, प्रेरणा आदि के निष्पादन में सहायक होता है।

बाह्य सम्प्रेषण सगठन से बाहर सन्देशो को भेजने से सम्बन्धित होता है। ऐसा बाह्य सम्प्रेषण शिक्षा, सरकार, उसके विभागों, उसकी व्यवस्था करने आदि से सम्बन्धित होता है।

तकनीकी के विकसित होने से मौखिक सम्प्रेषण एव लिखित सम्प्रेषण के अनेक साधन उपलब्ध हो गए है। आज बड़ी से बड़ी कम्पनियां, शैक्षिक सगठन अपने प्रबंधन को चलाने एव उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु कई प्रकार के मौखिक, शाब्दिक, लिखित माध्यमो का चुनाव करती हैं जैसे – लिखित साधनो में पोस्टर, बुलेटिन बोर्ड, वार्षिक रिपोर्ट, हैन्डबुक, जरनल, मैनुअल आदि। शाब्दिक माध्यमों में जैसे आमने-सामने वार्तालाप, व्याख्यान, गोष्ठिया, बैठके, साक्षात्कार, परामर्श प्रदान करने के सत्र आदि। शाब्दिक माध्यमों में प्रयुक्त उपकरण जैसे माइक, टेलीफोन आदि।

सम्प्रेषण की प्रकृति – वर्तमान समय में संगठनो को सम्प्रेषण प्रणालियों के रूप मे प्रस्तुत किया जाता है। यह एक ऐसी औपचारिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा वाछित, समान लक्ष्यो की प्राप्ति की जाती है। यह व्यक्तियो, समूहो, विभागो आदि के बीच सूचना का आदान-प्रदान है। प्रत्येक सगठन की अपनी एक उपप्रणाली होती है और लक्ष्यो की प्राप्ति के लिए उपप्रणालियों के बीच सदैव अन्त.क्रिया होती है। सम्प्रेषण उपप्रणालियों व उनके साथ सम्पूर्ण प्रणाली को सूचना तथा आंकड़े प्रेषित करता है।

प्रभावी रूप से सम्प्रेषण के लिए यह आवश्यक है कि सम्प्रेषक विभिन्न सम्प्रेषण कौशलो जैसे वक्तव्य, लेखन, सुनकर समझना, पठन-कौशल आदि मे दक्ष हो। यही कारण है कि सफल एवं प्रभावी सम्प्रेषण निर्मित किए जाते हैं जन्म नही लेते हैं। इसीलिए यह विषय मनुष्य द्वारा सम्प्रेषण कौशल प्राप्ति और उसके लिए किए गए प्रयासो की कथा है।


प्रागैतिहासिक मानव ध्वनियों, धूएं के संकेत प्रेषित करता था जिससे अपनी भावनाओं को दूसरो तक पहुंचाता था। जैसे-जैसे वह सभ्य एवं सुसंस्कृत होता गया सम्प्रेषण की विधाओ मे भी परिष्करण होता चला गया।

सम्प्रेषण की प्रक्रिया– सम्प्रेषण एक संगठन मे व्यक्तियो और समूह के लिए एक गतिशील माध्यम है। इस प्रक्रिया में सम्प्रेषक विचारों, मतों, तथ्यों एवं भावनाओं को दूसरों तक सम्प्रेषित करने के लिए एक विभिन्न प्रकार के संचार माध्यमो का प्रयोग करता है। यह माध्यम लिखित, मौखिक, दृश्य-श्रव्य हो सकते है। दृश्य संचार माध्यम में स्लाइड्स, नियोन होर्डिंग्स, पोस्टर आदि सम्मिलित है। टेलीविजन तथा फिल्मे श्रव्य-दृश्य सम्प्रेषण माध्यम है।

सगठन का लक्ष्य विभिन्न सचार माध्यमों की प्रक्रिया द्वारा प्राप्त किया जाता है उसे सक्रिय बनाया जाता है। सम्प्रेषक कब और क्या सम्प्रेषित करना चाहता है इसका चयन करता है और सम्प्रेषण के लिए उनके माध्यम निर्धारित करता है। सग्राहक सन्देश ग्रहण करता है, विश्लेषण करता है, बोध करता है और उसका प्रत्युतर देता है। यह सम्पूर्ण क्रम संचार प्रक्रिया है। प्रक्रिया के रूप मे यह नित्य घटित होता है और निरन्तर जारी रहता है।

सम्प्रेषण प्रक्रिया के तत्व– सम्प्रेषण की सम्पूर्ण प्रक्रिया में निम्नलिखित तत्व समावेशित होते हैं–

- ☐ सन्देश
- ☐ प्रेषक
- ☐ संकेतन
- ☐ माध्यम
- ☐ सग्राहक
- ☐ विसकेतन।



सन्देश– संदेश कथित या लिखित जानकारी का अंश है जिसे एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक हस्तांतरित करना होता है। यह सम्प्रेषण की विषय-वस्तु होता है। इसमे कोई तथ्य, विचार, राय, आंकड़ा, प्रवृति या कार्य की दिशा जिसमें सूचना सम्मिलित हो समावेशित हो सकती है। इसका अस्तित्व सम्प्रेषक के मस्तिष्क में होता है।

सम्प्रेषक– यह संदेश का प्रेषक या प्रसारक होता है। यह एक व्यक्ति होता है जो संदेश को सम्प्रेषित करता है। यान्त्रिक युक्तियों की दशा में जिनका प्रयोग सम्प्रेषण मे किया जाता है। उपसम्प्रेषक (पैरा ट्रान्समीटर) एक चालक होता है। वह व्यक्ति जो सदेश देता है सम्प्रेषक या भेजने वाला कहलाता है।

संकेतनः सम्प्रेषण प्रतीक– प्रतीक में विषय-वस्तु स्थापित करने की प्रक्रिया संकेतन कहलाती है। किसी भी सम्प्रेषण का संदेश या विषय-वस्तु सदैव अमूर्त (ऐब्स्ट्रक्ट) होती है और उसका आर्थिक मूल्य नहीं आंका जा सकता। सन्देश के सम्प्रेषण के लिए कुछ प्रतीकों के प्रयोग की आवश्यकता होती है। सम्प्रेषक अपने विचारों को, प्रतीकों, चिन्हों आदि के समूहों में नियोजित तथा सगठित करता है। सकेतन क्रिया विचारों, तथ्यो, भावनाओं तथा मतों का अनुवाद प्रतीको, चिन्हों, शब्दो, कार्यो, चित्रों तथा श्रव्य-दृश्य साधनों आदि मे करती है। यह सम्प्रेषक पर निर्भर करता है कि वह निर्दिष्ट श्रोता या सग्राहक तक प्रभावी सम्प्रेषण हेतु जिस माध्यम को ठीक समझे उसका चयन करे।

सम्प्रेषण माध्यम– सम्प्रेषण माध्यम (चैनल) से अभिप्राय उन माध्यमो से है जिनसे होकर सन्देश भेजा जाता है। चयनित शब्दों, प्रतीकों या चिन्हों को किसी निश्चित माध्यम द्वारा श्रोता या संग्राहक तक सम्प्रेषित किया जाना चाहिए।


संग्राहक– सग्राहक वह व्यक्ति होता है जिसे सन्देश प्रेषित करना प्रेषक को अभीष्ट होता है। वह व्यक्ति जो सदेश ग्रहण करता है, सग्राहक कहलाता है।

विसंकेतन– विसंकेतन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक सांकेतिक सन्देश को साधारण रूप से समझे जाने वाली भाषा में अनुदित किया जाता है। सग्राहक प्रेषक से प्राप्त प्रतीकों, शब्दो या चिन्हों को परिवर्तन करके सन्देश का अर्थ प्राप्त करता है।

कार्य करना– संदेश द्वारा समझे गए अर्थ के अनुसार संग्राहक कार्य करता है। यह संदेश को क्रियान्वित करता है।

पृष्ठ-पोषण– प्रेषक को सन्देश के विषय में ज्ञान को वापिस भेजना पृष्ठ-पोषण कहलाता है। यह सुनिश्चित करता है कि सग्राहक ने सन्देश प्राप्त कर लिया है और उसे उसी अर्थ में समझा है जिसमें प्रेषक ने भेजा है।

सम्प्रेषण प्रक्रिया, मॉडल तथा सिद्धान्त– सम्प्रेषण के मूलभूत मॉडल में सूचना परक अथवा विश्लेषणात्मक क्रिया समावेशित है। जिसमे सन्देश, सूचना या सूचना के प्रति प्रतिक्रिया प्रेषक से सग्राहक तक सम्प्रेषण चैनल



नामक पथ से पहुंचती है।

शिक्षक या शैक्षणिक माध्यम द्वारा सम्प्रेषित सन्देश मौखिक या दृश्य हो सकता है और संग्राहक सुनकर, देखकर या परखकर तथा अन्य तरीको से प्रतिक्रिया व्यक्त कर सकता है। कक्षा मे प्रयुक्त सम्प्रेषण चैनल को सन्देश तथा प्रतिसन्देश दोनों को आदर्श तरीके से समाहित करना चाहिए। इसमे प्रारम्भ करना, सग्रहण करना तथा प्रत्युतर देना समावेशित है जो कि पृष्ठ-पोषण का कार्य करता है।

हैरॉल्ड डी. लॉसवेल मॉडल—लॉसवेल की सम्प्रेषण प्रक्रिया अपने व्यापक विश्लेषण के अन्तर्गत चार मूलभूत तथा महत्वपूर्ण प्रश्न उठाती है। ये प्रश्न निम्नलिखित हैं—

★ कौन? ★ क्या? ★ किसे? ★ कौन सा?

सम्प्रेषण प्रक्रिया में प्रेषक के व्यवहारगत पक्षों को लॉसवेल द्वारा भली-भाति स्थापित किया गया है। लेकिन इनका मॉडल सम्प्रेषण के कार्य से सम्बन्धित कुछ प्रश्न उठाकर इस प्रक्रिया में कुछ प्रमुख तत्वो की ओर इंगित करता है। ये प्रश्न इस प्रकार हैं—

★ कौन ? ★ क्या कहता है ? ★ किस माध्यम से ? ★ किसे कहता है ? ★ क्या प्रभाव पडता है?

★ क्यों?— हम सम्प्रेषण क्यों करना चाहते है?

★ सम्प्रेषण का क्या प्रयोजन है?

★ क्या ये प्रेरित करने के लिए है या सूचित करने के लिए?

★ क्या किसी विशेष कार्य के किए जाने की आवश्यकता है?

★ क्या? — हम क्या सम्प्रेषित करना चाहते है?

(सन्देश) एक आदेश ? एक विचार ? एक प्रवृत्ति ? या एक भावना ?

कैसे ? — किस प्रकार के शब्द या सम्भावित कार्य सबसे अच्छी तरह से आवश्यकता की पूर्ति करते हैं?

(माध्यम)

कौन ? — हम किससे सम्प्रेषण करते हैं?

(संग्राहक)

कब ? – इस संदेश को प्राप्त करने का सही समय कब है?

(प्रभाव सहित)

सिद्धान्त

☐ लक्ष्यभेद सिद्धान्त (बुल्स आई)

☐ पिंगपोग सिद्धान्त (पिंग-पोंग)

☐ स्पाइरल सिद्धान्त (स्पाइरल)

सम्प्रेषण के लाभ

● सहकर्मी से बेहतर तालमेल।

● अध्यापक का छात्र के साथ व्यवहार।

● अभीवर्धित मान्यता तथा अप्रभावी सम्प्रेषण शैलियो को बदलने की क्षमता।

● अन्तर्वैयक्तिक विवादों को समझाने के लिए नए कौशल।

● प्रबंधन तथा कर्मचारियों के परस्पर आमुखन द्वारा उच्चतर कार्य निष्पादन मानको की स्थापना।

● विपरीत परिस्थितियो मे भी उत्पादकता में वृद्धि।

● साक्षात्कार तथा परामर्श की बेहतर तकनीकें।

● सगठन मे आधार प्रदान करने तथा विश्वास अर्जित करने का परिवेश उत्पन्न करने की क्षमता।

● विभिन्न संकुलों के सहकर्मियो के प्रति समझ विकसित करने में लचीलापन।

● सुनने की सक्रिय तथा परिशुद्ध आदतें।

● टीम की भावना, साहचर्य, गौरव तथा लक्ष्य की एकरूपता उत्पन्न करने के प्रति उत्साह।

● सूचना सीमाओं के परे सम्प्रेषण की क्षमता जैसे आर. एण्ड डी. अर्थात् शोध एव विकास के बीच सम्प्रेषण की क्षमता।

● अन्तर्वैयक्तिक प्रेरण की अभीवर्धित शक्तिया।

इस प्रकार के सम्प्रेषण में प्रमुख मूल्य इस प्रकार है–

● सामूहिक क्रियाओ में सहभागिता के प्रति सहमति।

● लेखन मे अधिकाधिक सुगमता तथा स्पष्टता।

● परामर्श देने मे आत्मविश्वास।

● कार्य को सम्पन्न करने के लिए बने समूहों या समितियों की प्रभाविता मे सुधार।

● लोगो के सामने प्रभावी रूप से बोल सकना आत्मविश्वास के साथ लोगों का सामना करना।

अच्छे सम्प्रेषण के दस मूल-मंत्र

अमरीकन मैनेजमेंट एसोसिएशन ने अच्छे सम्प्रेषण श्रेष्ठतम, मुख्यतम तत्व इस प्रकार प्रस्तुत किए

● सम्प्रेषण से पूर्व विचारों को स्पष्ट करना।

● सम्प्रेषण के वास्तविक प्रयोजन की जाच क

● भौतिक तथा मानवीय सम्पूर्ण परिवेश को विचा लेना।

● सम्प्रेषणीय सामग्री के नियोजन में जब भी : हो दूसरों से परामर्श प्राप्त करना।

● संदेश की मूलभूत विषय-वस्तु के साथ-साथ उ अतिरचना के प्रति सावधान रहना।

● जब भी सम्भव हो उपयोगी सूचना प्रदान क

● सम्प्रेषण पर पृष्ठ-पोषण।

● भविष्य तथा वर्तमान को ध्यान में रखते हुए सम करना।

● शब्दों को कार्यों से आधार प्रदान करना।

● एक अच्छा श्रोता बनना।

सम्प्रेषण के उद्देश्य

● मानव सम्बन्ध–सम्प्रेषण के बिना पारस्परिक विकसित नहीं हो सकती तथा मानव सम्बन्धों में पारस समझ सम्प्रेषण द्वारा ही सम्भव है।

● एम्पाथी– अन्य व्यक्ति के साथ उस जैसा ही अ करना एम्पाथी है, जिसे वाणी द्वारा व्यक्त किय सके। सहानुभूति, दूसरों के लिए दुःख का अनुभव है जिसे शब्दो द्वारा अभिव्यक्त किया जा सकत

● प्रेरित करना– परसुएशन एक ऐसी प्रक्रिया है ि कार्य करने के लिए तर्क द्वारा सन्तुष्ट करना व करना होता है। एक व्यक्ति को तैयार करने के त मे एक भाषण देना है। जिस व्यक्ति को प्रेरित होता है उसमें मानव रुचि की भावना उत्पन्न उसे अपने कार्य के कारण और प्रभाव को सम जा सकता है।

● सूचना–संगठनों मे सूचना लेना और सूचना एक सतत् चलने वाली प्रक्रिया है।

● प्रभावित करना–सूचना सम्प्रेषित करने का उद्देश्य प्राप्त करने वाले के व्यवहार को परिवर्तित करना है। सम्प्रेषण का लक्ष्य वाच्छित लक्ष्य की ओर प्रेरित करना, प्रभावित करना तथा सक्रिय बनाना है।

● समझ–अन्तर्वैयक्तिक स्थिति मे संघर्ष का प्रमुख कारण पारस्परिक समझ का अभाव है। समझ के इस अन्तराल को पाटने (दूर करने का) सबसे महत्वपूर्ण प्रबंधन प्रकार्य सम्भवतया सम्प्रेषण है। जिसके बिना पारस्परिक समझ को विकसित नहीं किया जा सकता।

● गलत सूचना को हतोत्साहित करना– सम्प्रेषण का उद्देश्य न केवल नीतियो, नियमो, आदेशों, पद्धतियो तथा उद्देश्यो का हस्तान्तरण एवं विनिमय है अपितु सम्प्रेषण मे विकृति से बचना भी है। सम्प्रेषण का उपयोग गलत सूचना या अफवाह, गप्प के प्रसार को हतोत्साहित करना है और कर्मचारियो के भावनात्मक तनावो से उन्हें मुक्त करना है।

● सुझाव तथा शिकायतें–सम्प्रेषण का एक अन्य उद्देश्य उत्पादन तथा कार्य स्थितियों मे सुधार के लिए मातहतों से सुझाव तथा विचारों को प्रोत्साहन करना है। इससे समय तथा लागत में कमी हो सकती है और कच्चे माल के अपव्यय से बचा जा सकता है।

● उन्मुक्त विनिमय–सम्प्रेषण का द्विपक्षीय मॉडल सूचना तथा विचारों के उन्मुक्त आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करता है जो सभी कर्मचारियों को संदेश समझने और स्वीकार करने का अवसर प्रदान करते हैं।

अच्छे सम्बन्ध

● *संरक्षण प्रदान करने की प्रवृत्ति*

संरक्षण के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरणा, सहयोग तथा कार्य से सन्तोष अधिक आवश्यक है। सम्प्रेषण का प्रयोजन एक ऐसी प्रवृत्ति को संरक्षण देना है जो प्रेरणा, सहयोग तथा कार्य सन्तोष के लिए आवश्यक है।

सम्प्रेषण का प्रयोजन

प्रकार्य

अनुदेशनात्मक प्रकार्य– अनुदेशनात्मक प्रकार्य कमोबोश निर्देशात्मक प्रवृत्ति का होता है। इसके अन्तर्गत सम्प्रेषण आवश्यक निर्देशों तथा मार्गदर्शन सम्प्रेषित करता है। जिससे कार्य को सम्पन्न किया जा सके। इसमे अनुदेश ऊपर से निचले स्तरो की ओर प्रवाहित होते हैं।

समाकलन प्रकार्य– सम्प्रेषण का समाकलन प्रकार्य मुख्यत. विभिन्न प्रकार्यों के मध्य अन्तर्सम्बन्ध स्थापित करना होता है। यह प्रबन्धन प्रकार्यो के एकीकरण मे मदद करता है।

सूचना प्रकार्य– किसी भी संगठन में सम्प्रेषण का प्रयोजन का कार्य व्यक्ति या समूह को विषय के बारे मे जानकारी देना है। शीर्ष स्तर का प्रबन्धन, मध्य स्तर के बाद निम्न स्तर पर नीतियों की जानकारी प्रदान करता है। सम्प्रेषण का मुख्य प्रयोजन जानकारी पाना या दूसरों को जानकारी देना है।

मूल्यांकन प्रकार्य– सम्प्रेषण व्यक्ति को जानकारी देने का उपकरण है। इससे स्वयं के द्वारा संगठन में जानकारी देना उसका मूल्याकन करना, स्वय अपने आगत या दूसरों के निर्गत का मूल्यांकन अथवा किसी वैचारिक योजना का मूल्यांकन एक व्यक्ति तथा प्रभावी सम्प्रेषण प्रक्रिया की मांग है।

निर्देशात्मक प्रकार्य–सम्प्रेषण शीर्ष प्रबन्धन द्वारा निर्देश जारी करने के लिए या मैनेजर द्वारा निचले स्तर पर दूसरो को निर्देशन देने या स्वय निर्देशित होने के कार्य, सम्पूर्ण सम्प्रेषण प्रक्रिया बिना नही किए जा सकते। दूसरों को निर्देशित करना मौखिक या लिखित रूप से सम्प्रेषित किया जा सकता है, एक आदेश एक सामान्य प्रार्थना हो सकती है या अन्त.निहित आदेश हो सकता है।

प्रभावित करने के प्रकार्य– दूसरों को प्रभावित करने या स्वयं प्रभावित होने के लिए एक सम्पूर्ण सम्प्रेषण प्रक्रिया आवश्यक है। इसमें पृष्ठ-पोषण का प्रावधान अन्त.निहित है जो सम्प्रेषण के प्रभाव के विषय मे बताता है।

आकस्मिक तटस्थ प्रकार्य– सम्प्रेषण अनेक आकस्मिक तथा तटस्थ प्रकार्य सम्पन्न करता है किसी सगठन के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु किए गए सम्प्रेषण के बहुत से टुकड़े प्रत्यक्षत. जुड़े हुए नही होते। सम्प्रेषण बहुधा संगठनात्मक लक्ष्यो की पूर्ति मे अप्रत्यक्ष रूप से योगदान

देता है। उदाहरण के लिए सम्प्रेषण संगठन के भीतर सामाजिक सम्पर्क प्रदान करता है।

शिक्षण प्रकार्य– विद्यार्थियों को शिक्षित करने के लिए पूर्ण सम्प्रेषण की आवश्यकता होती है। इसी प्रकार किसी व्यवस्था अथवा संगठन के श्रमिकों को शिक्षित करने के लिए भी सम्प्रेषण आवश्यक है जिसमें उन्हें कार्य करते समय व्यक्तिगत सुरक्षा के विषय में सिखाया जाता है। यह सम्प्रेषण श्रमिको को दुर्घटना या जोखिम आदि से बचने में मदद करता है और कार्यशैली सम्बन्धी लागतों को दूर करता है।

आमुखन प्रकार्य–सम्प्रेषण लोगो को सहकर्मियो से, उच्चाधिकारियो से उनकी नीतियो, उद्देश्यो तथा संगठन के नियमों से परिचित होने मे मदद करता है।

साक्षात्कार प्रकार्य– साक्षात्कार के सम्प्रेषण के लिए फ्रासिस जे. बेटगिन के 'सैवन सी' बहुत महत्वपूर्ण है। वे इस बात की वकालत करते हैं कि मौखिक सम्प्रेषण मे 'सी' से प्रारम्भ होने वाले सात शब्द स्मरणीय है–

- ☐ क्लैवर – चतुर
- ☐ क्लियर – स्पष्ट
- ☐ कम्पलीट – पूर्ण
- ☐ कनसाईज – सारभूत
- ☐ काक्रीट – ठोस
- ☐ करेक्ट – शुद्ध
- ☐ करुटियस – विनम्र

साक्षात्कार दो व्यक्तियों के बीच वार्तालाप है जिन्हे साक्षात्कारकर्त्ता, साक्षात्कारदाता कहते हैं। ये दोनों एक-दूसरे के साथ अन्त.क्रिया करते है।

निर्णय देने वाला प्रकार्य– प्रभावी निर्णय करना तभी सम्भव है जब आवश्यक हो और पर्याप्त जानकारी निर्णयकर्ता को उपलब्ध हो। मौखिक अथवा लिखित सम्प्रेषण निर्णय लेने की प्रक्रिया में मदद करता है। सामान्य रूप से सगठन में प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यक जानकारी प्रदान करनी होती है। जिससे वे अपना कार्य प्रभावी व दक्षतापूर्ण तरीके से कर सकें।

सम्प्रेषण की बढ़ती हुई महत्ता के लिए उत्तरदायी घटक

बड़े आकार का संगठन– बड़ी संख्या मे व्यक्ति संगठन के अन्दर तथा बाहर कार्य करते हैं। यह आकार सगठन में पद सोपान के विभिन्न स्तर उत्पन्न करता है। निर्देशन तथा समन्वयन समस्याए उत्पन्न करते हैं। यह एक महत्वपूर्ण घटक है जो सम्प्रेषण की बढ़ती हुई महत्ता के लिए भी उत्तरदायी है। यह केवल बहु माध्यम अथवा बहुचैनल के साथ घटित होता है। इसमें सम्प्रेषण, निर्देशन, समन्वयन तथा प्रेरण करना सम्भव हो जाता है। इस प्रकार प्रबन्धन, शिक्षण, व्यवस्थापन की प्रक्रिया में सम्प्रेषण एक महत्वपूर्ण कडी है।


तकनीकी विकास– सम्प्रेषण के बढते महत्व के लिए उत्तरदायी एक अन्य महत्वपूर्ण घटक तकनीकी प्रगति या विकास है। तकनीकी विकास के कारण बडी सख्या में मौखिक एव लिखित सम्प्रेषण के लिए प्रयोग की जाने वाली आन्तरिक युक्तिया विकसित हो गई हैं। सम्प्रेषण तकनीक में सम्प्रेषण युग्म के अन्दर सप्रेषण क्राति के कारण बहुत तेज रफ्तार से संप्रेषण तकनीक मे परिवर्तन हुए है। जिनके हम साक्षी हैं इसलिए एक जटिल आधुनिक व्यावसायिक संगठन को आज के प्रतिस्पर्द्धात्मक विश्व मे सफल होने के लिए स्वय को अधुनातम उपलब्ध तकनीक के साथ समायोजित कर लेना चाहिए।

- ट्रेड यूनियन गतिविधियों में वृद्धि
- मानव सम्बन्धो पर बल
- जन सम्बन्ध

सम्प्रेषण का महत्व

- समन्वय
- कार्य सम्पन्न करने मे सरलता
- प्रभावी निर्णय लेना
- प्रबन्धन क्षमता
- सहयोग
- प्रभावी नेतृत्व
- कार्य से सन्तोष
- उत्पादकता मे वृद्धि
- नैतिकता उत्पन्न करना
- प्रबन्धन भूमिकाओ को उपलब्ध कराना
- अधिगम को सरल बनाना।

सम्प्रेषण का वर्गीकरण



चस्टर आई बरनर्ड कहते हैं कि कार्य निष्पादन का प्रथम फलन सम्प्रेषण प्रणाली को विकसित करना तथा बनाए रखना है।

सम्प्रेषण का वर्गीकरण

- दो व्यक्ति एक साथ सम्पर्क करते है और प्रतीको को साझा इस्तेमाल करते है तथा एक-दूसरे से अपेक्षाए विकसित करते हैं।
- अन्तर्वैयक्तिक सम्प्रेषण से अभिप्राय स्वय के अन्दर या एक व्यक्ति के भीतर सम्प्रेषण से है। साक्षात्कार, बैठक, विचार-विमर्श अन्तर्वैयक्तिक सम्प्रेषण है। अन्तर्वैयक्तिक सम्प्रेषण की श्रेष्ठ विधियां हैं—एक पक्षीय सम्प्रेषण, द्विपक्षीय सम्प्रेषण। एक पक्षीय सम्प्रेषण जो सदैव नीचे की ओर होता है जबकि द्विपक्षीय सम्प्रेषण ऊपर की ओर होता है।

मीडिया चैनल तथा सम्प्रेषण का नेटवर्क– मीडियम शब्द एकवचन का तथा मीडिया शब्द बहुवचन है। अत मीडिया चैनल का अर्थ है—कोई वस्तु जिसके द्वारा प्रभाव उत्पन्न किया जाता है, या जाहिर किया जाता है मास मीडिया या जन माध्यम कहलाता है।

जनमाध्यम अभिव्यक्ति सम्प्रेषण के वे उपकरण दर्शाता है जो बड़ी सख्या मे लोगों तक पहुंचे जैसे दूरदर्शन, रेडियो, समाचार-पत्र, सिनेमा आदि। सम्प्रेषण के सम्बन्ध मे मीडिया से अभिप्राय सम्प्रेषण के उपकरणों से है।

इनका अर्थ है कि – एक संदेश को उनकी प्रवृत्ति तथा महत्व के निरपेक्ष सम्प्रेषित करने के लिए प्रयुक्त एक उपकरण या बहुत से उपकरणो से है।

मीडिया की मुख्य भूमिका या उत्तरदायित्व सन्देश के संग्राहक को जानकारी देने की है। सन्देशों का सवहन सम्प्रेषण है। मास मीडिया जनसाधारण तक सूचना प्रसारित करने का प्रयत्न करता है। मास मीडिया न केवल सूचित करता है अपितु प्रेरित भी करता है। मीडिया का प्रयोग मनोरंजन तथा व्यावसायिक और गैर-व्यावसायिक भी हो सकता है। मीडिया के अभाव में कोई भी सामाजिक, आर्थिक या राजनैतिक व्यवस्था सुचारू रूप से क्रियान्वित नहीं होगी।

मौखिक सम्प्रेषण के माध्यम–

- आमने-सामने
- दूरभाष यंत्र
- गोष्ठिया
- प्रेस-कॉन्फ्रेन्स
- प्रदर्शन
- रेडियो
- रिकार्डिग
- डेक्टा फोन
- बैठक
- अफवाह
- ग्रेप वाईन (नेटवर्क)

एक पक्षीय सम्प्रेषण

नीचे की ओर सम्प्रेषण

↘ उच्च स्तर प्रबंधन ↘

↘ मध्य स्तर प्रबन्धन ↘

↘ निम्न स्तर प्रबन्धन ↘

द्विपक्षीय सम्प्रेषण

ऊपर की ओर सम्प्रेषण

↖ उच्च स्तर प्रबधन ↖

↖ मध्य स्तर प्रबन्धन ↖

↖ निम्न स्तर प्रबंधन ↖

- माईक
- सामूहिक विचार-विमर्श
- मौखिक-प्रतिवेदन
- बन्द परिपथ दूरदर्शन

लिखित सम्प्रेषण के माध्यम – लिखित संदेशो के सम्प्रेषण में प्रयुक्त उपकरण–

- पत्र
- पत्रक
- पुस्तिकाएं
- स्मरण-पत्र (मेमोरेन्डम)
- कार्यालय-आदेश
- विनिर्देशन
- मैनुअल्स
- कार्यालय टिप्पणी
- स्पष्टीकरण
- मैगजीन
- सरकुलर
- पोस्टर
- पर्चे
- प्रपत्र
- बुलेटिन
- ब्रोशर
- संघीय-प्रकाशन
- शिकायत एवं सुझाव
- हाऊस जरनल्स
- हैन्ड-बुक
- हैन्ड-आऊट (पत्रक)
- हैन्ड-फाईल्स
- वार्षिक प्रतिवेदन
- समाचार-पत्र
- डायरेक्ट्री
- प्रस्ताव
- सहमति (एग्रीमेंट)
- कर्मचारियों की हैन्डबुक
- पे-पैकेट-इन्सर्ट
- विशेष सरकुलर आदि।

दृश्य सम्प्रेषण माध्यम

- दृश्य सहायक उपकरण
- चार्ट्स
- ब्ल्यू प्रिन्ट्स
- मॉडल्स
- पोस्टर
- स्लाइड
- नीयॉन (चिह्न)
- होर्डिंग्स
- चित्र
- फ्लैनल बोर्ड्स
- फैसीमाईल (सील)
- मैग्नेटिक बोर्ड
- इलेक्ट्रो-राईटर्स
- टेली लेक्चर्स
- वीडियो कैसेट्स
- तालिका
- नक्शे

- व्यंग्य चित्र
- बैनर
- डिसप्ले आदि।


अशाब्दिक सम्प्रेषण माध्यम

- हाथ मिलाना
- मौन
- मुस्कान
- त्यौरियां चढ़ाना
- सकेत
- स्वीकृति (सिर-हिलाना)
- उपभाषा (पैरा-लेंग्वेज)
- शारीरिक भाषा (बॉडी-लेंग्वेज)


संख्यात्मक माध्यम

- आकडे
- सांख्यिकी आकड़े

बहुमाध्यम – बहुमाध्यम या मल्टी मीडिया में बहुत से माध्यम होते हैं और प्रत्येक के अपने गुण व दोष होते हैं। एक से अधिक माध्यम का अन्य के संयोजन में प्रयोग बहुमाध्यम कहलाता है। इसमें एक विशिष्ट स्थिति में प्रत्येक माध्यम की उपयोगिता व उपयुक्तता को ध्यान में रखकर बहुत से माध्यमों का प्रयोग किया जाता है।



बहु-माध्यम



वाहिका (चैनल)—वाहिका या चैनल विभिन्न विधियों और साधनों को अपनाकर प्रेषक द्वारा संग्राहक तक संदेशों को सम्प्रेषित करने के लिए अपनाया जाता है। दूसरे शब्दो में चैनल वह मार्ग या पथ है, या माध्यम है जिसके द्वारा सूचना को प्राप्तकर्ता तक पहुंचाया जाता है। सन्देश अपने गन्तव्य तक केवल तभी पहुंच सकता है जब उसे सम्प्रेषित करने के लिए सही चैनल का चुनाव किया जाए। अतः चैनल सम्प्रेषण के किसी भी माध्यम मे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। भले ही चैनल के द्वारा शब्दों, संख्या, चित्र अथवा कोई अन्य संदेश को सम्प्रेषित करना हो। हमारे व्यापक सम्प्रेषण के ससार में सम्प्रेषण के कई माध्यम हैं। लिखित तथा मौखिक संदेश सम्प्रेषण के विविध माध्यम व साधनों से भेजे जा सकते है।

सम्प्रेषण के माध्यम का निर्णय लेते समय निम्नलिखित प्रमुख तत्वों को ध्यान में रखना चाहिए—

- संसाधन
- गति
- लागत
- दूरी
- क्षमता
- परिशुद्धता
- गोपनीयता
- प्रभाव
- सुनिश्चितता
- आग्रह
- उद्देश्य
- प्रभावी रखरखाव
- प्रशिक्षण तथा शिक्षा
- सन्देशो की सुरक्षा
- पृष्ठ-पोषण

औपचारिक सम्प्रेषण के लाभ

- सही सूचना
- सत्ता की विद्यमानता
- प्रभावी सम्प्रेषण
- संगठनात्मक दक्षता
- सम्प्रेषण की एकरूपता

औपचारिक सम्प्रेषण के दोष

- विलम्ब
- केवल आन्तरिक साधनों का होना
- सूचना का अत्यधिक भार
- धीमी गति से सम्प्रेषण
- शीघ्र प्रत्युत्तर का अभाव
- पृष्ठ-पोषण का अभाव

सम्प्रेषण में बाधाए—बाधा शब्द का अर्थ, रुकावट या अवरोध या कठिनाई या समस्या होता है। सम्प्रेषण के सन्दर्भ में बाधा से अभिप्राय अवरोधों या समस्याओ से है जो मार्ग मे आती हैं और जो प्रेषक से संग्राहक तक सूचना के सम्प्रेषण को विपरीत रूप से मार्ग में प्रभावित करती है। मार्ग में विभिन्न प्रकार की समस्याए आ सकती है जिनसे संग्राहक तक सदेश के सम्प्रेषण में गलतफहमी उत्पन्न हो सकती है या यह भी हो सकता है कि संदेश पहुचे ही नहीं। बहुधा ये बाधाएं सन्देश को विकृत करने की प्रवृत्ति रखती हैं और संगठन के सदस्यों के मध्य भ्रम उत्पन्न कर देती हैं। साथ ही ये कर्मचारियो के मनोबल को विपरीत रूप से प्रभावित करती हैं और टीम-रूप में कार्य करने के लिए घातक सिद्ध होती हैं। अवरोधो के विभिन्न वर्ग जो सम्प्रेषण में बाधा उत्पन्न करते है इस प्रकार है—

सगठनात्मक अवरोध— • नीति, • नियम, • स्तर तथा स्थिति, • जटिल, • सुविधाएं

भाषागत अवरोध— • बुरी तरह से अभिव्यक्त सन्देश, • त्रुटिपूर्ण अनुवाद, • अवर्गीकृत मान्यताएं, • शब्दाडम्बर युक्त भाषा

व्यक्तिगत अवरोध— • उच्चाधिकारियो के प्रति अवरोध, • आदत तथा प्रवृत्ति, • सत्ता को बनाए रखना, • आत्मसन्तोष, • उपयुक्त चैनल का सिद्धान्त, • पूर्वाग्रह, • अविश्वास, • हां में हां मिलाने वाले उच्चाधिकारी, • जटिल, • समय का अभाव, • बोझिल सन्देश

मनोविज्ञान अवरोध— • सम्प्रेषण मे अविश्वास, • ध्यान का अभाव, • अपरिपक्व मूल्यांकन, • सम्प्रेषण की विफलता, • सम्प्रेषण द्वारा हानि, • लिखित सन्देश पर आग्रह

अन्य अवरोध— • परिवर्तन के प्रति प्रतिरोध, • बोझ, • मन्द मस्तिष्क, • भय, • सम्प्रेषण की योग्यता का अभाव, • अपर्याप्त समायोजन अवधि, • दूरी तथा समय

सम्प्रेषण के अवरोधों को दूर करने के उपाय— ● आमुखन, ● उपयुक्त भाषा, ● अच्छा स्रोत, ● ग्रेपवाइन का प्रयोग, ● कार्य, ● स्पष्टता, ● संग्राहक को जानना, ● अन्तर्वैयक्तिक सम्बन्ध, ● पृष्ठ-पोषण

कक्षा-कक्ष में सम्प्रेषण

कक्षा-कक्ष में सम्प्रेषण बहुधा मौखिक अथवा लिखित भाषा द्वारा किया जाता है। इसमें मौखिक सम्प्रेषण तुलनात्मक रूप से अधिक बड़ी भूमिका निर्वहन करता है जीनपियागेट के अनुसार बच्चो का प्रारम्भिक मौखिक सम्भाषण अह केन्द्रित होता है। वे शब्दो कि व्याख्या व उनका उपयोग अपने चारों ओर के अनुभवों के आधार पर ही करते है। इसका कारण यह है कि इन बालकों की विचार शक्ति अभी तक एक क्षेत्र तक ही सीमित होती है। अतः प्रारम्भिक स्तर पर शिक्षक को प्रत्येक शब्द का अर्थ (वस्तु) के साथ सीधा सम्बन्ध स्थापित कर अपने सम्प्रेषण को प्रभावी बनाना होता है।

अच्छा शिक्षण मात्र सम्प्रेषण नहीं है, अपितु उससे अधिक है। बालक सम्प्रेषित किए गए शब्द को उसी प्रकार दोहराएगा यह पर्याप्त नही है। शिक्षक का प्रयोग यह है कि बालक उस शब्द को पहचाने, उसका अर्थ समझे और भावी परिस्थितियों में उसका प्रयोग सही वर्तनी सहित उपयुक्त रूप से कर सके। वास्तविक अधिगम केवल तभी घटित होता है जब सम्प्रेषण का कार्य विद्यार्थी के सम्प्रेषण कौशलो में सार्थक तथा स्थायी अभिवृद्धि करने में सफल हुआ हो। कक्षा में सम्प्रेषण केवल मात्र तथ्यों का एकतरफा प्रस्तुतीकरण नहीं है इसके लिए छात्र तथा शिक्षक के बीच अन्त· सम्प्रेषण की आवश्यकता होती है। शिक्षक को सम्प्रेषण के विषय मे बहुत-सी बाते जाननी चाहिए। कक्षा इसलिए स्थापित की जाती है कि सम्प्रेषण के उद्देश्यों की प्रर्ति हो न कि युवा और विकासशील मस्तिष्कों पर शिक्षक के विचारो को आरोपित करें। पाठशाला का मूलभूत प्रयोजन बालको में सम्पूर्ण कौशलो का विकास करना है। अत· शिक्षक को इन कौशलों को विकसित तथा परिष्कृत करने की विधिया और साधन उपलब्ध कराने चाहिए। शिक्षक को छात्र के ऊपर कक्षा से बाहर अनेक सम्प्रेषण माध्यमो के निरन्तर पडने वाले प्रभाव को महसूस करना चाहिए। वे शब्द जिनका प्रयोग बालक विद्यालय में प्रवेश करने से पूर्व करते हैं, बालको द्वारा ये शब्द पूर्व मे विभिन्न माध्यमों से सीखे गए थे। शिक्षक को इस प्रकार से सीखे गए शब्दो को पाठशाला की गतिविधियो से जोड़ देना चाहिए। सम्प्रेषण केवल तभी घटित हो सकता है जबकि शिक्षक और उसका शिष्य सामान अर्थ तथा अनुभवों का साझे रूप से उपयोग करें।

वर्तमान समय में विद्यालय में आने वाले छात्र व्यापक रूप से विभिन्न पृष्ठभूमियो तथा क्षमताओ तथा अभिरुचि वाले होते हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षक को भी ज्ञान मे हुए व्यापक प्रसार को दृष्टिगत रखना होता है। विद्यार्थियों को बहुत कम साधन और बहुत कम अवसर मिलते हैं, उनके पास उनके पाठ्यक्रम में सम्मिलित विषय-वस्तु का साधन अन्वेषण करने के लिए बहुत थोडा समय होता है।

आधुनिक तकनीक ने फिल्म, रेडियो, दूरदर्शन, मेगनेटिक टेप, स्टीरियोस्कोपिक आदि सम्प्रेषण की अनेक युक्तिया उपलब्ध करा दी है जिनका सम्प्रेषण में व्यापक स्तर पर उपयोग हो रहा है। इन्हे दो वर्गो मे बांटा जा सकता है।

- ❑ जो विभिन्न क्षमताओं वाले युक्तियो से बने समूहों में प्रयोग किए जाने के लिए प्रभावी हों।
- ❑ दूसरे वर्ग मे ऐसी युक्तियां आती है जिन्हे शिक्षक की मूलभूत सहायता के साथ व्यक्तिगत अनुदेशन में व्यापक रूप से प्रयोग मे लाया जा सकता है।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि सम्प्रेषण हमारा विकास करने, सिखाने, जागरूक रखने और समायोजन करने योग्य बनाता है।

यह सम्प्रेषण कई प्रकार के माध्यमों से किया जा सकता है जिससे संग्राहक तक प्रभाव उत्पन्न किया जा सके। ❑❑

एजुकेशनल हैराल्ड
महेश शिक्षण संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

हिन्दी भाषा साहित्य : शिक्षण और समस्याएं

❑ जयपाल तरंग

भाषा और साहित्य शिक्षण की समस्याओं का उल्लेख करने से पहले यह भी तय है कि गुणात्मक शिक्षा के विचार का प्रमुख केन्द्र शिक्षक ही है। यद्यपि शिक्षण से जुड़े हुए शिक्षार्थी, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकें, पूरक पुस्तकें, अभ्यास पुस्तकें, शिक्षण साधन, दृश्य-श्रव्य सामग्री, अभिनय, प्रदर्शन कलाएं और परिभ्रमण आदि शिक्षण का अंग हैं, लेकिन हमारी शिक्षण समस्याओं की चर्चा के अन्तर्गत इन सबका स्थान गौण ही रहेगा, प्रमुख रहेगा शिक्षक। परिक्षण, मूल्यांकन और परीक्षा प्रबन्ध भी फिलहाल मुख्य नहीं हैं।

आज के विषय पर चर्चा को सीमित समय के अनुसार अनुशासन मे रखते हुए निवेदन है कि उन मुद्दो और समस्याओं को चर्चा का विषय न बनाए, जिनमें हिन्दी शिक्षकों की भागीदारी नही है। भाषा शिक्षण के लक्ष्य, उद्देश्य और मूल्यांकन संबंधी दस्तावेजों में हम हिन्दी अध्यापको का कोई दखल नहीं है। इनका नीति-नियोजन और निर्धारण कक्षा आठ तक राज्य सरकारे करती है तथा माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर के लिए राज्य शिक्षा बोर्ड करते हैं। केन्द्रीय विद्यालयों, पब्लिक स्कूलों और अन्य निजी संस्थानों के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के माध्यम से केन्द्र सरकार और केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड करते हैं। कहने की आवश्यकता नही कि पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम और पाठ्य-सामग्री के निर्माण में सरकारी वर्चस्व अपने आप में एक महत्वपूर्ण समस्या है, लेकिन उसकी चर्चा हम शिक्षको के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। हमारी दृष्टि मे हमारे कर्तव्य ही महत्वपूर्ण है और हमारा कर्मक्षेत्र ही प्रमुख है।

इस सम्बन्ध मे एक बात और स्पष्ट कर लें। हिन्दी भाषा-शिक्षण की दृष्टि से मातृभाषा/प्रथम भाषा, द्वितीय भाषा और तृतीय भाषा के रूप में सीखी-सिखाई जाती है। भाषा-शिक्षण की समस्याओं पर चर्चा में हमारा ध्यान तीनो स्तरो पर अलग-अलग केन्द्रित नही रहा है बल्कि सामान्यीकृत रूप से हिन्दी भाषा-शिक्षण पर केन्द्रित है।

भाषा और साहित्य शिक्षण की समस्याओं का उल्लेख करने से पहले यह, भी तय है कि गुणात्मक शिक्षा के विचार का प्रमुख केन्द्र शिक्षक ही है। यद्यपि शिक्षण से जुड़े हुए शिक्षार्थी, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकें, पूरक पुस्तके, अभ्यास पुस्तके, शिक्षण साधन, दृश्य-श्रव्य सामग्री, अभिनय, प्रदर्शन कलाएं और परिभ्रमण आदि शिक्षण का अंग है, लेकिन हमारी शिक्षण समस्याओ की चर्चा के अन्तर्गत इन सबका स्थान गौण ही रहेगा, प्रमुख रहेगा शिक्षक। परीक्षण, मूल्यांकन और परीक्षा प्रबन्ध भी फिलहाल मुख्य नही हैं।

आइए, सबसे पहले यह जानने की कोशिश करें कि शिक्षण है क्या? इसके उत्तर में अंग्रेजी और अंग्रेजियत समर्थको के वागजाल में पड़ने की जरूरत नही है क्योंकि इन विद्वानों के शब्दाडम्बर इतने बवडरपूर्ण होते हैं, जिनमें

सम्पूर्ण सम्प्रेषणीयता का घनघोर अभाव रहता है। सरल शब्दों में शिक्षण कार्य एक क्रिया है, प्रयोग है, एक कला है, जो अवसर, स्थिति और प्रकरण के अनुकूल अध्यापक द्वारा रूप धारण करता है। यानि हिन्दी भाषा और साहित्य को सीखने-सिखाने मे शिक्षक का कार्य ही शिक्षण है। शिक्षण-सिद्धान्त, विधियां, युक्तियां अपने आप में साध्य नही हैं, बल्कि साधन हैं, जिससे शिक्षक शिक्षण कार्य को सरल, सुग्राह्य और रुचिकर बनाता है। इससे भाषा शिक्षक की इस योग्यता पर प्रकाश पड़ता है कि वह बालकों की स्थिति के अनुकूल यथाप्रसग, शिक्षण-सिद्धान्तो और विधियों का प्रयोग करने की दक्षता रखता है।

शिक्षण-विषयक ज्ञान शिक्षक को यह मानने की प्रेरणा देता है कि शिक्षण-शास्त्र एक विकासवान विद्या है। नवीन शिक्षा दर्शन, शिक्षा मनोविज्ञान, शिक्षा सिद्धान्त और युक्तियां प्रयोग के धरातल पर परिवर्तित होते रहते है। भाषा और साहित्य-शिक्षण के सम्बन्ध मे भी यह सही है। भाषा-शिक्षण सिद्धान्तों और विधियों आदि में परिवर्तन होता रहता है। भाषा शिक्षकों को और अन्य शिक्षको को भी स्वर्गीय राजीव गांधी की शिक्षा नीति-क्रियान्वयन से एक बडा लाभ यह मिला है कि शिक्षण सम्बन्धी विविध और नवीनतम जानकारियों से सुपरिचित रहने के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण, विचार-गोष्ठियो, कार्य गोष्ठियों, नवाचार और क्रियात्मक अनुसंधान के पर्याप्त साधन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसधान और प्रशिक्षण परिषद्, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् तथा जिला शिक्षा और प्रशिक्षण सस्थान आदि के माध्यम से उपलबध हैं और सचालित किए जा सकते हैं।

भाषा और साहित्य शिक्षण को लेकर जिन अभावों को समस्या के रूप में उठाया जाता है उन पर उंगली उठाने वालो मे परीक्षा-प्रबंधक, शिक्षा-विभाग, शिक्षा-मंत्रालय, राज्य-सेवा-संघ और लोक-सेवा-संघ, विश्वविद्यालयो के प्राध्यापक, प्रशासक और अभिभावक प्रमुख हैं। उच्चारण, अनुतान, मौखिक अभिव्यक्ति, वर्तनी, विराम आदि का प्रयोग, लिखित अभिव्यक्ति आदि के संदर्भ में अशुद्ध भाषा-व्यवहार के लिए भाषा शिक्षकों को जिम्मेदार ठहराया जाता है। हिन्दी भाषा-शिक्षण की आलोचना मे हम अध्यापक भी बड़े सक्रिय हैं, प्राथमिक स्तर के अध्यापक-अध्यापिकाए बच्चो के भाषागत अज्ञान को कोसते हैं। माध्यमिक स्तर के अध्यापक भाषा कौशलों, सम्प्रेषण और चितन की रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए प्राथमिक अध्यापक-अध्यापिकाओ पर दोष मढ़ते हैं। इस समस्या से उबरने की जरूरत है और इससे तभी उबरा जा सकता है जब हम शिक्षण कार्य की शैक्षिक दक्षता पर खरे उतरें।

शिक्षण के लिए शिक्षक सूत्रधार है, निदेशक है, अभिनेता है, कक्षा-प्रबधक है। भाषा और साहित्य का ज्ञाता है। उद्देश्य प्राप्ति के शिक्षा दर्शन और मनोवैज्ञानिक पहलुओं से वाकिफ है। उद्देश्यो के अनुरूप प्रश्न निर्माण और परीक्षण मूल्याकन के कायदो का जानकार है। यदि इस सामर्थ्य मे हम शिक्षको की कोई कमी है तो उसे समस्या के रूप मे माना जा सकता है। इन अपेक्षाओं के सदर्भ मे कुछ मुद्दों पर विचार किया जा सकता है।

हिन्दी भाषा के ज्ञान की समस्या

हिन्दी शिक्षक का सबसे पहला काम और कर्तव्य है कि उसका हिन्दी भाषा पर पूर्ण अधिकार हो। भाषा तत्वो का ज्ञान—ध्वनिया, शब्द-भंडार, वाक्य रचना और वाक्य-विज्ञान, सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना कौशलों और सम्प्रेषण कौशलो से पूर्ण परिचय और चिंतनपरक अभिव्यक्ति के विकास की व्यावहारिक और शास्त्रीय जानकारी हो। हिन्दी एक जीवन्त भाषा है। उसकी जीवन्तता उस भाषा के लोक प्रचलन में है। बोलिया, मातृभाषा और मानक हिन्दी भाषा का ज्ञान भी आवश्यक है। इस सम्बन्ध मे समस्या कहां है? समस्या वहा है जहा शिक्षक इस ज्ञान के अभाव से ग्रस्त है।

हिन्दी साहित्य ज्ञान की समस्या

हिन्दी भाषा के साथ शिक्षक को उसके साहित्य पक्ष का भी अधिकारी विद्वान होना चाहिए। शिक्षक के पाठ्यपुस्तक में वर्णित साहित्यकारो और उनकी कृतियों के सदर्भ, विधागत विकास, प्रमुख साहित्यकारो, कवियों, निबन्धकारों, कहानीकारो, उपन्यासकारों, एकाकी और नाटककारो आदि की जीवनी और उनकी साहित्यिक

पृष्ठभूमि से पूर्ण परिचित होना चाहिए। साहित्यालोचन और काव्य शास्त्रीय अनुप्रयोग से साहित्यिक अध्ययन के प्रति विद्यार्थियो मे अभिरुचि, अन्तर्दृष्टि और व्याख्या सामर्थ्य विकसित करने में सहायता मिलती है। इस साहित्यिक दक्षता/योग्यता का अभाव भी एक समस्या है।

साहित्यिक अभिरुचि की समस्या

साहित्य शिक्षक के लिए भाषा और साहित्य का ज्ञान ही अपेक्षित नही है, बल्कि उसमे साहित्यिक अभिवृत्ति, रुचि और सृजनात्मक शक्ति का होना भी जरूरी है। कहना न होगा कि साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं के अध्ययन और शिक्षण में अनुप्रयोग शिक्षण के कार्य में हस्तलिखित पत्र-पत्रिकाओं का सृजन-प्रदर्शन आदि-आदि साहित्य शिक्षण के रचनात्मक रूप है। साहित्यिक अभिरुचि से ही पाठ्यपुस्तको में दी हुई पुरानी और घिसी-पिटी सामग्री तक को भी जीवन्त और तरुणयुगीन बनाया जा सकता है। इसका अभाव भी शिक्षण की ही एक समस्या है।

हिन्दी के प्रति गौरव और दायित्व की भावना की समस्या

अग्रेजी भाषा और पश्चिमी सस्कृति की नकल के नौटंकियों की झकझोर में हिन्दी के प्रति गौरव और गरिमा की अनुभूति और अभिव्यक्ति और प्रभावी प्रदर्शन भाषा शिक्षक का राष्ट्रीय कर्तव्य है। सांस्कृतिक दायित्व है। क्रियाकलापों की संचार-भाषा के रूप में अंग्रेजी पिछाड़ प्रदर्शनों से हिन्दी को गौरवान्वित किया जा सकता है। इसका अभाव भी हिन्दी शिक्षण की प्रमुख सांस्कृतिक समस्या है। कहना न होगा कि अन्ताक्षरी जैसा कविता का साहित्यिक खेल सिनेमा गीतो के खेल में बदल गया है। रंगीन प्रचार-प्रसार तन्त्र से हिन्दी साहित्य की सुरक्षा भी हिन्दी शिक्षण से जुड़ी है। आपसी संवाद में हिन्दी भाषा को लोकप्रिय बनाया जाए।

भाषा-शिक्षण तथा साहित्य-शिक्षण विधियों/युक्तियों के ज्ञान और प्रयोग की समस्या

हिन्दी भाषा शिक्षण और साहित्य शिक्षण की आधुनिक विधियों का सम्यक ज्ञान होना हम हिन्दी शिक्षको के लिए आवश्यक है। शिक्षण विधि या युक्ति नामकरण-अनुकरण की मोहताज नही है, बल्कि यह जानने की प्रक्रिया है कि भाषा या साहित्य मे जो सिखाने जा रहे हैं उसे किस प्रकार प्रस्तुत करें कि विद्यार्थियो को वह रुचिकर, आकर्षक और ग्राह्य हो सके। पाठ-प्रस्तुति की तैयारी, पाठ-विकास मे विद्यार्थियो का सक्रिय सहयोग, रचनात्मक प्रश्न चर्चा आदि आधुनिक शिक्षा शास्त्र के अध्ययन से ज्ञात होती है। साहित्यिक शिक्षण में समन्वित शिक्षण का स्वरूप विकसित नहीं हो पाया है यानि यह प्रयोग मे नही है। कवि, कविता, कवि-जीवनी, हिन्दी साहित्य का इतिहास और काव्य शास्त्र को अलग-अलग सीखने-सिखाने और अलग-अलग ही परीक्षण मूल्याकन एक समस्या है। कविता-शिक्षण में समन्वित शिक्षण के तहत इनके एकीकृत शिक्षण का प्रचलन किया जाना चाहिए, जिससे कविता की सर्वस्व ग्राह्यता की दिशा खुले।

कक्षा-भाषा-प्रबन्ध की समस्या

शिक्षण कार्य की कक्षा एक रंगभूमि है। कक्षा को सुनने-सुनाने, पढ़ने-लिखने, सम्प्रेषण और चिन्तनपरक गतिविधियों में अनुशासित रखने के लिए जिस भाषा प्रबंध की आवश्यकता है, उसके संकेत नाट्यशास्त्र से मिलते हैं। कक्षा में विद्यार्थियों की अधिक संख्या के कारण शिक्षण-युक्तियों का प्रयोग न कर पाने की दलील उचित नहीं है। क्रिया-प्रतिक्रिया की यदि हमारी भाषा तत्समी है तो वह प्रायः सम्प्रेषणीय नहीं होती। हम अपने उपदेशों, निर्देशों की शब्दावली पर गर्व कर सकते हैं और विद्यार्थियो के मौन को 'सीख गए' समझ सकते है। जबकि यह कई बार सही नही होता। हिन्दी भाषा के सामान्य स्वरूप को तत्सम-बोझिल बनाने की जरूरत नहीं है, बल्कि अर्थ-सम्प्रेषण की दृष्टि से प्रचलन प्रधान बनाने की जरूरत है। निश्चय ही यह एक समस्या है। हिन्दी और साहित्य के शिक्षण में नाट्यशास्त्र, लोकवार्ता विज्ञान और समूह-शिक्षण के अनुशासन की सहायता ली जा सकती है।

हिन्दी-संस्कृतिगत सौंदर्यबोध की समस्या

मानक हिन्दी भाषा जिस बहुभाषिकता का प्रतिनिधित्व

करती है उसमें स्थानीय, क्षेत्रीय और अखिल भारतीय संस्कृति की शब्द संपदा सम्मिलित है। नगर, महानगरों को कंकरीट सभ्यता, गावों से चरागाह और वन-उपवन की अनुपस्थिति, वृक्ष, लता और झाड़ियों के दुलर्भ दर्शन होने के कारण आज के व्यक्ति की आंखों मे प्रकृति की सजीव छवि नही रही है। व्यक्ति और प्रकृति की दूरी के कारण उनका सौदर्य बोध अभावग्रस्त है। इस अभाव की आपूर्ति ऐसे चित्रों व चलचित्रों से संभव है जिनमें सभी द्रुम, लता, झाडी, पुष्प, झील, ताल, कुज आदि के संग्रहालयों की व्यवस्था की जाए। कर-कमल, कंठ-कमल, नयन-कमल आदि के सौंदर्य बोध की अपेक्षा है कि नेत्रों में वह छवि रमे तभी साहित्य के अर्थ में फलीभूत हो सकती है। प्रकृति छवि-संग्रहालय का न होना भी साहित्यिक सराहना की समस्या है। अत. हिन्दी-संस्कृति सग्रहालय पर विस्तार से विचार की आवश्यकता है।

निदान और उपचार-शिक्षण की समस्या

शिक्षण अधिगमोन्मुख होता है यानि शिक्षण की संप्राप्ति विद्यार्थियों में घटित होती है, उनका सीखना ही अधिगम है। शिक्षण का परीक्षण या मूल्यांकन नहीं किया जाता किन्तु अधिगम की संप्राप्ति का मूल्यांकन किया जाता है। परिणाम का विश्लेषण स्पष्ट करता है कि विद्यार्थियों ने उद्देश्यानुसार क्या सीख लिया है? और क्या नहीं सीखा है। यद्यपि इसका एक अर्थ यह भी निकलता है कि हमारे शिक्षण से क्या सीखा जा सका और क्या नहीं सिखाया जा सका। जो नहीं सिखाया जा सकता उसके निदान की आवश्यकता होती है और निदान शिक्षक के लिए वह ज्ञान है, जिससे वह त्रुटियों का सर्वेक्षण, त्रुटियो का विश्लेषण और उस आधार पर उनके कारणों की पहचान करता है। शिक्षण कार्य मे त्रुटियों को ही निदान मान लेना गलत है। निदान तो त्रुटियों के कारण जानने से होता है। इन त्रुटियों के कारण ज्ञान पर आधारित निवारणार्थ शिक्षण को उपचार शिक्षण कहते हैं। वर्तनी की अशुद्धियों के उपचार शिक्षण बहुत उपलब्ध हैं लेकिन चिन्तनपरक, रचनात्मक, अभिव्यक्ति के निदान और उपचार शिक्षण का अभाव हिन्दी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में बहुत अधिक है।

भाषा और साहित्य शिक्षण के क्षेत्र में अध्ययन-अनुसंधान के निहितार्थ की समस्या

हिन्दी भाषा और साहित्य शिक्षण के क्षेत्र मे गत पचास वर्षो मे कई उपयोगी अध्ययन और अनुसंधान हुए हैं, जो भाषा शिक्षण और साहित्य को चार चांद लगा सकते है। लेकिन वे अनुसंधान कार्य भाषा और साहित्यकर्मियों के पास नहीं पहुचते। इसके दो कारण हैं–

- शिक्षकों में अनुसंधान पुस्तकों और पत्रिकाओं की जानकारी का अभाव और उनके अध्ययन के प्रति उपेक्षा।
- अनुसधान अध्ययन में प्रयुक्त भाषा का कठिन स्तर जो अनुसंधानकर्ताओ को समर्पित होता है।

आवश्यकता है कि इन अध्ययन-अनुसंधानों के आधार पर शिक्षकों को शिक्षण की जानकारी के मोनोग्राम उपलब्ध कराए जाएं और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् तथा राज्य आयोजित प्रशिक्षण और विचार-गोष्ठियों में शिक्षकों को उपलबध कराए जाएं।

परीक्षण-मूल्यांकन की दक्षता संबंधी समस्या

भाषा साहित्य शिक्षक के लिए सीखने वालों के पूर्व ज्ञान की परख-पहचान आवश्यक है, क्योंकि शिक्षा सिद्धान्त के अनुसार ज्ञात से अज्ञात को युक्तियों से सिखाया जा सकता है। पूर्व ज्ञान-परीक्षण और मूल्यांकन के औपचारिक और अनौपचारिक उपकरणों का निर्माण, प्रयोग और विश्लेषण हमें जानना चाहिए। समस्या है कि हमारा शिक्षण विद्यार्थियों की पहचान से प्रारम्भ होता है।

विषय-वस्तु-शिक्षण साधन और पाठ्यपुस्तकों की बोधगम्यता की जाच भी जरूरी है, जिसके अभाव में सामग्री के काठिन्य का वैज्ञानिक बोध नहीं होता तथा कठिनाई निवारण की विधियां और युक्तियां तैयार नहीं की जा सकतीं। पाठ्यपुस्तकों की बोधगम्यता की मूल्यांकन विधियां हैं। भाषा-साहित्य शिक्षको के लिए वे उपलब्ध हो या उनका निर्माण, प्रयोग और विश्लेषण जान लेना चाहिए।

शिक्षण-उपयोगी बहुआयामी सूचनाओं का अभाव– एक समस्या प्रधान अभाव

सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में शिक्षण को प्रभावी बनाने

के लिए पुस्तकालय, इन्टरनेट, सी.डी., वैबसाइट आदि के योगदान को हम स्वीकार तो करते है किन्तु उनका लाभ नही उठा रहे। उनके विषय मे हमारा अज्ञान भी रुकावट है। अध्यापक कक्ष में सूचनापट जैसी कोई सुविधा उपलब्ध नही है जो होनी चाहिए। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने 'पुस्तकालय ऋण' चुकाने की बात कही है। समस्या है हम उस ऋण को दो स्तरो पर नहीं चुका रहे–

- ☐ पुस्तकालय को ताजातरीन पुस्तकों से लैस करना।
- ☐ पुस्तक पठन के लिए विद्यार्थियों मे उसकी आदत डालना।

आचार्य का कथन है– "पुस्तके परीक्षित सन्त है। पुस्तकालय ऋण चुकाने का प्रयत्न कीजिए", विद्यालय खोलकर, पुस्तकालय खोलकर जिस प्रकार से भी हो इसकी रक्षा करो और इसको आगे बढ़ाने का प्रयत्न करो। अगर बढ़ा सके तो बहुत अच्छी बात है, नही तो इतना तो तुम्हारा कर्तव्य अवश्य है कि यह नष्ट न हो पाए और अगली पीढी के लिए सुरक्षित रहे। (आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, भाषा-साहित्य और देश पृ. 154)

हिन्दी भाषा और साहित्य शिक्षण की समस्याओ का शिक्षक ही आधारभूत अंग है। भाषा और साहित्य को प्रदर्शन कला न मानना, दूसरे हिन्दी भाषा और साहित्य शिक्षकों द्वारा यह मान्यता कि शिक्षण की उपाधि विद्यालय स्तर पर व्यावसायिक शिक्षण मे कोई योगदान नहीं करती। पाठ्यचर्या शिक्षा के लक्ष्यों को रेखाकित करती है जिसकी समझ शिक्षा दर्शन और अपने संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों के बिना समझी-समझाई नही जा सकती। पाठ्यक्रम में वर्णित कौशल और योग्यता के उद्देश्य शिक्षा मनोविज्ञान के आधार पर ग्रहण करने में पाठ्यक्रमो के उद्देश्यों की अनदेखी की जाती है। उदाहरण के लिए– कक्षा आठ प्रथम हिन्दी भाषा मे आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का एक निबन्ध संकलित है– "क्या निराश हुआ जाए" यही निबन्ध सैकेण्डरी स्तर पर दसवीं कक्षा के विद्यार्थी बी कोर्स में पढ़ते हैं। आप सब जानते है कि पाठ को पढाने का उद्देश्य और उद्देश्यपूर्ति के लिए पाठ के बाद में प्रश्न और अभ्यास दिए जाते है, जिससे तय होता है कि इस पाठ से क्या, कितना और क्यों सीखना है। दोनों पाठों के बाद जो प्रश्न अभ्यास दिए गए है उन प्रश्नों में पाठ्यचर्या के लक्ष्य, व्यक्तित्व मे नागरिकता के गुण, मानवीय अधिकार और कर्तव्य का बोध और आचरण तथा पाठ्यक्रम के उद्देश्यो के अनुरूप सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना, संप्रेषण कौशल और सृजनात्मक योग्यता के अन्तर्गत प्रश्नो के अभ्यासो का नितात अभाव है। कारण–पाठ्यपुस्तक और परीक्षण के तहत हिन्दी भाषा और साहित्य का शिक्षण अपेक्षित माना जाता है। नीति नियोजन, क्रियान्वयन के दस्तावेज, पाठ्यचर्या और पाठ्यक्रम खूंटी पर टांग दिया जाता है। और हम शिक्षक अपनी व्यावसायिक दक्षता के लिए उनसे अनभिज्ञ रहते हैं। यहां तक कि पाठ्यपुस्तक के प्राक्कथन और भूमिका में जो सीखने-सिखाने के दिशा-निर्देश दिए जाते हैं वे हिन्दी भाषा और साहित्य शिक्षण के लिए हमारी व्यावसायिक दक्षता को विकसित करने वाले होते हैं लेकिन हममे जाने क्यो ये धारणा घर कर गई है कि ये हमारे लिए बेकार हैं। शिक्षण संदर्शिकाएं भी या तो बनाई नही जातीं या उनका कोई व्यावसायिक उपयोग नही होता है।

शिक्षण को धारदार और प्रभावी बनाने के लिए हम शिक्षकों को भाषा और साहित्य से जुड़कर राष्ट्रीय हित और लोक मंगल की कामनाओं से सोचने-समझने और प्रयत्न करने का सकल्प लेना चाहिए। विश्वास रखकर आशान्वित रहिए और याद रखिए आचार्य द्विवेदी का यह परामर्श–

"हम प्रयत्न करते रहें ताकि... कोई बालक तुलसीदास के समान, रवीन्द्रनाथ के समान और विवेकानन्द के समान नई ज्योति दे सके, और देश को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने मे बड़ी भारी सहायता कर सके। असंभव कुछ भी नहीं है, होगा अवश्य, क्यो नहीं होगा"...(वही)

हिन्दी भाषा और साहित्य-शिक्षण की समस्याओ का आकलन, विश्लेषण तथा शिक्षणधर्मी समाधान हिन्दी शिक्षकों की व्यावसायिक दक्षता के विकास और विद्यार्थियों में अधिगम-सिद्धि के लिए प्रभावी प्रयास होगा। इसी उत्तरदायित्व के साथ नवाचार की पहल भी संभव है। ☐☐

एच-2/53, महावीर इन्क्लेव
पालम, नई दिल्ली

माध्यमिक शिक्षा में क्रान्तिकारी परिवर्तन की आवश्यकता

❑ कुंवर पाल सिंह

प्रत्येक विद्यालय में प्रातः अथवा सायं विशेष ट्यूटोरियल कक्षाओं का आयोजन करके छात्रों को प्राइवेट ट्यूशन के अभिशाप से, घर-घर जाने के अभिशाप से बचाया जा सकता है। इसके लिए अल्प मात्रा में अतिरिक्त शुल्क भी लिया जा सकता है। भारतीय शिक्षा की महान परम्पराओं को समर्पित कुछ शिक्षक रविवार या अन्य अवकाशों में अतिरिक्त कक्षाएं लेकर आदर्श प्रस्तुत कर सकते हैं। नालन्दा, तक्षशिला और उज्जैन के शिक्षा केन्द्र हमारे प्राचीन आदर्श हैं। डाक्टर अमर्त्य सेन ने शिक्षा और समाज कल्याण के विषय में जो उद्‌गार प्रकट किए हैं उनसे राष्ट्र को प्रेरणा लेनी चाहिए। साधन सम्पन्न विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश में एक महीने तक विशेष ट्यूटोरियल कक्षाओं का आयोजन करके कमजोर छात्रों को राहत दी जा सकती है।

हमारी दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली तथा जटिल परीक्षा पद्धति छात्रो तथा छात्राओ के सर्वागीण विकास में तथा उनके चरित्र का निर्माण करने में असफल रही है। छात्रों तथा छात्राओ को राष्ट्र के सहकारी उत्पादन मे भागीदार बनाने में भी हमें सफलता नहीं मिली है। माध्यमिक शिक्षा मे सुधार के लिए कई आयोग तथा समितियां गठित की जा चुकी हैं। कई महत्वपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की जा चुकी हैं। किन्तु माध्यमिक शिक्षा में आमूल-चूल परिवर्तन करने के लिए कोई क्रान्तिकारी योजना लागू नही की गई। आज हम 21वीं शताब्दी में प्रवेश कर चुके है। अत' सभी शिक्षाविदो, शिक्षकों, राष्ट्रनेताओ तथा विद्वानों को गभीरता से विचार करना चाहिए कि माध्यमिक शिक्षा में कैसे परिवर्तन किए जाएं जिससे राष्ट्र प्रगति, विकास और एकता के पथ पर अग्रसर हो सके। अच्छे नागरिक, किसान, मजदूर, दुकानदार, व्यापारी, शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी, शासक, प्रशासक, लेखक, वक्ता, समाज सुधारक, राजनेता, सैनिक, चिकित्सक, वैज्ञानिक, तकनीशियन सबका प्रारम्भिक निर्माण शिक्षण संस्थानो से ही होता है। राष्ट्रीय मशीन के सभी पुर्जे वही पर ढलते है।

हमे ऐसी शिक्षा प्रणाली तथा परीक्षा पद्धति की आवश्यकता है जो छात्रो को वर्ष भर नियमित रूप से काम करने की प्रेरणा दे। उन्हें भाग्यवादी तथा अवसरवादी न बनाए। उन्हें सादगी और श्रम के संस्कारों से दीक्षित करके आत्मनिर्भर बनाए ताकि वे निर्भीक होकर राष्ट्रीय जीवन मे आगे बढ़ सकें। भ्रष्टाचार तथा अकर्मण्यता के विरुद्ध आवाज उठा सकें। वे ट्यूशन, सिफारिश तथा अनुचित साधनों की ओर लोभित न हो। सफेदपोश रोजगारो के मोहताज न बने। माध्यमिक शिक्षा में आमूल-चूल परिवर्तन की आवश्यकता है। हमें एक क्रान्तिकारी राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली, राष्ट्रीय पाठ्यक्रम, राष्ट्रीय पाठ्यपुस्तकें, राष्ट्रीय मूल्याकन पद्धति, राष्ट्रीय गणवेश तथा शिक्षको के लिए राष्ट्रीय चयन एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षण की आवश्यकता है। युवको तथा युवतियो में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता तथा राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण हो, वे जातिवाद, साम्प्रदायिकता तथा मन्दिर, मस्जिद, गिरजे, गुरुद्वारे की दीवारो से ऊपर उठकर नए प्रजातांत्रिक समाज तथा पंथनिरपेक्ष भारत का

निर्माण कर सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का यही मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।

छात्रो तथा छात्राओ के सर्वागीण विकास के लिए, राष्ट्रीय विकास, प्रतिरक्षा तथा एकता के उच्चतम लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए माध्यमिक शिक्षा को राष्ट्रीय स्वरूप देने की आवश्यकता है। सस्ती सुलभ माध्यमिक शिक्षा का प्रकाश भारत के प्रत्येक कुटीर तक पहुंचाने की आवश्यकता है। देश में लगभग 90 हजार माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयो के होते हुए भी करोड़ों युवको तथा युवतियों को हाईस्कूल शिक्षा की सुविधा उपलब्ध नहीं है। अत. माध्यमिक शिक्षा को (कक्षा 6 से 10 तक) निजी क्षेत्र में भी पर्याप्त प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है।

जो दानवीर अपना धन तथा धरती भारत के बच्चों की शिक्षा के लिए समर्पित करते हैं उन्हें राष्ट्रीय सम्मान दिया जाना चाहिए। नए हाईस्कूलों को मान्यता तथा आर्थिक सहायता देने में सरकार द्वारा उदारता की नीति अपनाई जानी चाहिए। हमारा लक्ष्य सकल राष्ट्रीय उत्पाद का 6 प्रतिशत शिक्षा पर निवेश करना होना चाहिए। शिक्षा के सरकारी बजट मे 70 प्रतिशत तक की राशि को शिक्षकों, कर्मचारियों के वेतन, भत्ते, पेंशन तथा छात्रों/छात्राओं को आर्थिक सहायता तथा छात्रवृत्ति इत्यादि पर व्यय करना न्याय सगत होगा। किन्तु कम से कम 30 प्रतिशत राशि शिक्षा के अन्य संसाधनों के विकास पर, शिक्षा के भावी विकास पर व्यय करना आवश्यक होना चाहिए। शिक्षण संस्थाओं के साथ पर्याप्त भवन, प्रयोगशालाएं, खेल के मैदान, वर्कशॉप, फ्लश शौचालय, पेयजल, वाचनालय, पुस्तकालय इत्यादि की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए। शिक्षा की गुणवत्ता मे सुधार करने के लिए छात्रों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। शिक्षकों की कमी पूरी करने के लिए प्रतिवर्ष कुछ अस्थायी शिक्षक नियुक्त किए जा सकते है। गैर-सरकारी स्कूलों को भी पर्याप्त आर्थिक सहायता तथा अनुदान दिया जाना चाहिए।

कक्षा 6 से 10 तक शिक्षा निःशुल्क होनी चाहिए। किन्तु लगभग 100/- रुपए वार्षिक सामान्य शुल्क सभी छात्रों से प्रवेश के समय लिया जा सके तो विद्यालयों के चहुंमुखी विकास में सहायता मिलेगी। सत्र के अन्त में भी लगभग 100/- रुपए विकास शुल्क लेना न्याय सगत होगा। सभी भूमिहीन, सम्पत्तिहीन तथा स्थायी रोजगार से वंचित परिवारों के छात्रों को जिनकी पारिवारिक आय तथा जीवन स्तर निर्धारित सीमा से नीचे है इससे मुक्त रखना भी न्याय संगत होगा। सभी वार्षिक शुल्क विद्यालय के कार्यालय द्वारा दो किस्तों मे सत्र के आरम्भ तथा अन्त में लिए जा सकें तो शिक्षको तथा छात्रों का पूरा समय शिक्षण कार्यो में प्रयुक्त किया जा सकेगा। सभी सामान्य आर्थिक दण्ड, विलम्ब दण्ड तथा अनुपस्थिति दण्ड समाप्त किए जा सके तो कागजी काम पर्याप्त सरल हो जाएगा।

विद्यालय का दैनिक कार्य समय 6-30 घण्टे होना चाहिए जिसमें लगभग 40 मिनट का समय मध्यावकाश के लिए दिया जा सकता है। छात्र अपना लेखन कार्य विद्यालय में ही पूरा कर सके तो उनकी लेखन क्षमता में पर्याप्त वृद्धि की जा सकेगी।

आठ पीरियड का समय चक्र निर्मित किया जाना चाहिए। एक अतिरिक्त शून्य पीरियड दैनिक प्रार्थना, सामूहिक व्यायाम, भाषण, प्रवचन, राष्ट्र गान, योग शिक्षा इत्यादि के लिए निर्धारित होना चाहिए।

मूल्यांकन पद्धति में परिवर्तन की आवश्यकता

कक्षा 6 से 10 तक ऐसी शिक्षा प्रणाली तथा मूल्यांकन पद्धति का प्रसार किया जाना चाहिए जिससे अधिकांश छात्रो को प्रोन्नत किया जा सके तथा उसके योग्य भी बनाया जा सके। उन्हें वर्ष भर नियमित रूप से कार्य करने की प्रेरणा दी जानी चाहिए। ऐसा वातावरण निर्मित किया जाना चाहिए जिससे वे ट्यूशन, सिफारिश तथा अनुचित साधनों की ओर लोभित न हों। भाग्यवादी अथवा अवसरवादी न बनें। हमे यह जानकर निराशा होती है कि भारत में कक्षा 1 मे प्रवेश लेने वाले 100 छात्रों मे से 10 वर्ष पश्चात् 10 छात्र ही कक्षा 10 में उत्तीर्ण हो पाते हैं। शेष 90 छात्र मार्ग मे ही भटक जाते हैं। कुछ फेल हो जाते हैं और कुछ पढ़ाई मध्य में ही छोड़

देते है। इस व्यवस्था को बदलने की आवश्यकता है।

प्राईवेट ट्यूशन के रूप मे एक समान्तर शिक्षा प्रणाली का विस्तार हमारे देश मे तेजी से हो रहा है। विद्यालयों में छात्रों की भीड कम और अध्यापकों के घरों मे अधिक होती जाती है। राष्ट्रीय स्तर पर इस समस्या को हल करने के लिए विद्यालयों मे शैक्षिक वातावरण मे सुधार, प्रमाणिक पाठ्यपुस्तकें, उपयोगी सहपाठ्यकर्मीय पुस्तकें, उच्च स्तर के मॉडल प्रश्न-पत्र तथा शिक्षा को समर्पित शिक्षकों की आवश्यकता है। मॉडल प्रश्नोत्तर तथा गाईड पुस्तकों के प्रकाशन पर प्रतिबन्ध लगाकर हम गरीब छात्रों की शिक्षा को ही प्रतिबन्धित करते हैं। इससे प्राईवेट ट्यूशन को प्रोत्साहन मिलता है। विद्यालयो में शिक्षक कठिनाई से पाठ्यक्रम पूरा करते हैं। छात्रों को प्रश्नों के मॉडल उत्तर लिखने-लिखाने के लिए उन्हें समय नहीं मिलता। घरों में प्राईवेट ट्यूशन में भी छात्रो को उत्तरों की कार्बन कॉपी ही मिलती है। किन्तु अप्रमाणित पॉकेट पुस्तकों तथा निम्न स्तर की गाइड पुस्तकों पर प्रतिबन्ध लगना चाहिए।

प्रत्येक विद्यालय में प्रात. अथवा सायं विशेष ट्यूटोरियल कक्षाओ का आयोजन करके छात्रो को प्राईवेट ट्यूशन व घर-घर जाने के अभिशाप से बचाया जा सकता है। इसके लिए अल्प मात्रा में अतिरिक्त शुल्क भी लिया जा सकता है। भारतीय शिक्षा की महान परम्पराओं को समर्पित कुछ शिक्षक रविवार या अन्य अवकाशों में अतिरिक्त कक्षाएं लेकर आदर्श प्रस्तुत कर सकते हैं। नालन्दा, तक्षशिला और उज्जैन के शिक्षा केन्द्र हमारे प्राचीन आदर्श है। डाक्टर अमर्त्य सेन ने शिक्षा और समाज कल्याण के विषय में जो उद्गार प्रकट किए है उनसे राष्ट्र को प्रेरणा लेनी चाहिए। साधन सम्पन्न विद्यालयो में ग्रीष्मावकाश मे एक महीने तक विशेष ट्यूटोरियल कक्षाओं का आयोजन करके कमजोर छात्रो को राहत दी जा सकती है।

कक्षा 6 से 10 तक प्रत्येक विषय में न्यूनतम उत्तीर्णांक 15 प्रतिशत निर्धारित कर दिए जाएं तो परीक्षाओं के विषय में राष्ट्रीय धारणा बदलेगी। राष्ट्र के समय, संसाधन तथा शक्ति का दुरुपयोग रोका जा सकेगा। शिक्षा का लक्ष्य छात्रों / छात्राओं का शारीरिक, मानसिक, नैतिक, सर्वांगीण विकास करना होना चाहिए। 15-33-45-60-100 के अन्तराल से ग्रेड निर्धारित किए जा सकते हैं। जो छात्र किसी विषय मे या सम्पूर्ण योगफल मे 15 प्रतिशत से अधिक और 33 प्रतिशत से कम अक प्राप्त करते हैं, उन्हें उत्तीर्ण के स्थान पर प्रोन्नत घोषित किया जा सकता है। प्रत्येक छात्र का ग्रेड सभी विषयों के प्राप्तांकों के योगफल की प्रतिशत संख्या के आधार पर निर्धारित किया जा सकता है। प्रत्येक छात्र का ग्रेड सभी विषयो के प्राप्तांकों के योगफल की प्रतिशत संख्या के आधार पर निर्धारित किया जा सकता है। यदि प्रत्येक विषय में 10 प्रतिशत अंक वार्षिक लिखित कार्य, उपस्थिति, कक्षा मे अनुशासन तथा मौखिक परीक्षा के आधार पर विषय अध्यापक द्वारा किए गए मूल्याकन के माध्यम से प्रदान किए जा सकें तो छात्रो/छात्राओ को वर्षभर नियमित रूप से काम करने की प्रेरणा मिलेगी। कक्षा 9 तक सभी परीक्षाएं गृह परीक्षा के रूप मे आयोजित की जा सकती हैं। कक्षा 10 की विभागीय परीक्षा राज्य या केन्द्रीय बोर्ड द्वारा आयोजित की जानी चाहिए। इस परीक्षा में कक्षा 9 तथा 10 का दो वर्षो का सम्पूर्ण पाठ्यक्रम सम्मिलित किया जाना चाहिए। कक्षा 10 की बोर्ड द्वारा सचालित परीक्षा में प्रत्येक विषय में लिखित परीक्षा के लिए 90 प्रतिशत अंक निर्धारित किए जा सकते है। शेष 10 प्रतिशत अंकों का आंकलन प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में गठित कक्षा 10 के विषय अध्यापकों की एक समिति द्वारा किया जा सकता है। प्राइवेट छात्रों के लिए इन 10 प्रतिशत अकों का आंकलन प्रत्येक विषय में वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रो के आधार पर किया जा सकता है।

कक्षा 11 में उन्ही छात्रों को प्रवेश दिया जाना चाहिए जो हाईस्कूल परीक्षा में प्रत्येक विषय मे न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करके उत्तीर्ण की श्रेणी में आते है। शेष छात्रो को प्रोन्नत की श्रेणी में रखा जा सकता है। किसी भी विषय में 15 प्रतिशत से कम अक प्राप्त करने वाले छात्रो को अनुत्तीर्ण की श्रेणी मे रखा जा सकता है। इन्टरमीडिएट स्तर पर प्रवेश के समय स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य होना चाहिए। एन.सी.सी. प्रत्येक छात्र तथा छात्रा के लिए आवश्यक होनी चाहिए। भारत के प्रत्येक युवक तथा युवती को राष्ट्र का सशक्त अनुशासित सैनिक बनाना इन्टरमीडिएट शिक्षा का लक्ष्य होना चाहिए। जिन छात्रों को इन्टरमीडिएट स्तर पर प्रवेश नहीं मिलता वे पत्राचार पाठ्यक्रमो तथा दूरस्थ शिक्षा प्रणाली द्वारा अपनी शिक्षा जारी रख सकते हैं।

कक्षा 11 तथा 12 में परीक्षाए बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जानी चाहिए। 33-45-60-100 के अन्तराल से यथावत 3 ग्रेड निर्मित किए जा सकते हैं। कक्षा 10, 11, 12 में जहां बोर्ड द्वारा परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं समाप्त करना उचित होगा। बोर्ड की परीक्षा से एक मास पूर्व प्रत्येक विद्यालय में एक पूर्व परीक्षा आयोजित की जा सकती है।

सरस्वती के प्रांगण मे बालकों के कोमल मस्तिष्कों मे जात-पात, हरिजन-गैरहरिजन, सवर्ण-दलित, शूद्र-अभिजात्य, अगडे-पिछड़े, अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक, आर्य-द्रविड़ इत्यादि शब्दों का भेदभाव प्रवेश न होने दे तो प्रजातान्त्रिक समाज तथा पंथ निरपेक्ष भारत के निर्माण के लिए आधार तैयार किया जा सकेगा। हमे मिलकर ऐसे भारत का निर्माण करना है जहां सभी धर्मो, सम्प्रदायों, जातियों, वर्गो तथा क्षेत्रों के लोग एकता, प्रेम और विश्वास के वातावरण मे रह सकें। कन्धे से कन्धा मिलाकर राष्ट्रीय जीवन में आगे बढ़ सके। मिलकर भारत की पवित्र सीमाओ की रक्षा कर सकें।

शिक्षण संस्थाएं राष्ट्र की भावनात्मक एकता के प्रारम्भिक केन्द्र हैं। सभी विद्यालयो मे देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता तथा राष्ट्रीय चरित्र की शिक्षा पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। यदि सभी माध्यमिक विद्यालयो के मुख्य द्वार के साथ निम्न अभिलेख अंकित किए जाएं तो राष्ट्र की भावनात्मक एकता सुदृढ़ बनाई जा सकेगी–

"हमारे विद्यालय ही पंथ निरपेक्ष भारत के राष्ट्रीय पूजा स्थल है जहां विभिन्न धर्मों, सम्प्रदायो, जातियों तथा वर्गो के बच्चे मिलकर एक साथ अध्ययन करते हैं। मिलकर खेलते, खाते और गाते हैं। मिलकर एक साथ प्रार्थना करते हैं। कदम से कदम मिलाकर आगे बढते हैं।

जब तक भारतीय विद्यालयों मे विभिन्न सम्प्रदायों, जातियों, वर्गो तथा क्षेत्रो के बच्चे मिलकर अध्ययन करते रहेंगे, मिलकर खेलते, खाते, गाते रहेंगे और एक साथ मिलकर प्रार्थना करते रहेगे, कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ते रहेंगे–तब तक संसार की कोई भी शक्ति भारत की एकता, अखण्डता और आजादी को चुनौती नहीं दे सकेगी।"

देश 21वीं शताब्दी मे आगे बढ़ रहा है। समय की आवश्यकता है कि एक राष्ट्रीय आयोग गठित किया जाए जो प्राथमिक स्तर से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक की शिक्षा में सुधार के लिए, उसे राष्ट्रीय स्वरूप देने के लिए एक कार्यकारी राष्ट्रीय योजना प्रस्तुत कर सके। यदि यह आयोग राष्ट्र की शिक्षा समस्याएं हल करने मे राष्ट्र का मार्गदर्शन कर सके तो राष्ट्र के भावी निर्माण में ऐतिहासिक सहायता मिलेगी। शिक्षा सुधरेगी। लोकतन्त्र सुधरेगा। देश सुधरेगा।

यदि हम सम्पूर्ण राष्ट्र को शिक्षित करें, राष्ट्रीय जनसख्या नीति लागू करें, मेहनत, ईमानदारी और एकता से काम करें तो हमें विश्वास है कि निकट भविष्य में भारत के सभी समुदायों को सामाजिक, आर्थिक तथा शैक्षिक पिछड़ेपन की बेड़ियों से मुक्त किया जा सकेगा। देश को जातिवाद तथा साम्प्रदायिकता की राजनीति से मुक्त किया जा सकेगा। इसके पश्चात् किसी भी व्यक्ति को शिक्षा तथा रोजगार के क्षेत्रो मे जातीय आधार पर आरक्षण तथा विशेष सुविधाए देने की आवश्यकता नहीं रहेगी। तदोपरान्त राष्ट्र के सभी धर्मो तथा सभी जातियो के सामान्य छात्रो को जातीय आरक्षण के स्थान पर राष्ट्र का आर्थिक सरक्षण देना न्याय सगत होगा। उस स्थिति में प्राथमिक स्तर से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक किसी भी छात्र की जाति अंकित करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। किसी भी सरकारी रिकार्ड में जाति का स्तम्भ समाप्त किया जा सकेगा। तभी हम भारतीय सविधान की निम्न आकांक्षा पूरी कर सकेगे–

"भारतीय गणराज्य में किसी भी नागरिक के साथ जाति, धर्म, सम्प्रदाय, लिंग अथवा उपासना पद्धति के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाएगा।" ❑❑

एच.ए.वी. इंटर कालेज
सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

गृह-वातावरण के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों की व्यावसायिक रुचियों का अध्ययन

❑ विभा निगम

उच्च एवं निम्न गृह-वातावरण के छात्र एवं छात्राओं के सन्दर्भ में अलग-अलग अध्ययन करने पर उच्चस्तरीय गृह-वातावरण वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में अन्तर सार्थक नहीं पाया गया। जबकि निम्न स्तरीय गृह-वातावरण वर्ग के छात्र एवं छात्राओं के मध्यमानों में अन्तर सार्थक पाया गया अर्थात् निम्न स्तरीय गृह-वातावरण में जैसा वातावरण छात्रों को मिलता है वैसा छात्राओं को प्राप्त नहीं होता है। उच्च वर्गीय परिवारों की अपेक्षा मध्यमवर्गीय एवं निम्न वर्गीय गृह-वातावरण वाले परिवारों में सामान्यतः आज भी लड़कों को ही परिवार का भविष्य समझा जाता है।

व्यवसाय मानव जीवन का एक आवश्यक एवं महत्वपूर्ण पक्ष है। बाल्यावस्था से उत्तरोत्तर प्रत्येक बालक अपने भावी जीवन के सन्दर्भ मे अनेक धारणाएं बनाने लगता है, जिसमें उसके भावी जीवन की व्यवसाय सम्बन्धी कल्पनाएं एवं धारणाएं सर्वोपरि होती हैं। बालक की इन कल्पनाओं की सरिता को इसी समय उसकी योग्यता, क्षमता एवं रुचि अनुसार उचित प्रवाह / दिशा प्रदान किया जाना आवश्यक है क्योकि उसका भविष्य उसके वर्तमान पर निर्भर करता है।

वर्तमान युग व्यवसाय की दृष्टि से विशिष्टीकरण का युग है। नवीन तकनीकी और औद्योगिक विकास ने व्यावसायिक जगत को नूतन आयाम प्रदान कर अनेक व्यावसायिक क्षेत्र उपलब्ध करा दिए है। अत व्यवसाय का चयन एक महत्वपूर्ण निर्णय है, जो सभी व्यक्तियो के लिए स्व-निर्धारित प्रत्यय है। वे अपने भावी व्यवसाय का चयन अपनी भावी व्यावसायिक रुचियों के आधार पर करते हैं। वैसे तो बालक की व्यावसायिक रुचियों एवं भावी व्यवसाय को प्रभावित करने वाले अनेक कारक हैं किन्तु विभिन्न शोध कार्यो से यह उद्घाटित होता है कि व्यावसायिक रुचियों के निर्धारण में बालक की पारिवारिक पृष्ठभूमि एवं गृह-वातावरण की भूमिका सर्वोपरि होती है। गोयल (1967), देसाई (1974), सिन्हा (1978), हॉलैंड (1985), मौन्टगोमरी (1993) तथा फुलिग्नि (1996) आदि, जब कि कुछ शोध कार्य इसके विपक्ष में प्रमाण प्रस्तुत करते हुए सिद्ध करते हैं कि वर्तमान समय में व्यावसायिक रुचियां आवश्यक नहीं कि अभिभावकों या पारिवारिक पृष्ठभूमि के व्यवसायों से प्रेरित हो। पसरीचा (1942), ग्रेवाल (1971), जोशी (1972), तथा साकानिका (1994)।

अत. ऐसी ही कुछ संशयात्मक परिस्थितियों के फलस्वरूप शोधार्थिनी के मस्तिष्क में यह जिज्ञासा उत्पन्न हुई कि विद्यालयों में छात्रों को समान शैक्षिक सुविधाएं, अधिगम अनुभव तथा समान वातावरण प्राप्त होने पर भी उनकी व्यावसायिक रुचियों एवं क्षमताओ मे भिन्नता का क्या कारण है? तथा बालकों के गृह-वातावरण एवं उनकी व्यावसायिक रुचियों के मध्य कैसा सम्बन्ध है? किस प्रकार का गृह-वातावरणीय प्रभाव बालकों में कैसी व्यावसायिक रुचियो का बीजारोपण करता है? उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने के परिप्रेक्ष्य में ही निम्न समस्या पर शोध कार्य किया गया है।

समस्या कथन

'गृह-वातावरण के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों की व्यावसायिक रुचियों का अध्ययन'

अध्ययन के उद्देश्य

- विद्यार्थियों के गृह-वातावरण का अध्ययन करना।
- विद्यार्थियो की व्यावसायिक रुचियों का अध्ययन करना।
- गृह-वातावरण के परिप्रेक्ष्य मे विद्यार्थियो की व्यावसायिक रुचियो का अध्ययन करना।
- गृह-वातावरण के परिप्रेक्ष्य मे छात्र एवं छात्राओं की व्यावसायिक रुचियों का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकल्पनाएं

- छात्र एवं छात्राओं की व्यावसायिक रुचियों मे कोई अन्तर नहीं होता है।
- छात्र एव छात्राओं की व्यावसायिक रुचियो पर उनके गृह-वातावरण का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

न्यादर्श का चयन

प्रस्तुत शोध कार्य हेतु आगरा जनपद के बारहवीं कक्षा के 300 छात्र एवं छात्राओं को यादृच्छिक न्यादर्श विधि से चयनित किया गया है।

अध्ययन-उपकरण—विद्यार्थियों के पारिवारिक वातावरण को ज्ञात करने हेतु बीना शाह द्वारा निर्मित 'पारिवारिक परिवेश मापनी' तथा उनकी व्यावसायिक रुचियो का मापन करने हेतु एस. पी. कुलश्रेष्ठ द्वारा निर्मित 'व्यावसायिक रुचि प्रपत्र' का प्रयोग किया गया है।

प्रदत्त विश्लेषण हेतु प्रयुक्त सांख्यकीय प्रविधियां—प्रदत्त विश्लेषण हेतु मध्यमान, प्रामाणिक विचलन एवं क्रान्तिक अनुपात का प्रयोग किया गया है। छात्र-छात्राओं को निम्नस्तरीय एवं उच्चस्तरीय गृह-वातावरण के अन्तर्गत वर्गीकृत करने हेतु प्रथम एवं तृतीय चतुर्थांश (Q_1 and Q_3) की गणना की गई है।

परिणाम एवं व्याख्या—वर्तमान अध्ययन में जिन उद्देश्यो को लेकर प्रदत्तो का विश्लेषण किया गया उनसे प्राप्त उपलब्धियां एवं निष्कर्ष निम्न हैं—

विद्यार्थियों के गृह-वातावरण का अध्ययन— गृह-वातावरण मापनी पर प्राप्त छात्रों का औसत मान (M = 122), छात्राओ का औसत मान (M = 123) से अधिक है तथा दोनो में गृह-वातावरण के अन्तर की सार्थकता की जांच हेतु ज्ञात किया गया क्रान्तिक अनुपात मान (CR = 2.43) 0 05 स्तर पर सार्थक पाया गया।

अत. कहा जा सकता है कि आज भी व्यावहारिक रूप मे परिवारों में लडकियों की अपेक्षा लड़कों को अधिक स्नेहपूर्ण, प्रोत्साही एवं सुरक्षापूर्ण पारिवारिक वातावरण प्राप्त होता है। ऐसा इसलिए भी सम्भव है क्योकि भारतवर्ष में आज भी अभिभावक लडकों को व्यावसायिक एव आर्थिक रूप से व्यवस्थित करने की दिशा मे अधिक चिन्तित रहते है।

उच्च एवं निम्न गृह-वातावरण के छात्र एव छात्राओं के सन्दर्भ में अलग-अलग अध्ययन करने पर उच्चस्तरीय गृह-वातावरण वर्ग के छात्र एवं छात्राओ मे अन्तर सार्थक नही पाया गया (CR = 1.38)। जबकि निम्न स्तरीय गृह-वातावरण वर्ग के छात्र एवं छात्राओं के मध्यमानों में अन्तर सार्थक (CR = 25.66) पाया गया। अर्थात् निम्न स्तरीय गृह-वातावरण मे जैसा वातावरण छात्रों को मिलता है वैसा छात्राओं को प्राप्त नहीं होता है। उच्च वर्गीय परिवारों की अपेक्षा मध्यमवर्गीय एवं निम्नवर्गीय गृह-वातावरण वाले परिवारों में सामान्यतः आज भी लड़को को ही परिवार का भविष्य समझा जाता है।

विद्यार्थियों की व्यावसायिक रुचियों का अध्ययन—प्रतिदर्श मे सम्मिलित विद्यार्थियों के व्यावसायिक रुचि प्रपत्र द्वारा प्राप्त प्राप्तांकों में प्रबन्धक क्षेत्र (M = 11 8) में सर्वाधिक रुचि प्रदर्शित करते हुए इसे वरीयता क्रम में प्रथम स्थान तथा वैज्ञानिक (M = 11.5), सामाजिक (M = 11 04), कला (M = 10 7) क्षेत्रों को क्रमशः द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान तथा हृदयग्राही, (M = 9 98), गृह-निपुणता (M = 9 97), वाणिज्य (M = 7 29) तथा साहित्यक (M = 7 25) क्षेत्रों में विद्यार्थियो की रुचियां सामान्यतः औसत स्तर की पाई गई जबकि कृषि (M = 6 28) एवं रचनात्मक (M = 5 79) क्षेत्रो के सदर्भ मे विद्यार्थियो की रुचियां अति निम्न पाई गई।

छात्र एवं छात्राओं की व्यावसायिक रुचियों के मध्य अन्तर देखने पर मुख्य रूप से गृह-निपुणता एवं कला क्षेत्रों के मध्य क्रान्तिक अनुपात मान क्रमश. 10 76 तथा 2. 76 प्राप्त हुआ। जिसमें 0.01 स्तर पर सार्थक अन्तर पाया गया तथा वाणिज्य, रचनात्मक एवं सामाजिक क्षेत्रों के मध्य क्रान्तिक अनुपात मान क्रमश. 2.47, 2 02 तथा 1.98 प्राप्त हुआ जो 0.05 सार्थकता स्तर पर सार्थक पाया गया जबकि अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में दोनों वर्गो की

व्यावसायिक रुचियां लगभग समान स्तर की थी।

छात्र एवं छात्राओं की व्यावसायिक रुचियों में जिन क्षेत्रो में सार्थक अन्तर ज्ञात हुआ है उनमे छात्र और छात्राओ के मध्यमान मानों से स्पष्ट होता है कि छात्राओ ने जहा गृह-निपुणता, सामाजिक, कला एवं रचनात्मक क्षेत्रो के व्यवसायों को छात्रों की अपेक्षा अधिक मान्यता दी है वहीं छात्रो ने वाणिज्य क्षेत्र के व्यवसायों को अपेक्षाकृत अधिक महत्व दिया है।

अत. यह स्पष्ट होता है कि छात्र एवं छात्राएं व्यावसायिक रुचियो के दृष्टिकोण से सार्थक अन्तर रखते है। अत' प्रथम परिकल्पना अस्वीकृत होती है।

गृह-वातावरण के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों की व्यावसायिक रुचियों का अध्ययन

उच्च स्तरीय गृह-वातावरण के विद्यार्थियों की व्यावसायिक रुचियां— उच्च स्तरीय गृह-वातावरण वर्ग के विद्यार्थियों के व्यावसायिक रुचि प्रपत्र पर प्राप्त प्राप्तांको मे सर्वाधिक मध्यमान (M = 12.93) कला क्षेत्र के सन्दर्भ में प्राप्त हुआ। अत. कला क्षेत्र को वरीयता क्रम में प्रथम स्थान तत्पश्चात् सामाजिक प्रबन्धन एवं वैज्ञानिक क्षेत्रों में क्रमशः द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ स्थान तथा अन्य क्षेत्रों मे विद्यार्थियों की रुचिया औसत स्तर की हैं जबकि कृषि (M = 7.29) एवं रचनात्मक (M = 6 47) क्षेत्र के व्यवसायों में उच्चस्तरीय गृह-वातावरण के छात्रों की रुचियां निम्न स्तरीय पाई गई।

उच्चस्तरीय गृह-वातावरण वर्ग के छात्र एवं छात्राओ की व्यावसायिक रुचियों के मध्य अन्तर देखने पर सर्वाधिक अन्तर गृह-निपुणता क्षेत्र स्तर पर (C R. = 4 24, 0 01 स्तर पर सार्थक) के मध्य पाया गया। इसके अतिरिक्त कृषि, कला, एव प्रबन्धक क्षेत्र के मध्य भी छात्र एव छात्राओ की रुचियों में 0 05 स्तर पर अन्तर सार्थक पाया गया। जिसमें गृह-निपुणता एवं कला क्षेत्र के व्यवसायों मे छात्राएं तथा प्रबन्धन एवं कृषि क्षेत्र के व्यवसायो को छात्र अपेक्षाकृत अधिक मान्यता प्रदान करते हैं। शेष अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में छात्र एव छात्राओ की व्यावसायिक रुचियां लगभग समान स्तर की पाई गई।

निम्न स्तरीय गृह-वातावरण के विद्यार्थियों की व्यावसायिक रुचियां— निम्नस्तरीय गृह-वातावरण वर्ग के विद्यार्थियों के व्यावसायिक रुचि प्रपत्र पर विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रो में प्राप्त प्राप्तांको में सर्वाधिक मध्यमान (M = 11 96) गृह-निपुणता क्षेत्र के सन्दर्भ मे प्राप्त हुआ। अत. इसे वरीयता क्रम के प्रथम स्थान प्रदान किया गया तथा सामाजिक, कला एव प्रबन्धक क्षेत्र के व्यवसायो को क्रमश. द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान तथा अन्य व्यावसायिक क्षेत्रो में इनकी रुचिया लगभग सामान्य स्तर की पाई गई जबकि न्यूनतम मध्यमान रचनात्मक (M = 6.2) एवं वाणिज्य (M = 6.43) क्षेत्र के व्यवसायो मे प्राप्त हुए हैं। अतः यह स्पष्ट है कि इन क्षेत्रो के व्यवसायों में विद्यार्थियों की रुचियां निम्न स्तरीय हैं।

निम्नस्तरीय गृह-वातावरण के छात्र एवं छात्राओं की व्यावसायिक रुचियों के मध्य अन्तर देखने पर सर्वाधिक अन्तर गृह-निपुणता (C R = 7 6) तथा साहित्य (C R = 3 33) सम्बन्धी क्षेत्रो मे पाया गया जो 0 01 स्तर पर सार्थक था। इसके अतिरिक्त कला क्षेत्र (C.R = 2.01) मे यह अन्तर 0.05 स्तर पर सार्थक पाया गया। इन तीनो ही क्षेत्रो के व्यवसायों को छात्रों की अपेक्षा छात्राए अधिक वरीयता प्रदान करती है जबकि अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में दोनों वर्गो की रुचिया लगभग समान स्तर की पाई गई।

उच्च एवं निम्नस्तरीय गृह-वातावरण के विद्यार्थियों की व्यावसायिक रुचियो का तुलनात्मक अध्ययन—उच्च एव निम्नस्तरीय गृह-वातावरण के विद्यार्थियो की व्यावसायिक रुचियो मे हृदयग्राही, प्रबन्धन, वाणिज्य एवं वैज्ञानिक क्षेत्रो के सन्दर्भ मे दोनों समूहों में सार्थक अन्तर पाया गया। इन सभी क्षेत्रों में उच्चस्तरीय गृह-वातावरण वर्ग के विद्यार्थी अपेक्षाकृत उच्च रुचि रखते हैं।

उच्चस्तरीय तथा निम्नस्तरीय गृह-वातावरण वर्ग के छात्रों की व्यावसायिक रुचियों में हृदयग्राही कृषि, वैज्ञानिक, एवं प्रबन्धन क्षेत्र के सन्दर्भ में दोनों समूहों के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया। इन क्षेत्रो के मध्यमान मानों से यह भी स्पष्ट हुआ कि इन चारों ही क्षेत्रो मे उच्चस्तरीय गृह-वातावरण वाले छात्र अपेक्षाकृत अधिक रुचि रखते हैं।

छात्राओ की दृष्टि से उच्चस्तरीय एवं निम्नस्तरीय दोनों ही वर्गों की छात्राओं की व्यावसायिक रुचियो में प्रबन्धन (C R = 2 04), वैज्ञानिक (C.R = 2 02) गृह-निपुणता (C.R = 2 02) तथा कला (C R = 2 01) क्षेत्रों के सन्दर्भ में सार्थक अन्तर प्राप्त हुआ। इन क्षेत्रों के मध्यमान मानों से भी यह स्पष्ट होता है कि जहा प्रबन्धन, वैज्ञानिक एव कला क्षेत्र में उच्चस्तरीय

गृह-वातावरण वाली छात्राए उच्च रुचि रखती हैं वहीं निम्नस्तरीय गृह-वातावरण वाली छात्राएं गृह-निपुणता क्षेत्र के व्यवसायों को अधिक वरीयता प्रदान करती हैं।

अत. निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि गृह-वातावरण की दशाए विद्यार्थियो की व्यावसायिक रुचियो को प्रभावित करती हैं जिसका प्रमाण है उच्च स्तरीय एव निम्नस्तरीय गृह-वातावरण के छात्र एवं छात्राओ की विभिन्न व्यावसायिक रुचि क्षेत्रों के मध्य विद्यमान सार्थक अन्तर। अत॰ इस आधार पर द्वितीय परिकल्पना अस्वीकृत की जाती है।

अध्ययन से सम्बन्धित निष्कर्ष

उपर्युक्त शोध उपलब्धियों के आधार पर निम्न निष्कर्ष प्राप्त हुए--

- ☐ छात्र एवं छात्राओ की गृह-वातावरणीय परिस्थितियों में अन्तर होता है जिसमें छात्रों की स्थिति परिवार में अधिक स्वीकारात्मक होती है।
- ☐ विद्यार्थियों की व्यावसायिक रुचियो की प्राथमिकताओं के अन्तर्गत मुख्य रूप से प्रबन्धन, वैज्ञानिक, सामाजिक एवं कला क्षेत्र के व्यवसाय सम्मिलित है।
- ☐ छात्र एवं छात्राओं की व्यावसायिक रुचियों मे अन्तर पाया जाता है। जिसमे छात्र जहां मुख्य रूप से प्रबन्धन, वैज्ञानिक एव वाणिज्य क्षेत्र के व्यवसायों को अपेक्षाकृत अधिक महत्व प्रदान करते हैं। वही छात्राए गृह-निपुणता, सामाजिक एवं कला क्षेत्र के व्यवसायों को अधिक पसन्द करती हैं।
- ☐ उच्चस्तरीय एवं निम्नस्तरीय गृह-वातावरण वर्ग के विद्यार्थियों की व्यावसायिक रुचियो में अन्तर पाया जाता है।
- ☐ उच्चस्तरीय गृह-वातावरण वर्ग के छात्र जहा प्रबन्धकीय वैज्ञानिक एव हृदयग्राही जैसे उच्च व्यावसायिक क्षेत्रो में अधिक रुचि रखते हैं वहीं निम्नस्तरीय गृह-वातावरण वर्ग के छात्र मुख्य रूप से कला एवं सामाजिक क्षेत्रों के व्यवसायों मे अधिक रुचि प्रदर्शित करते हैं।
- ☐ उच्चस्तरीय एवं निम्नस्तरीय गृह-वातावरण वर्ग की छात्राओं की व्यावसायिक रुचियों में भी अन्तर पाया जाता है। उच्चस्तरीय गृह-वातावरण वर्ग की छात्राए जहां आधुनिकता का परिचय देते हुए प्रबन्धकीय एव वैज्ञानिक क्षेत्रों के व्यवसायों को अधिक महत्व देती हैं वहीं निम्नस्तरीय गृह-वातावरण वाली छात्राए परम्परागत रूप से गृह-निपुणता, सामाजिक एवं कला क्षेत्रो के व्यवसायो में अधिक रुचि रखती हैं।

अध्ययन की शैक्षिक उपादेयता

अभिभावकों हेतु महत्व एवं सुझाव— आज आवश्यकता इस बात की है कि विद्यार्थियों को भावी जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण पक्ष जैसे परिवार, समाज तथा व्यवसाय आदि में स्वस्थ समायोजन हेतु तैयार किया जाए। इस सन्दर्भ मे सुझाव है कि वे अपने पारिवारिक वातावरण को स्वस्थ बनाएं तथा लड़के और लड़कियो को समान स्नेह, अवसर, प्रेरणा व प्रोत्साहन प्रदान करें। अभिभावक बाल्यकाल से ही बच्चो के व्यवसाय के सन्दर्भ में स्वय ही योजनाएं न बनाएं और न ही अपनी अपूर्ण व्यावसायिक आकाक्षाओं की पूर्ति अपने बच्चों के माध्यम से करने का प्रयास करें वरन् बच्चो की रुचियो, क्षमताओं और कौशलों को पहचानें, इनका विकास करें तथा इससे सम्बन्धित शैक्षिक और भौतिक सुविधाएं प्रदान करें तभी बालक की अन्तर्निहित क्षमताओं और योग्यताओं का ईष्टतम उपयोग हो सकेगा तथा बालक भविष्य में पूर्ण रूप से समायोजित हो सकेगा।

शिक्षकों हेतु महत्व एवं सुझाव— इस शोध से यह आवश्यकता अनुभव होती है कि वर्तमान समय में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को उपयुक्त व्यावसायिक निर्देशन प्रदान करना चाहिए जिसके अन्तर्गत उन्हें विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रो की कार्य प्रकृति, उनमें अपेक्षित शैक्षिक अहर्ता एवं प्रशिक्षण आदि से परिचत कराया जाए जिससे वे अपनी रुचि के अनुसार अपनी भविष्यगत शैक्षिक योजनाएं निर्धारित कर भविष्य मे उपुक्त व्यवसाय का चयन कर सके। शिक्षक भी बालको की रुचियों और क्षमताओं को जानकर उनकी योग्यताओं और कौशल को पहचाने तथा उनका समुचित विकास करने का प्रयास करें। ☐☐

शिक्षा संकाय
दयालबाग एजुकेशनल इन्स्टीट्यूट
दयालबाग, आगरा, उत्तर प्रदेश

विद्यालयी प्रार्थना की आवश्यकता एवं इसके प्रति उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की अभिवृत्ति

❑ सुनील कुमार सिंह
❑ मुकेश कुमार

दिन का काम प्रार्थना से शुरू कीजिए और उसमें इतनी आत्मा उंडेलिए कि वह शाम तक आपके साथ बनी रहे। दिन का अन्त भी प्रार्थना के साथ कीजिए ताकि आपकी रात शांतिपूर्ण तथा स्वप्नों और दुःस्वप्नों से मुक्त रहे। प्रार्थना के स्वरूप की चिंता न कीजिए। स्वरूप कुछ भी हो, वह ऐसा होना चाहिए, जिससे भगवान के साथ हमारे मन की लौ लग जाए। इतना ध्यान रखिए कि स्वरूप कैसा भी हो, मगर आपके मुंह से प्रार्थना के शब्द निकलते समय आपका मन इधर-उधर न भटकने पाए।

भारतीय परंपरा मे आत्मोन्नति हेतु परंपरागत मान्यता के अनुसार प्रार्थना का स्थान सर्वोपरि रहा है। अतः व्यक्तिगत एव सामाजिक हित हेतु व्यक्तिगत एवं सामूहिक दोनो ही रूपो मे हमारे समाज मे प्रार्थना का प्रचलन प्राचीन काल से ही है। आधुनिक समाज में भी यह इसी प्रकार प्रचलित है। बीसवीं शताब्दी के शांति दूत महात्मा गांधी ने भी इसके महत्व का अनुभव किया। उनके अनुसार–

> "....दिन का काम प्रार्थना से शुरू कीजिए और उसमे इतनी आत्मा उडेलिए कि वह शाम तक आपके साथ बनी रहे। दिन का अन्त भी प्रार्थना के साथ कीजिए ताकि आपकी रात शांतिपूर्ण तथा स्वप्नों और दुःस्वप्नो से मुक्त रहे। प्रार्थना के स्वरूप की चिंता न कीजिए। स्वरूप कुछ भी हो, वह ऐसा होना चाहिए, जिससे भगवान के साथ हमारे मन की लौ लग जाए। इतना ध्यान रखिए कि स्वरूप कैसा भी हो, मगर आपके मुंह से प्रार्थना के शब्द निकलते समय आपका मन इधर-उधर न भटकने पाए।"

(भाषण साबरमती आश्रम की प्रार्थना सभा में)
"सम्पूर्ण गाधी वाङ्मय, 42.424-6, 17-1-1930"

